
दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता गुरुवार को 12वीं अंतरराष्ट्रीय प्लास्टइंडिया 2026 प्लास्टिक प्रदर्शनी और सम्मेलन में शामिल हुईं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 20 अंक: 37 पृष्ठ: 12
RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com
राष्ट्रीय संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## हरियाणाः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जेल वार्डरों के लिए खोला घोषणाओं का पिटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जेल वार्डरो के लिए खुले दिल से घोषणाओं का पिटारा खोला और जेल वार्डर की पदोन्नति, सेवा विस्तार और भत्तों में विसंगतियों को दूर किया।
मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब जेल वार्डर को 18 वर्ष की सेवा अवधि में हेड वार्डर के पद पर पदोन्नति मिलेगी, सुधारात्मक सेवा पदक विजेता वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को एक वर्ष के सेवा-विस्तार का लाभ मिलेगा, जेल वार्डर व हेड वार्डर को भी पुलिस कांस्टेबल के समान भत्ता मिलेगा, राशन भत्ते में भी आगामी वित्त वर्ष से अढ़ाई गुणा की बढ़ोतरी करते हुए 1500 रुपये किया गया, कन्वेयन्स भत्ता को 50 रुपये से बढ़ाकर 720 रुपये किया गया तथा वर्दी भत्ते को बढ़ाकर 7500 रुपये किया। इन घोषणाओं से जेल विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल और कार्यक्षमता बढ़ेगी।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को जेल प्रशिक्षण अकादमी, करनाल में दीक्षांत परेड समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज करनाल की यह पावन धरती देशसेवा, कर्तव्य निष्ठा और राष्ट्रभक्ति के अद्भुत दृश्य की साक्षी बन रही है। यह क्षण उन माता-पिताओं के लिए भी गर्व का है, जिनकी आंखों में आज अपने बच्चों को वर्दी में देखकर संतोष और आत्मविश्वास झलक रहा है। उन्होंने कहा कि इस नव-निर्मित जेल प्रशिक्षण अकादमी में प्रशिक्षुओं की पहली दीक्षांत परेड का हिस्सा बनकर मुझे खुशी का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह अवसर अनुशासन, सेवा, समर्पण और कर्तव्य बोध की आपकी उस यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है, जिसे आप सभी नव-प्रशिक्षित कर्मियों ने कठोर परिश्रम, संयम और आत्मनिष्ठा के साथ पूर्ण किया है। जीवन का स्मरणीय अध्याय है, जो आपको व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ-साथ समाज और राज्य के प्रति एक महान दायित्व से भी जोड़ता है।

# कांग्रेस ने संविधान से लेकर सिखों तक का अपमान कियाः मोदी

### प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर जमकर साधा निशाना, कहा- कितने ही नारे लगा लो, कब्र नहीं खोद पाओगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बजट सत्र के दौरान दोनों सदनों में भारी हंगामा जारी है। बुधवार को जहां विपक्षी सांसदों ने सदन के अंदर जमकर हंगामा किया था, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन टल गया था। अब पीएम मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में अपना भाषण दिया।
पीएम मोदी के भाषण के दौरान विपक्षी सांसद लगातार नारेबाजी करते रहे। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का भाषण है।

**खरगे पर पीएम मोदी का तंज**
अपने भाषण के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि देश आज तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इस बीच पीएम मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की उम्र को लेकर भी तंज कसा और कहा कि वे बैठ कर नारेबाजी करें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "मेरी एक प्रार्थना है खरगे जी के लिए वो बैठकर भी नारे लगा सकते हैं। ताकी उनको कष्ट नहीं हो।"

**विपक्षी सांसदों का राज्यसभा से वॉकआउट**
पीएम मोदी ने देश के युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि आज के नौजवान देश को आगे बढ़ा रहे हैं। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि हमें हर लक्ष्य को प्राप्त करना है। प्रधानमंत्री के भाषण के बीच विपक्षी सांसदों ने जमकर नारेबाजी की और फिर सभी ने वॉकआउट कर लिया। अपने भाषण के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि देश दिन-प्रतिदिन युवा होता जा रहा है और विश्व का भारत के प्रति आकर्षण बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत हर चुनौतियों का समाधान दे रहा है, तेज गति से अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और हर क्षेत्र में विश्वास से आगे बढ़ रहा है देश।

**बजट पर पीएम मोदी का भाषण**
राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा में बीते वर्ष देश के तेज प्रगति के विकास के वर्ष रहे हैं। जीवन के हर क्षेत्र में, समाज के हर वर्ग को उनके जीवन में परिवर्तन का ये कालखंड रहा है।



#### शक्ति का आशीर्वाद हमारे साथ हैः पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा, सबसे बड़ी बात विश्व के समृद्ध से समृद्ध देश भी बुजुर्ग होते जा रहे हैं। वहां की आबादी उम्र के उस पर पड़ाव पर पहुंची है, हम जिन्हें बुजुर्ग के रूप में जानते हैं। हमारा देश ऐसा है जो विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है, उसी समय दिनोंदिन हमारा देश युवा होता जा रहा है। युवा आबादी वाला देश है। उन्होंने कहा, जिस तरह भारत के प्रति विश्व का आकर्षण बढ़ा है, उसमें भी विश्व, भारत के टैलेंट का माहत्म्य समझ रहा है। आज हमारे पास दुनिया का बहुत ही महत्वपूर्ण युवा टैलेंट पुल है, जिसके पास सपने भी हैं, संकल्प भी है और सामर्थ्य भी है। शक्ति का आशीर्वाद हमारे साथ है। भारत आज विश्व में जो चुनौतियां पैदा हो रही हैं, उन चुनौतियों का समाधान देने वाला देश बना हुआ है।

#### हमारा देश युवा होता जा रहाः पीएम

पीएम ने कहा कि कहा, राष्ट्रपति ने बहुत ही बढ़िया तरीके से पूरी संवेदनशीलता के साथ इस विषय को हम सबके सामने प्रस्तुत किया है। राष्ट्रपति जी ने इस देश के मध्यम वर्ग, निम्न मध्यम वर्ग, गरीब, गांव, किसान, महिलाएं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कृषि... सभी विषयों को विस्तार से रखते हुए भारत की प्रगति का एक स्वर संसद में गूंजाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, देश के नौजवान भारत के सामर्थ्य को कैसे आगे बढ़ा रहे हैं, इसकी भी विस्तार से चर्चा की है। हर वर्ग के सामर्थ्य को उन्होंने शब्दांकित किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति एक विश्वास व्यक्त किया है। ये हम सभी के लिए प्रेरक है।

**दूसरा क्वार्टर क्यों है निर्णायक?**
पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का पहला क्वार्टर पूरा हो चुका है,



लेकिन यह दूसरा क्वार्टर भी उतना ही निर्णायक है, जैसे पिछली शताब्दी में भारत की आजादी की जंग में दूसरा क्वार्टर निर्णायक रहा था। उन्होंने कहा, मैं साफ साफ देख रहा हूं कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में ये दूसरा क्वार्टर भी उतना ही सामर्थ्यवान होने वाला है, उतनी ही तेज गति से आगे बढ़ने वाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज राष्ट्र का हर व्यक्ति ये महसूस कर रहा है कि हम एक अहम पड़ाव पर पहुंच चुके हैं। अब हमें न रुकना है, न पीछे मुड़कर देखना है।



आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने के एलान के बाद अब कांग्रेस ने भी अपना रास्ता अलग कर लिया है। कांग्रेस पार्टी ने घोषणा की है कि वह पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेगी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को 'परीक्षा पे चर्चा' करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विद्यार्थियों से संवाद का कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा अपने नवें संस्करण के साथ शुक्रवार सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष यह कार्यक्रम पहली बार देश के विभिन्न स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार परीक्षा पे चर्चा 2026 का सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री मोदी के यूट्यूब चैनल, दूरदर्शन तथा शिक्षा



मंत्रालय के सोशल मीडिया मंचों पर किया जाएगा। वेव्स ओटीटी, अमेजन प्राइम वीडियो, जियो, जी फाइव, सोनी लिव और स्पॉटिफाई पर भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपलब्ध रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप परीक्षा पे चर्चा का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है तथा परीक्षा को जीवन के एक उत्सव के रूप में देखने की भावना विकसित करना है।




## चुनाव आयोग ने पर्यवेक्षकों से कहा- पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करें

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** चुनाव आयोग ने असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के आगामी विधानसभा चुनावों में केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किए जाने वाले सामान्य, पुलिस तथा व्यय पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। यहां के भारतीय निर्वाचन प्रबंधन संस्थान में गुरुवार से शुरू यह दो दिवसीय बैठक तीन चरणों में होगी। आयोग के अनुसार कुल 1,444 अधिकारियों को ब्रीफिंग के लिए बुलाया गया है, जिनमें 714 सामान्य पर्यवेक्षक, 233 पुलिस पर्यवेक्षक और 497 व्यय पर्यवेक्षक शामिल हैं। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने



केंद्रीय पर्यवेक्षकों को संबोधित किया। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि पर्यवेक्षकों को आयोग के मार्गदर्शक दीप के रूप में चुना गया है। पर्यवेक्षकों की मौजूदगी 824 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावी मशीनरी को ऊर्जा प्रदान करेगी और वे स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करें। निर्वाचन आयुक्त डॉ. संधू ने कहा कि पर्यवेक्षक मैदान में तैनात चुनाव अधिकारियों के मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक की भूमिका निभाएं।

## स्पीकर के पीछे छिप रहे हैं पीएम मोदीः प्रियंका

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के पीछे "छिप रहे हैं। उन्होंने पीएम मोदी को नुकसान पहुंचाने की किसी भी योजना के दावे को "पूरी तरह झूठ" बताया। उनकी यह टिप्पणी बिरला के लोकसभा में दिए गए बयान के बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि पक्की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने मोदी से सदन में भाषण देने के लिए न आने को कहा था, क्योंकि कई कांग्रेस सांसद प्रधानमंत्री की सीट के पास पहुंचकर कोई "अप्रत्याशित हरकत" कर सकते थे।

**'सरकार स्पीकर से यह सब कहलवा रही है'**
गुरुवार को विपक्षी सदस्यों पर नाराजगी जताते हुए स्पीकर ने यह



भी कहा कि बुधवार को उनके कार्यालय में कुछ सांसदों का व्यवहार अनुचित था और इसे उन्होंने उस घटना को एक काले धब्बे जैसा बताया। इन आरोपों पर पलटवार करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि सरकार स्पीकर से यह सब कहलवा रही है, क्योंकि बुधवार को प्रधानमंत्री में सदन में आने की हिम्मत नहीं थी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, यह सरासर झूठ है। प्रधानमंत्री को नुकसान पहुंचाने या ऐसी किसी भी बात का सवाल ही नहीं उठता। ऐसी कोई योजना थी ही नहीं। उन्होंने आगे कहा कि यदि सत्तापक्ष अपने सदस्यों को मनमानी करने, किताबें कोट करने और अनर्गल बातें कहने की छूट देगा, तो विपक्ष विरोध करेगा।

**सरकार से पूछे तीखे सवाल**
प्रियंका गांधी ने तीखे अंदाज में कहा, लेकिन अगर आप अपने सदस्यों को किताबें कोट करने, बकवास करने देंगे, तो विपक्ष विरोध करेगा।

### हिमाचल प्रदेश की टीम ने जीती प्रतियोगिता, राजस्थान रही रनर-अप

## सीएम ने 69वीं अंडर-19 छात्रा हैंडबॉल स्कूल प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**कश्मीर ठाकुर**
**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज बिलासपुर जिले के घुमारवीं में नेशनल हैंडबाल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए अनेक क्रांतिकारी कदम उठा रही है ताकि वे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस वर्ष 1 मार्च के बाद राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में मोबाइल फोन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगायेगी तथा स्कूल परिसर में मोबाइल



लाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी विद्यार्थी के पास मोबाईल पाया गया तो उस पर 500 रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा, मोबाइल जब्त किया जाएगा और उसके माता-पिता को स्कूल बुलाकर समझाया जाएगा। बार-बार नियम तोडने पर तय एसओपी के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए शिक्षा विभाग जल्द ही मानक प्रक्रिया तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि स्कूलों में लंच टाइम के दौरान बच्चे मोबाइल में व्यस्त रहते हैं जिससे वह पढ़ाई पर ध्यान केंन्द्रित नहीं कर पाते। उन्होंने कहा कि सरकार केवल नए स्कूल खोलने पर नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं सरकारी स्कूल में पढ़े हैं, इसलिए स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा लागू करना बेहद जरूरी है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्कूलों में खेलों को बढ़ावा देगी और बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी प्रोत्साहित केरगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेश में खेल पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही है तथा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में खेल के मैदान बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में एशियन गेम्स में भाग लेकर हिमाचल लौटी प्रदेश की बेटियों को राज्य सरकार रोजगार उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता की विजेता हिमाचल प्रदेश टीम को 20 लाख रुपये की पुरस्कार राशि देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से प्रदेश के युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, इसलिए सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।



उत्तर भारत

ACTION INDIA

नई दिल्ली, 06 फरवरी 2026

दैनिक एक्शन इंडिया

http:// www.actionindialive.com



# इंडिया स्टोनमार्ट प्रदर्शनी नए राजस्थान के संकल्प का प्रतीकः भजनलाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) सीतापुरा स्थित मुग्धा कन्वेंशन हॉल में आयोजित भव्य समारोह में गुरूवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इंडिया स्टोनमार्ट 2026 का विधिवत उद्घाटन किया। इसके साथ ही 5 से 8 फरवरी तक चलने वाले चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय स्टोन उद्योग आयोजन का औपचारिक शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अपर मुख्य सचिव उद्योग शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव खान विभाग टी. रविकांत, रीको के कार्यकारी निदेशक डॉ. आकाश तोमर, लघु उद्योग भारती के संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र, आर.के. मार्बल के अध्यक्ष




अशोक पाटनी, प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज तथा इंडिया स्टोनमार्ट 2026 के संयोजक नटवरलाल अजमेरा सहित सीडॉस के उपाध्यक्ष दीपक अजमेरा और देश-विदेश से आए अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इंडिया स्टोनमार्ट केवल व्यापारिक आयोजन नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति, शिल्प परंपरा और औद्योगिक शक्ति का साझा मंच है। उन्होंने मंचासीन उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, संगठन मंत्री प्रकाश चंद, लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, व्यापारियों और श्रमिकों का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुनिया भारत को निवेश और बाजार के रूप में देख रही है। और संगमरमर व सैंडस्टोन जैसे प्राकृतिक संसाधन निवेश के लिए उभरते हुए क्षेत्र हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान में 85 प्रकार के खनिज पाए जाते हैं और लगभग हर जिले की अपनी विशिष्ट स्टोन पहचान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन, संसद भवन और सुप्रीम कोर्ट जैसे प्रतिष्ठित भवनों में राजस्थान के पत्थर का उपयोग हुआ है।

## मुख्यमंत्री ने वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट-वन स्टोन के विजन को साझा किया

राजस्थान के पत्थर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि एक बार सही निर्माण हो जाए तो मेंटेनेंस बेहद कम होता है। मुख्यमंत्री ने वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट0वन स्टोन के विजन को साझा करते हुए एमएसएमई, छोटे और मध्यम उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन देने की बात कही। उन्होंने श्रमिकों के सम्मान,उचित मजदूरी, सुरक्षा और स्किल एन्हांसमेंट कार्यक्रमों को सरकार की प्राथमिकता बताया। उन्होंने




उद्योग जगत से आह्वान किया कि वे टीम बनाकर आगे बढ़ें, आधुनिक तकनीक अपनाएँ और राजस्थान के पत्थर को वैश्विक बाजार तक पहुँचाएँ। सरकार आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है, ऐसा उन्होंने स्पष्ट किया।

# यूपी के गांव हो रहे हाईटेक, प्लास्टिक कचरे से बनी 75 किमी लंबी सड़क



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गांव अब स्वच्छता और नवाचार की नई पहचान गढ़ रहे हैं। प्लास्टिक कचरे से सड़क निर्माण, घर-घर कूड़ा संग्रहण कर उससे खाद निर्माण और आय सृजन के अभिनव प्रयोगों ने प्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य को हाईटेक बना दिया है। राजधानी लखनऊ समेत रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में प्लास्टिक कचरे से अब तक 75 किलोमीटर लंबी सड़कें तैयार की जा चुकी हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास का नया मॉडल पेश कर रही हैं। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में वेस्ट मैनेजमेंट का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में घर-घर से कूड़ा संग्रहण शुरू कर वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है। इस पहल से अब तक तीन करोड़ रुपये से अधिक की आय सृजित हो चुकी है। वहीं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों से 29 लाख रुपये की अतिरिक्त कमाई की गई है। इस योजना के तहत पंचायतीराज विभाग प्रदेश में वेस्ट टू वेल्थ मॉडल पर काम कर रहा है। पंचायती राज विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ गांव महाभियान के तहत कूड़े को संसाधन में बदला जा रहा है। प्लास्टिक कचरे का सदुपयोग कर सड़क निर्माण, जैविक कचरे से खाद उत्पादन और पंचायतों की आय बढ़ाने के ये प्रयोग प्रदेश के हर गांव को स्वच्छ, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इस योजना के जरिए प्रदेश के हर गांव में अभिनव प्रयोग किए जाएंगे। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह के अनुसार, विभाग ग्राम पंचायतों को नवाचार के माध्यम से मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। गांव-गांव स्वच्छता अभियान के साथ प्लास्टिक वेस्ट के यूटिलाइजेशन से न केवल पर्यावरण सुरक्षित हो रहा है, बल्कि करोड़ों रुपये की आय भी सृजित हो रही है।

# हत्या की तरह है चाइनीज मांझे से होने वाली मौतः सीएम योगी



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** प्रदेश में चाइनीज मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाया है। उनका मानना है कि किसी व्यक्ति की चाइनीज मांझे की वजह से होने वाली मृत्यु हत्या की तरह है। इस तरह के मामलों में संबंधित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि चाइनीज मांझा पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसके बावजूद इसकी उपलब्धता गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने पुलिस को प्रदेशव्यापी सघन छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान चाइनीज मांझे की बिक्री ही नहीं, बल्कि भंडारण व परिवहन पर भी कठोर नजर रखी जाएगी।

**जन-सुरक्षा से कोई समझौता नहीं: योगी**

सीएम योगी ने प्रदेश भर में विशेष अभियान चलाकर चाइनीज मांझे की आपूर्ति श्रृंखला को पूरी तरह तोड़ने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस अभियान की प्रगति और कार्रवाई की उच्च स्तर पर नियमित समीक्षा करने का भी निर्देश दिया है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि जनता की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। चाइनीज मांझा न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह आमजन, बच्चों और पशु-पक्षियों के लिए जानलेवा खतरा भी है।

**सख्ती**

**चाइनीज मांझे से हो रही दुर्घटनाओं पर मुख्यमंत्री का कड़ा रुख-उपलब्धता कैसे हो रही है चाइनीज मांझे**

# जब तक शरीर में खून की एक भी बूंद है, इस मिट्टी के लिए संघर्ष करेंगेः शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**मऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने मऊ भ्रमण के दौरान उसुरी कुटी, मधुबन में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत समाज, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। मंत्री ने संत रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। अपने संबोधन में मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा कि संत शिरोमणि श्री रविदास जी विलक्षण संत थे, जिनके विचारों को पूरा देश नमन करता है। उन्होंने समाज में व्याप्त



आडंबरों और अंधविश्वासों का विरोध करते हुए मानवता, समानता और आत्मशुद्धि का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि मन चंगा तो कठौती में गंगा जैसे विचार आज भी समाज को सदाचार और आत्मचिंतन की प्रेरणा देते हैं। मंत्री ने कहा कि संत रविदास जी का संदेश था कि ईश्वर की खोज बाहर नहीं, बल्कि अपने भीतर करनी चाहिए। यदि मन स्वच्छ और निर्मल हो, तो ईश्वर का साक्षात्कार संभव है। उनके विचार आपसी सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। ऊर्जा मंत्री ने जानकारी दी कि उसुरी कुटी के समग्र विकास हेतु वंदन योजना के अंतर्गत लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत का प्रस्ताव शासन स्तर पर प्रक्रियाधीन है, जिसे शीघ्र स्वीकृति मिलने की संभावना है।

इससे सुंदरीकरण, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार एवं श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित होंगी। उन्होंने बताया कि विद्युत सब स्टेशन की स्थापना, डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण, घाटों का विकास सहित कई परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और अन्य कार्य प्रगति पर हैं। पूर्व की सरकारों पर निशाना साधते हुए मंत्री ने कहा कि कभी मऊ का विकास ठहर गया था, कई जरूरी कार्य समय पर नहीं हो पाए।

# मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने जलुकबारी में लॉन्च किया 'बूथ विजय अभियान'

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने गुरुवार को आगामी विधानसभा चुनावों से पहले जमीनी स्तर पर पहुंच को मजबूत करने के मकसद से, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए लॉन्च किए गए 'बूथ विजय अभियान' के तहत जलुकबारी विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 32 के निवासियों से मुलाकात की। पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बूथ स्तर पर घर-घर जाकर लोगों से जुड़ने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि आने वाले चुनावों को देखते हुए, भाजपा ने आज 'बूथ विजय अभियान' नाम से एक अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत, हमारे कार्यकर्ता एक बूथ के हर घर में जाएंगे और हर घर में भाजपा का झंडा फहराएंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह काम लोगों की सहमति से किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सारा काम परिवार की इजाजत से किया जाएगा, उन्होंने मतदाताओं के साथ स्वैच्छिक भागीदारी और सीधे बातचीत पर पार्टी के फोकस को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि यह अभियान असम में जमीनी स्तर पर समर्थन जुटाने और भाजपा की संगठनात्मक उपस्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं दूसरी ओर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दिलीप सैकिया ने भी 'बूथ विजय अभियान' का आगाज अपने संसदीय क्षेत्र दरंग उदालगुड़ी में किया। उन्होंने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक घर में पहुंचकर लोगों से संवाद कर पार्टी के कार्यक्रमों से लोगों को अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा है कि यह रणनीति हाल ही में दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में तैयार किया गया। इसके तहत प्रत्येक सांसद एवं विधायक को अधिक से अधिक लोगों के घरों तक पहुंचकर संवाद करेंगे।

**संवाद**

**प्रत्येक सांसद एवं विधायक को अधिक से अधिक लोगों के घरों तक पहुंचकर संवाद करेंगे**



# अखिलेश यादव व राहुल गांधी को जनता धोखेबाज मानती है : केशव मौर्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि देश की जनता इन दोनों नेताओं को धोखेबाज मानती है। फतेहपुर जिले में केंद्रीय बजट को लेकर आयोजित एक प्रेसवार्ता में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार के बजट से देश के नौजवानों को लाभ मिलेगा। भारत और अमेरिका के टैरिफ मामले में उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया तो भारत झुका नहीं, अमेरिका ने 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत टैरिफ किया





तो कांग्रेस के राहुल गांधी को दर्द हो रहा है। कांग्रेस के सरकार में मनरेगा में हुए 14 लाख हजार करोड़ रुपये के घोटाले पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय मनरेगा के तहत यदि दिल्ली से 01 रुपया चलता था तो जिले तक आते आते 30 पैसा बचता था लेकिन अब भाजपा की सरकार में ऐसा नहीं है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि अगर कोई अपराध करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी जरूर की जाती है।

# कमिश्नरेट पुलिस का ट्रायल बेसः अब बाइक से गलियों में गश्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर।** शहर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए अब बाइक पर भी रात में पुलिस गश्त शुरू की गई है। अब चाहे शहर के भीतरी क्षेत्र की तंग गलियां हों या फिर बाहरी क्षेत्र में दुर्गम घाटियां, सभी जगह पुलिस की गश्त पहुंचेगी। शहर की गलियों में गश्त बढ़ाने के लिए तीन दिन पहले ट्रायल शुरू किया गया था। पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश ने ट्रायल बेस पर बुधवार देर रात 12 बजे जालोरी गेट से पुलिसकर्मियों को रवाना किया। नाइट गश्त के प्रभारी एडीसीपी (मुख्यालय) सुनील के. पंवार की देखरेख में गश्त के लिए बाइक्स को रवाना किया गया। पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने बताया कि तीन दिन पहले गश्त



की नई व्यवस्था लागू की गई। जिसके तहत बाइकों से कांस्टेबल भीतरी शहर सहित कई जगहों में जाकर गश्त कर रहे हैं। इसका असर यह हुआ कि पिछले तीन दिन में चोरी की रिपोर्ट नहीं आई है। कोशिश है कि बुजुर्ग, महिलाएं और रात में काम करने वाले लोगों में सुरक्षा का माहौल बने और वह सुरक्षित होकर घरों से निकलें और अपना काम करें। उन्होंने कहा कि पुलिस बाइक पर रात में हर जगह घूमती नजर आई।



**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस ने उत्तर प्रदेश में ऋण स्वीकृति की तस्वीर ही बदल दी है। अन्नदाता किसान जब पहले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण लेने जाता था तो 25 दिन से लेकर एक महीने तक इंतजार करना पड़ता था।**

### मप्र में एआई आधारित डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री से पारदर्शी व प्रमाणिक कृषि डेटा व्यवस्था हुई स्थापित

# किसानों को सशक्त बनाने किया जा रहा है तकनीक का प्रभावी उपयोगः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों को सशक्त बनाने और कृषि व्यवस्था को आधुनिक स्वरूप देने के लिए तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। एआई आधारित डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से राज्य में ग्रामीण डेटा प्रणाली को एक नई दिशा प्रदान की गई है। उन्नत तकनीक, पारदर्शी डेटा प्रबंधन और केंद्र-राज्य समन्वय से यह पहल किसानों के हित में मजबूत डिजिटल आधार तैयार कर रही है। इससे किसानों को योजनाओं का वास्तविक लाभ सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से खेत पर उपस्थित होकर फसल की फोटो लेकर जानकारी सुरक्षित की जा रही है, जिससे फसल संबंधी डेटा पूरी तरह प्रमाणिक हो रहा है। जियो-फेंसिंग तकनीक से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सर्वे केवल वास्तविक खेत स्थल पर ही किया जाए। सर्वे डेटा का त्रिस्तरीय सत्यापन एआई/एमएल सिस्टम और पटवारी स्तर पर किया जा रहा है। अन्य विभागों द्वारा भी इस डेटा का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। डीसीएस डेटा के आधार पर उपार्जन पंजीयन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा



कि सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इंटरनेट उपलब्ध न होने की स्थिति में भी सर्वे की विश्वसनीयता बनी रहे। सर्वे के दौरान ली गई फोटो की प्रामाणिकता और सही लोकेशन की पुष्टि प्रणाली द्वारा की जाती है। सर्वे केवल निर्धारित समयावधि में ही संभव है और समय सीमा के बाहर या मोबाइल समय में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ होने पर सर्वे स्वतः रुक जाता है। एआई या एमएल एल्गोरिदम के माध्यम से डेटा का क्रॉस-वेरिफिकेशन कर मानवीय त्रुटियों की संभावना को न्यूनतम किया गया है। फसल क्षेत्र, उत्पादन अनुमान और योजनाओं के क्रियान्वयन में डेटा-ड्रिवन निर्णय लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री को एकीकृत डिजिटल प्रणाली के रूप में विकसित किया गया है। इसमें किसानों की पहचान, भूमि विवरण और योजना संबंधी जानकारी का केंद्रीकृत पंजीकरण एवं सत्यापन किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में भूमि अभिलेखों का पूर्ण डिजिटल एकीकरण, स्थान आधारित रिकॉर्ड और बहु-स्तरीय डेटा जांच शामिल हैं। प्रत्येक किसान को 11 अंकीय विशिष्ट डिजिटल पहचान संख्या प्रदान की जा रही है, जिससे एक प्रमाणिक और सटीक किसान डेटाबेस (यूनिफाइड डिजिटल प्रोफाइल) तैयार हो रही है। फार्मर रजिस्ट्री के निर्धारित मानकों का 100 प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। एससीए योजना में भारत सरकार से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 713 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह व्यवस्था डुप्लीकेशन और फर्जी लाभार्थियों पर प्रभावी रोक लगाएगी और भविष्य की सभी डिजिटल कृषि योजनाओं की मजबूत नींव बनेगी।

# क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर युवक से 3.20 लाख का फ्रॉड

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुर।** शहर के भीतरी क्षेत्र चांदपोल के बाहर किला रोड पर रहने वाले एक युवक को क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर 3.20 लाख रूपयों की ठगी कर ली। निवेश किए गए रूपयों की का पचास फीसदी रिफण्ड मांगा तो टालमटोल जवाब दिया गया। बाद में उसे जान की धमकीं और दस लाख रूपयों की डिमाण्ड की गई। पीड़ित ने कोर्ट में इस्तगासे से अब सूरसागर थाने में इसकी रिपोर्ट दी है। पुलिस ने नामजद लोगों के खिलाफ पड़ताल आरंभ की है।

सूरसागर पुलिस ने बताया कि शास्त्रीनगर बी-100 हाल चांदपोल के बाहर किला रोड जोशियों की गली निवासी राकेश व्यास पुत्र स्व. ब्रजमोहन व्यास ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि भैरूबाग जैन मंदिर के पास रहने वाले सुनील दाधिच उसका पुराना परिचित है। गत साल फरवरी माह में सुनील दाधिच के मार्फत पाल के करण सुथार से जान पहचान हुई थी। बाद में पाली जिले के देवरा केसरियां कंवर के पास रहने वाले सुरेंद्र देवासी उर्फ सुरेश से पहचान कराई गई। पीड़िता का आरोप है कि उसको क्रिप्टो में निवेश के लिए कहा गया और बड़ा मुनाफा मिलने की बात बताई गई। अपने परिचित सुनील दाधिच के कहने पर उन लोगों की बातों में विश्वास करते हुए 25फरवरी 25 को 1.50 लाख रूपए दिए गए। बाद में उसे बताया गया कि 92 हजार का मुनाफा हुआ है।

### विकसित दिल्ली के सपने को पूरा करने में प्लास्टिक उद्योग की भूमिका अहम: रेखा गुप्ता

# दिल्ली को वैश्विक व्यापारिक केंद्र बनाने पर सीएम का जोर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भारत मंडपम में आयोजित प्लास्टइंडिया के 12वीं अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक प्रदर्शनी और सम्मेलन में शामिल हुईं। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक के नए विकास, रीसाइक्लिंग और सर्कुलर इकोनॉमी से जुड़ी तकनीकों को देखा। साथ ही देशभर में सफाई, कचरा अलग करने और सस्टेनेबल जीवनशैली का संदेश दे रही स्वच्छता यात्रा मोबाइल यूनिट से भी संवाद किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि विकसित दिल्ली के सपने को पूरा करने में प्लास्टिक उद्योग की अहम भूमिका है। जिम्मेदारी से उत्पादन 100 फीसद रीसाइक्लिंग, दोबारा उपयोग और नवाचार से यह क्षेत्र पर्यावरण की रक्षा के साथ रोजगार और विकास को भी बढ़ावा देता है। दिल्ली सरकार लगातार ऐसे कदम उठा रही है, जिससे राजधानी स्वच्छ, हरित और विकास की दिशा में आगे बढ़ती रहे। प्लास्टइंडिया प्रदर्शनी 5 से 10 फरवरी तक चलने वाला यह वैश्विक कार्यक्रम भारत सरकार के रसायन और पेट्रोकेमिकल्स विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। भारत नेक्स्ट" थीम के तहत प्लास्टइंडिया प्रदर्शनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के विजन के साथ जुड़ी हुई है। इसका फोकस मैन्युफैक्चरिंग के नेतृत्व वाली ग्रोथ और बड़े पैमाने पर रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक आत्मनिर्भर औद्योगिक आधार बनाने पर है। इस कार्यक्रम में 2,000 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक मशीनरी, कच्चे माल और सर्कुलर अर्थव्यवस्था से जुड़े समाधानों में हालिया नवाचार दिखाएंगे। पहली बार, प्लास्टइंडिया की जीरो वेस्ट एग्जिबिशन के तौर पर योजना बनाई गई है। उस स्थान पर पैदा होने वाले हर तरह के ठोस कचरे को अलग किया जाएगा।

## दिल्ली राज्य पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू




**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के विद्यालयों में पढ़ने वाले 200 दिव्यांग छात्रों ने गुरुवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित तीसरे दिल्ली राज्य पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 7 फरवरी तक किया जाएगा। दिल्ली नगर निगम के छात्रों ने आज प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मार्च पास्ट में भाग लिया। नगर निगम के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट विकास डागर की देख रेख में इस प्रतियोगिता में भाग लिया।
दिल्ली नगर निगम के 200 दिव्यांग छात्रों ने दृष्टिबाधित,बौद्धिक अक्षमता, मस्तिष्क पक्षाघात, ड्वार्फ, लोकोमोटर हाथ एवं पैर श्रेणियों में आयोजित 100 मीटर दौड़,लंबी कूद, गोला फेंक एवं चक्का फेंक गतिविधियों में भाग लिया।
नगर निगम के दिव्यांग छात्रों ने प्रतियोगिता के पहले दिन उम्दा खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए 124 पदक जीते। निगम विद्यालयों के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन दशार्ता है कि दिल्ली नगर निगम अपने विद्यालय ने छात्रों को हर संभव सुविधाएं प्रदान कर रहा है। नगर निगम अपने विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को हर संभव सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें।

# दिल्ली में खालिस्तान समर्थक नारे लिखने वाले सिख फॉर जस्टिस के दो गुर्गे गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल टीम ने सिख फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों ने गणतंत्र दिवस समारोह से ठीक पहले दिल्ली में दो जगहों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखकर माहौल खराब करने की कोशिश की थी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिल्ली में एम्बुलेंस ड्राइवर बलजिंदर और उसके साथी रोहित उर्फ कीर्थ के रूप में हुई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने कनाडा में रहने वाले सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख पन्नू के निर्देश पर काम किया। पन्नू ने उन्हें 26 जनवरी से कुछ दिन पहले सार्वजनिक जगहों पर नारे लिखकर सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने और शहर में अशांति फैलाने के लिए 2 लाख रुपये देने का वादा किया था। दोनों आरोपियों ने गणतंत्र दिवस से ठीक पहले दिल्ली में दो अलग-अलग जगहों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे थे। अधिकारी के अनुसार, जांच में पता चला कि यह साजिश कनाडा में रची गई थी, जहां पन्नू के एक करीबी सहयोगी ने आरोपियों के साथ तालमेल बिठाया था।

# घूसखोर पंडत की रिलीज रोकने के लिए हाई कोर्ट में याचिका



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स पर आने वाली फिल्म घूसखोर पंडत की रिलीज रोकने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की गई है। नेटफ्लिक्स ने मनोज बाजपेयी की इस फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज किया है।
वकील विनीत जिंदल के जरिये याचिकाकर्ता महेंद्र चतुर्वेदी ने कहा है कि इस फिल्म के जरिये ब्राह्मण समुदाय की गरिमा और छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई है। याचिका में कहा गया है कि ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स इंडिया ने वो इस फिल्म का प्रमोशन किया है और इसे प्रमोट करने वाली सामग्री का वितरण किया है। इस फिल्म के जरिये पंडत को भ्रष्ट और घूसखोर बताना अनैतिक और भ्रष्ट आचरण है।
याचिका में कहा गया है कि भारतीय समाज और उसकी परंपरा में ऐतिहासिक तौर पर पंडत का मतलब विद्वान, नैतिक, धार्मिक और आध्यात्म से जुड़ा हुआ माना जाता है, लेकिन फिल्म में एक समुदाय का मान-मर्दन किया गया है। ऐसा करना संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 25 का घोर उल्लंघन है।
याचिका में कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सबको अधिकार है, लेकिन संविधान के अनुच्छेद 19(2) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की भी सीमा है, जो हेट स्पीच और मानहानि या सामाजिक सौहार्द्र को खराब करने वाला न हो। याचिका में कहा गया है कि केंद्र सरकार ओटीटी प्लेटफार्म पर स्वतंत्रता का बेजा दरुपयोग करने वालों पर लगाम लगाने में नाकाम रही है। इसी नाकामी की वजह से व्यावसायिक लाभ के लिए सनसनी फैलाने वाले कंटेट परोसे जा रहे हैं।

# पिछले साल होली के दिन नशे में की गई थी हत्या, कोर्ट ने गैर-इरादतन मर्डर का दोषी ठहराया



**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली। तीस हजारी की एडिशनल सेशंस जज की कोर्ट ने पश्चिमी दिल्ली के नांगलोई इलाके में होली के दौरान हुई लड़ाई में एक युवक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में एक आरोपी को दोषी ठहराया है। कोर्ट ने आरोपी करण को हत्या न करने योग्य गैर इरादतन हत्या का दोषी पाया। एडिशनल सेशंस जज प्रिया महेंद्र ने धारा 304 के तहत आरोपी को दोषी ठहराते हुए कहा कि आरोपी ने पीड़ित मिथुन पर जानलेवा चोट पहुंचाने के इरादे से हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 18 मार्च, 2022 को होली के मौके पर, करण ने नशे की हालत में हनुमान टिंबर वाली गली, राजधानी पार्क, नांगलोई में मिथुन पर लकड़ी के डंडों और पत्थरों से हमला किया। गंभीर रूप से घायल मिथुन को संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चार दिन बाद 22 मार्च को उसकी मौत हो गई।
यह वीडियो भी देखें
कोर्ट ने फुटेज और चश्मदीदों की गवाही के आधार पर बचाव पक्ष के झूठे फंसाने के तर्क को भी खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि फुटेज में साफ दिख रहा है कि आरोपी बार-बार घटनास्थल पर लौट रहा था और बिना किसी उकसावे के पीड़ित को बेरहमी से पीट रहा था। लोग बीच-बचाव करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन इसके बावजूद आरोपी लात, घूंसे और डंडों से हमला करता रहा, जबकि पीड़ित पूरी तरह से बेसुध हो गया था। कोर्ट ने यह भी माना कि आरोपी का इरादा ऐसी चोटें पहुंचाने का था जिससे स्वाभाविक रूप से मौत हो जाए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण किसी भारी चीज से सिर में गंभीर चोट लगना बताया गया, जिससे दिमाग को नुकसान पहुंचा। कोर्ट ने एक गवाह के बयान पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि गवाह के बयान को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि घटनास्थल पर उसकी मौजूदगी फुटेज से साबित होती है। कोर्ट ने गवाह के बयान दर्ज करने में देरी और गवाहों के कथित असामान्य व्यवहार के संबंध में बचाव पक्ष के तर्कों को भी खारिज कर दिया।

### सोनम वांगचुक के बयान राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं

# सोनम की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 9 को



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लद्दाख के कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर गुरुवार को सुनवाई टाल दी। जस्टिस अरविंद कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका पर अगली सुनवाई 9 फरवरी को करने का आदेश दिया। उच्चतम न्यायालय ने 4 फरवरी को केंद्र सरकार से कहा था कि उसे सोनम वांगचुक की खराब होती जा रही तबीयत को ध्यान में रखते हुए उनकी हिरासत जारी रखने के फैसले पर दोबारा विचार करना चाहिए। कोर्ट ने केंद्र सरकार के वकील को इस संबंध में निर्देश लेकर कोर्ट को सूचित करने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान जस्टिस पीबी वराले ने कहा था कि क्या केंद्र सरकार सोनम वांगचुक की हिरासत जारी रखने पर दोबारा विचार कर सकती है। जस्टिस वराले का समर्थन जस्टिस अरविंद कुमार ने भी किया था। जस्टिस अरविंद कुमार ने कहा था कि सोनम वांगचुक पांच महीनों से हिरासत में हैं। उनकी तबीयत लगातार खराब हो रही है। कुछ उम्र संबंधी बीमारियां भी हैं। ऐसे में सरकार को हिरासत जारी रखने पर दोबारा विचार करना चाहिए। तब केंद्र सरकार की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) केएम नटराज ने कहा कि ये चिंता की बात है और वे इस पर निर्देश लेकर कोर्ट को सूचित करेंगे। दरअसल, सोनम वांगचुक की पत्नी अंजलि ने कहा था कि उन्हें एक विशेषज्ञ डॉक्टर से सलाह लेने की जरुरत है क्योंकि उन्हें बार-बार पेट में दर्द की शिकायत रहती है।
तब कोर्ट ने मेडिकल रिपोर्ट तलब किया था। पहले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि सोनम वांगचुक के बयान राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कहा था कि सोनम वांगचुक को जनमत संग्रह की मांग करके जहर फैलाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है।

# अभिनेता राजपाल ने जेल में किया आत्मसमर्पण



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।**
बॉलीवुड के मशहूर हास्य अभिनेता राजपाल यादव ने दिल्ली हाई कोर्ट के सख्त आदेश के बाद जेल में आत्मसमर्पण कर दिया है। यह मामला चेक बाउंस से जुड़ा है, जिसमें राजपाल यादव को सजा सुनाई गई थी। मामला 2010 का है, जब राजपाल यादव ने अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'अता पता लापता' बनाने के लिए मेसर्स मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से करीब 5 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था। फिल्म फ्लॉप होने के बाद कर्ज चुकाने में देरी हुई और दिए गए चेक बाउंस हो गए। कंपनी ने नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 के तहत केस दर्ज किया। ट्रायल कोर्ट ने राजपाल को 6 महीने की सजा सुनाई थी, लेकिन हाई कोर्ट ने सजा निलंबित कर समझौते का मौका दिया। राजपाल बार-बार समझौते और कोर्ट के वादों का पालन नहीं कर पाए। दिल्ली हाई कोर्ट (जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की बेंच) ने कई बार मोहलत दी, लेकिन अंत में 4 फरवरी 2026 तक सरेंडर का आदेश दिया। अभिनेता की ओर से एक हफ्ते की अतिरिक्त मोहलत और 50 लाख रुपये के इंतजाम का दावा किया गया, लेकिन कोर्ट ने इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि बार-बार डिफॉल्ट से कोई नरमी नहीं बरती जा सकती। राजपाल यादव ने कोर्ट में कहा कि वे आज ही सरेंडर करेंगे। अब जेल में सरेंडर के बाद वे सजा काटेंगे या आगे कानूनी विकल्प तलाशेंगे। यह घटना बॉलीवुड में उनके लिए बड़ा झटका है। कड़कड़डूमा कोर्ट ने राजपाल यादव को चेक बाउंस के मामले में दोषी करार देते हुए सजा सुनाई थी। हालांकि जून, 2024 में उच्च न्यायालय ने सजा को निलंबित कर दिया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि राजपाल यादव आदतन अपराधी नहीं हैं इसलिए उनकी सजा निलंबित की जाती है। दरअसल, कोर्ट ने चेक बाउंस केस में दोषी करार देने के बाद राजपाल यादव पर 1.60 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया था। कड़कड़डूमा कोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव की पत्नी राधा पर भी 10 लाख रुपये प्रति केस जुमार्ना लगाया था। दोनों को चेक बाउंस से जुड़े सात मामलों में यह सजा सुनाई गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने अनुराग ठाकुर को क्रिकेट संघ के साथ जुड़ने को दी अनुमति



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष अनुराग ठाकुर को क्रिकेट संघ के साथ जुड़ने की अनुमति दे दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि 2017 में जब उच्चतम न्यायालय ने अनुराग ठाकुर को बीसीसीआई के अध्यक्ष पद से हटाने का आदेश दिया था वो जीवन भर के लिए नहीं था। उच्चतम न्यायालय के इस आदेश के बाद अब अनुराग ठाकुर बीसीसीआई के काम में नियमों के मुताबिक हिस्सा ले सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने 2 जनवरी, 2017 को अनुराग ठाकुर को झूठा हलफनामा दाखिल करने और कोर्ट की अवमानना का दोषी पाया था। उच्चतम न्यायालय इससे काफी नाराज हुआ और अनुराग ठाकुर को बीसीसीआई के अध्यक्ष और अजय शिर्के को सचिव पद से हटा दिया था। बाद में कोर्ट में अनुराग ठाकुर के खिलाफ अवमानना का भी मामला चला था। अनुराग ठाकुर ने उच्चतम न्यायालय से बिना शर्त माफी भी मांगा था जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया था।

# एलआईसी का मुनाफा तीसरी तिमाही में 17 फीसदी बढ़कर 12,958 करोड़ रुपये

**राजस्व**

- जीवन बीमा कंपनी के मुताबिक कुल आय भी तीसरी तिमाही में बढ़कर 2,33,984 करोड़ रुपये हो गई




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवनी बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 दिसंबर को समाप्त अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एलआईसी का मुनाफा 17 फीसदी बढ़कर 12,958 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 11,056 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। एलआईसी ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-तिमाही के दौरान बीमा कंपनी की शुद्ध प्रीमियम आय बढ़कर 1,25,613 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 1,06,891 करोड़ रुपये रही थी। सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी के मुताबिक कुल आय भी तीसरी तिमाही में बढ़कर 2,33,984 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 2,01,994 करोड़ रुपये थी। एलआईसी का नए कारोबार से प्रीमियम चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में 10,605 करोड़ रुपये रहा।

# पहली सहकारिता आधारित टैक्सी सेवा भारत टैक्सी का शुभारंभ




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को विज्ञान भवन से देश की पहली सहकारिता आधारित टैक्सी सेवा भारत टैक्सी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी को आगामी तीन वर्षों के भीतर पूरे देश में शुरू किया जाएगा और यह टैक्सी चालकों के आर्थिक सशक्तीकरण का एक बड़ा माध्यम बनेगी। अमित शाह ने कहा कि फिलहाल भारत टैक्सी की शुरूआत गुजरात के कुछ शहरों के साथ दिल्ली और एनसीआर में की जा रही है लेकिन अगले तीन साल से भी कम समय में यह देश के हर राज्य और प्रमुख शहरों में उपलब्ध होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कश्मीर से कन्याकुमारी और द्वारका से कामाख्या तक भारत टैक्सी टैक्सी चालकों के कल्याण का एक सशक्त मॉडल बनेगी।

टैक्सी चालकों को सारथी की संज्ञा देते हुए शाह ने कहा कि अभी तक उनकी टैक्सी का पहिया किसी और की कमाई करता था, लेकिन भारत टैक्सी के माध्यम से अब वही पहिया उनकी अपनी कमाई और समृद्धि के लिए घूमेगा। उन्होंने कहा कि सहकार टैक्सी जो भी मुनाफा कमाएगी, उसमें से तीन वर्ष बाद केवल 20 प्रतिशत राशि सहकार टैक्सी के पास रहेगी, जबकि शेष 80 प्रतिशत राशि प्रति किलोमीटर की औसत के आधार पर सीधे सारथियों के खातों में स्थानांतरित की जाएगी। सहकार टैक्सी के मालिक भी स्वयं सारथी ही होंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत टैक्सी देश की माताओं और बहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने सारथी दीदी की अवधारणा का उल्लेख करते हुए बताया कि ऐप पर एक अलग विंडो के माध्यम से महिला यात्रियों के लिए महिला चालक उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे उनकी यात्रा और अधिक सुरक्षित हो सकेगी।
शाह ने स्पष्ट किया कि सरकार टैक्सी क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर रही है, बल्कि सहकारिता टैक्सी क्षेत्र में कदम रख रही है। सहकारिता का मूल उद्देश्य यह है कि छोटे-छोटे संसाधनों वाले लोग मिलकर बड़े कार्य कर सकें। भारत टैक्सी इसका एक अनूठा उदाहरण है।

- सरकार टैक्सी क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर रही है, बल्कि सहकारिता टैक्सी क्षेत्र में कदम रख रही है
- सहकारिता का मूल उद्देश्य यह है कि छोटे-छोटे संसाधनों वाले लोग मिलकर बड़े कार्य कर सकें

# कांग्रेस ने की डीटीसी कर्मचारी कल्याण कोष में हुए गबन की जांच की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) कर्मचारी कल्याण कोष में 22 लाख से अधिक राशि का डीटीसी के सोशल वेलफेयर विभाग के कर्मचारियों द्वारा गबन करने की जांच करने की मांग की। उन्होंने गुरुवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कर्मचारियों के कोष से जुड़े इस मुद्दे पर दिल्ली के उप-राज्यपाल और मुख्यमंत्री स्वयं हस्तक्षेप करके दोषी कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज करके अपराधिक और विभागीय कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि संभव हो तो उप-राज्यपाल अथवा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपनी सरकार के तहत डीटीसी विभाग में गड़बड़ी के इस मामले की जांच सीबीआई से भी करा सकते हैं। देवेंद्र यादव ने कहा कि लगभग 97 हजार करोड़ रुपये का घाटा झेल रही डीटीसी में कार्यरत कर्मचारियों के कल्याण कोष में 22 लाख की धोखाधड़ी होगी तो पब्लिक के लिए कर्तव्य निभाने में कैसे मानसिक रूप से स्वस्थ्य होकर अपनी ड्यूटी कर सकते हैं उन्होंने कहा कि अगर इस प्रकरण की निष्पक्ष और गहन जांच कराई गई तो डीटीसी में फैले संगठित भ्रष्टाचार एवं धोखाधड़ी के बड़े नेटवर्क का खुलासा होगा।
देवेंद्र यादव ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से भी अधिक समय से डीटीसी में मुख्य सर्तकता अधिकारी (सीवीओ) का पद खाली है। डीटीसी में सीवीओ के पद को अतिरिक्त प्रभार की व्यवस्था के तहत विभागीय अधिकारी को नाममात्र रखा गया है, जबकि इस पर आईपीएस अधिकारी की पूर्णकालिक नियुक्ति होनी चाहिए

# बजट किसान और किसानी से जुड़े हर उद्योग को कंगाल करने वाला होगा साबित: नैन

## केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में पेश किया गया बजट देश के किसानों और पोल्ट्री फार्म को बर्बाद करके रख देगा: नैन

**आरोप**

किसान नेता दलवीर नैन ने कहा कि सरकार पूंजीपतियों के इशारे पर काम कर रही है



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में पेश किया गया बजट किसान और किसानी से जुड़े उद्योग धंधों को एक प्रकार से बर्बाद करने वाला साबित होगा। उक्त आरोप बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस जिला महासचिव व किसान नेता दलवीर नैन ने लगाए। वे आज यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जबसे भाजपा सत्ता में आई है, तो उसने 2014 से 2026 तक का हर बजट किसान और युवा विरोधी बजट के रूप में पेश किया। उन्होंने कहा कि किसानों को हर बार बजट पर आस बनी रहती है कि सरकार किसानी से जुड़ी योजनाएं और कृषि को प्रथम स्थान पर रखकर ही बजट पेश करेगी, परंतु ऐसा होता नहीं है नतीजतन इस बार का बजट भी किसान विरोधी ही आया और किसानों को कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के किसानों और पोल्ट्री फार्म को बर्बाद करके रख देगा।

नैन ने कहा कि बजट में अमेरिका को 0 प्रतिशत आयात और भारत पर 18 प्रतिशत निर्यात कहां तक उचित है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और इसके बाावजूद सरकार के बजट में किसानों को सबसे पीछे रखकर योजनाएं बनाई जाती हैं। नैन ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में गेहूं की फसल का रेट 3500 रुपए से ऊपर है, लेकिन किसानों को न तो फसल के वाजिब रेट मिल पा रहे हैं और न ही कृषि यंत्रों पर किसानों के अनुसार अनुदान राशि दी जा रही है। नैन ने कहा कि सरकार पूंजीपतियों के इशारे पर काम कर रही है और उन्हीं की सुविधा के अनुसार बजट पेश करती आ रही है, इसलिए भारत का किसान आज पिछड़ गया है। नैन ने कहा कि आज दुनिया का हर देश तरक्की कर रहा है, लेकिन भारत में जो 2014 से पहले तरक्की थी, आज उसमें कमी देखने को आई है जबकि राष्ट्र अब तक विकसित देशों की सूची में होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य कारण यही रहा है कि हमारा देश कृषि प्रधान है और हमारी राजनीतिक पार्टी कृषि और कृषि संबंधित पहलुओं को छोड़कर अन्य प्रकार के व्यापारों पर ध्यान दे रही है, जिनका कोई आधार भारत राष्ट्र में नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को कमजोर बनाया जा रहा है, युवाओं को बेरोजगार किया जा रहा है व बुढ़ापा पेंशन को खत्म किया जा रहा है। उन्होंने बजट को नीरस करार देते हुए कहाकि इस बजट में ऐसी ऐसी योजनाएं बनाई गई हैं, जिन योजनाओं को कोई जानता या समझता भी नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी योजनाओं को बजट बनाने वाली भाजपा की वित्त मंत्री सीतारमण को भी नहीं पता कि इनका मूल रूप क्या है? इस अवसर पर कई अन्य कार्यकर्ता भी उनके साथ मौजूद थे।

# हरियाणा सरकार द्वारा बुढ़ापा पेंशन पर सख्त शर्तें लगाना बुजुर्गों का अपमान: बल्लू

**आरोप**

बुजुर्गों की पेंशन ताऊ देवी लाल ने लगाई थी, जिसे काटने का काम भाजपा कर रही है।



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद** भार्गव,
गुहला चीका। हरियाणा सरकार द्वारा बुढ़ापा पेंशन पर सख्त शर्तें लगाकर उनकी पेंशन काटना उनका सीधा सीधा अपमान करना है। उक्त ब्यान गुहला इनैलो के प्रधान बलकार ङ्क्षसह बल्लू ने लगाए। इनैलो नेता आज यहां अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की पेंशन ताऊ देवी लाल ने लगाई थी, जिसे काटने का काम भाजपा कर रही है। उन्होंने कहा कि पेंशन कटने से प्रदेश में बुजुर्गों के साथ साथ आम लोगों में भी रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व सासंदों व विधायकों को प्रति महीने लाखों रुपयों की पेंशन मिल रही है परंतु दूसरी तरफ सरकार बुजुर्गों की पेन्शन काट रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेंशन काटने के लिए बेतुकी शर्तें लगाई जा रही हैं, जबकि पेंशन अमीरी गरीबी की निशानी नहीं बल्कि यह केवल बुजुर्गों के सम्मान से जुड़ा हुआ मुद्दा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बुजुर्गों को बोझ समझने लगी है जबकि देवी लाल ने वृद्ध पेंशन की शुरूआत बुजुर्गों के सामाजिक सम्मान और सुरक्षा के उद्देश्य से की थी, लेकिन वर्तमान सरकार उसी पेंशन को बुजुर्गों से छीनने का काम कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जो सरकार बुजुर्ग माता-पिता के सम्मान की बात करती है, वही सरकार आज कागजी शर्तों में उलझाकर बुजुर्गों की जीवन रेखा काट रही है। यह सामाजिक न्याय नहीं, बल्कि संवेदनहीनता है। उन्होंने कहा कि इनैलो सुप्रीमो अभय चौटाला ने उक्त मुद्दे को लेकर मोर्चा खोल दिया है और इनैलो 20 फरवरी को पंचकूला में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। इनैलो नेता ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने वृद्ध पेंशन से जुड़ी कठोर शर्तें वापस नहीं लीं और काटी गई पेंशन बहाल नहीं की गई, तो इनैलो पार्टी विभिन्न किसान संगठनों को साथ लेकर तब तक सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी और सरकार को उसके तुगलकी फैसले को वापिस लेने के लिए मजबू कर देगी।

# बीट्स मोहाना में आयोजित युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 05 फरवरी।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के परियोजना अधिकारी विनित कादियान ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत बीट्स मोहाना में आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय गहन आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरूवार को समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा की स्थिति में समुदाय स्तर पर पहले उत्तरदाताओं के रूप में सक्षम युवाओं को तैयार करना था।

उन्होंने बताया कि इस सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान युवाओं को आपदा के तुरंत बाद उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक तकनीकी, शारीरिक और मानसिक कौशल प्रदान किए गए। प्रशिक्षण हरियाणा राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), जिला अग्निशमन विभाग, रेडक्रॉस, स्वास्थ्य विभाग, होम गार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की विशेषज्ञ टीमों द्वारा व्यावहारिक और पेशेवर तरीके से संपन्न कराया गया।

परियोजना अधिकारी ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपदाएं भले ही अचानक आती हों, लेकिन प्रभावी तैयारी से जनहानि को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवा आपदा मित्र आपदा की स्थिति में घटना स्थल पर सबसे पहले पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने में सक्षम होंगे और पेशेवर सहायता के पहुंचने तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह कार्यक्रम आपदा-प्रतिरोधी समाज के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है।

*प्रशिक्षण की प्रमुख गतिविधियां*
प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को खोज एवं बचाव (एसएआर) की आधुनिक तकनीकों का अभ्यास कराया गया

# नशा तस्करी मामले में तीसरा आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने एनडीपीएस के मामले में तीसरे आरोपी करण सिंह पुत्र सतपाल सिंह, निवासी नारायणा, तहसील नीलोखेड़ी को गिरफ्तार किया है।

एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज ने बताया कि उक्त मामले में पहले ही दो आरोपियों राजेंद्र पुत्र बबली राम व अमित पुत्र महेंद्र को काबू किया जा चुका है। इन आरोपियों के कब्जे से 25 ग्राम स्मैक नशीला पदार्थ तथा वारदात में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गई थी। इस संबंध में थाना कुंजपुरा में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गहनता से जांच के दौरान खुलासा हुआ कि काबू किए गए दोनों आरोपी उक्त नशे की खेप को अपने अन्य साथी करण से खरीद कर लाए थे। इस तथ्य के आधार पर पुलिस टीम द्वारा तीसरे आरोपी को भी काबू किया गया।

# हाईवे पर रास्ता मिलने तक जारी रहेगा किसानों का धरना: रतनमान



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 5 फरवरी (कुलदीप सैनी)** : उपमंडल के पोटली गांव में निमार्णाधीन अम्बाला-शामली हाईवे पर रास्ते की मांग को लेकर पिछले पांच महीनों से जारी किसानों के धरने पर वीरवार को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान पहुंचे। उन्होंने धरना स्थल पर मौजूद किसानों से मुलाकात कर उनके संघर्ष की सराहना की और आंदोलन को मजबूती से जारी रखने का आह्वान किया। इस मौके पर बीकेयू प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने कहा कि किसानों को उनका हक मिले बिना धरना समाप्त नहीं होगा। उन्होंने आंदोलन को शांतिपूर्ण और अनुशासित बताते हुए कहा कि किसान अपने अधिकारों की लड़ाई से पीछे नहीं हटेंगे। मान ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद कृषि मंत्री को समाधान के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक न तो कोई ठोस पहल हुई है और न ही किसानों से कोई संतोषजनक वार्ता की गई है। इस मौके पर बीकेयू जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर, सतपाल सैनी, रोशन लाल सैनी, निरंजन सिंह, बलजीत सिंह, यशपाल, जगदीश, जागीर सिंह, विशाल आदि मौजूद रहे।

# आज होगी सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 5 फरवरी (कुलदीप सैनी)** : सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक शुक्रवार 6 फरवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाएगी। बैठक का संचालन राष्ट्रीय मुख्यालय सत्यार्थ भवन, रादौर से किया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ समाजसेवी एवं नेशनल चीफ एडवाइजर चन्द्र किरण वर्मा करेंगे।

# विदेश भेजने के नाम पर 2.61 लाख की ठगी का आरोप, केस दर्ज

**रादौर, 5 फरवरी** (कुलदीप सैनी) : रादौर निवासी युवक ने विदेश भेजने का कार्य करने वाले अंबाला निवासी दो लोगों पर वर्क वीजा के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रादौर निवासी अमित कुमार सैनी ने बताया कि सोशल मीडिया पर उसने एक विज्ञापन देखा जिसमें वर्क वीजा पर विदेश भेजने की बात कहीं गई थी। इस विज्ञापन से फोन लेकर उसने उस कंपनी में फोन किया तो उन्होंने मिलने के लिए हमें अपने अंबाला कार्यालय में आने के लिए कहा। जहां उसकी मुलाकात राघव व उसके एक अन्य साथी से हुई। जिन्होंने मुझे वर्क वीजा पर आयरलैंड भेजने का भरोसा दिलाया। इसकी एवज में उन्होंने मेरे से साढ़े आठ लाख रुपए की डिमांड की। जिसमें से 55 हजार रुपए की राशि एडवांस देने को कहा गया। लेकिन आरोपितों ने आयरलैंड भेजने का भरोसा दिलाकर वीजा, फाइल और अन्य औपचारिकताओं के नाम पर अलग-अलग तारीखों में पीड़ित से कुल 2 लाख 61 हजार रुपये ले लिए। पीड़ित ने आरोपी के कहने पर बैंक ट्रांसफर व नकद भुगतान किया और अपने दस्तावेज भी सौंप दिए। आरोप है कि मेडिकल प्रक्रिया के नाम पर भी रुपये लिए गए, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी न तो वीजा लगा और न ही विदेश भेजा गया।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**
**क्र.सं. (1) ई-निविदा सं.: सी.डीईईजी-जी-आर-ओटीपी-25-26-37, दिनांक 30.01.2026**
**कार्यः-** इलेक्ट्रिकल (जी) काम का हिस्सा - **(1)** हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन में बीएसपी-डीपीएच खंड के बीच एलसी संख्या 369 के स्थान पर किमी 725/25-27 पर आर-यू-बी का निर्माण। **(2)** हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन पर बीवाईएल-डीजीएस खंड (किमी 739/3-5) के बीच एलसी संख्या 375 (उत्गन) के पास आर-यू-बी का निर्माण। **(3)** एनजीपी-एचडब्ल्यूएच मुख्य लाइन पर एनपीआई-डीजीएस खंड के बीच किमी 741/26 पर एलसी संख्या 376 के स्थान पर बॉक्स पुशिंग विधि द्वारा आर-यू-बी का निर्माण। **(4)** बीवाईटी-एचएन स्टेशन के बीच किमी 774/13-15 पर एलसी संख्या 389 के स्थान पर आर-यू-बी का प्रावधान। **(5)** हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन में एचएन-टीएलडी खंड के बीच एलसी संख्या 394 (खपारी गेट) के स्थान पर किमी 785/23-25 पर आर-यू-बी का निर्माण। **(6)** हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन में एसएलएच-एमडीएच खंड के बीच एलसी संख्या 406 के स्थान पर किमी 807/7-9 पर आर-यू-बी का निर्माण। **(7)** रायपुर डिवीजन के एमएक्सए-आरएसए खंड के बीच मानवयुक्त एलसी संख्या डीडी-8 के स्थान पर किमी 874/2-3 पर आरबी का निर्माण। **(8)** रायपुर डिवीजन के आरएसए यार्ड में मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग संख्या डीडी-19 के स्थान पर किमी 889/7-8 पर आर-यू-बी का निर्माण। **(9)** रायपुर डिवीजन के केवाईएस यार्ड में मानवयुक्त एलसी संख्या डीडी-59 के स्थान पर किमी 947/1-2 पर आर-यू-बी का निर्माण। **(10)** अंतागढ़ में गार्ड रूम और विश्राम कक्ष सहित आरपीएफ चौकी का निर्माण। **(11)** तारोकी में गार्ड रूम और विश्राम कक्ष सहित आरपीएफ चौकी का निर्माण। **(12)** रौघाट में गार्ड रूम और विश्राम कक्ष सहित आरपीएफ चौकी का निर्माण। **(13)** 07 बैरक में जिम (रायपुर, डब्ल्यूआरएस, बीवाईटी, बीआईए, बीएमवाई, दुर्ग, डीआरजेड में स्थित बैरक)।"
**निविदा मूल्य- रू. 1,10,66,855.6, बयाना राशि- रू. 2,05,300.00, निविदा प्रस्तुत करना-** दिनांक 02.03.2026, 11:30 बजे तक।
विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता का मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया सीनि.डीईई/जी/रायपुर कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें। मैनुअल ऑफर्स इस निविदा के विरुद्ध स्वीकार नहीं होंगे और यदि मैनुअल ऑफर्स प्राप्त होता है तो वह निरस्त कर दिया जाएगा।
वरि.मं.वि.अभि.(आरएसएंडजी)
पीआर/आर/सी.डीईई/आरएस&जी/एम/309 द.पू.म.रे., रायपुर
South East Central Railway @secrail

# गुरु रविदास जयंती पर 8 फरवरी को होगी शोभायात्रा: धर्म सिंह पिंकी



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 5 फरवरी (कुलदीप सैनी)** : गुरु रविदास जयंती पर 8 फरवरी को जिला स्तरीय शोभायात्रा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में श्री गुरु रविदास मंदिर सभा की ओर से रविवार 8 फरवरी को सुबह 10 बजे कपाल मोचन, बिलासपुर में जिला स्तरीय विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार करेंगे।

इस बारे में जानकारी देते हुए भारतीय दलित साहित्य अकादमी के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह पिंकी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान हवन-यज्ञ के माध्यम से सभी के सुख-शांति की कामना की जाएगी तथा गुरु रविदास जी की वाणी का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

जिले भर से श्रद्धालु गुरु रविदास जी महाराज का चित्र सजाकर शोभायात्रा में भाग लेंगे।

# साइबर क्राइम से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है जागरूकता : गीता चोपड़ा

**ट्रेनिंग प्रोग्राम**

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी ' विषय पर इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 05 फरवरी।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में सीबीएसई के सौजन्य से 'साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी ' विषय पर इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया ,जिसमें विद्यालय के 54 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन अमित दहिया के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि डिजिटल युग में हमारी जिंदगी इंटरनेट से पूरी तरह जुड़ चुकी है। ऑनलाइन बैंकिंग, शॉपिंग, सोशल मीडिया और डिजिटल पेमेंट ने लोगों का काम आसान बना दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही साइबर अपराधियों ने भी अपनी जड़ें गहरी कर ली हैं। इससे बचने के लिए समाज में जागरूकता लाना ही एकमात्र विकल्प है। इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम में शिक्षकों को साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में अवगत कराया गया। शिक्षक अब इन सभी पहलुओं को बच्चों के माध्यम से समाज तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि साइबर क्राइम इंटरनेट, मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से किया जाता है। इसमें डाटा चोरी, पहचान की नकली कॉपी बनाना, अकाउंट हैक करना या लोगों को झूठे वादों से फंसाकर ऑनलाइन ठगी करना शामिल है। साइबर अपराधी यूजर्स की डिजिटल पहचान, बैंक डिटेल या पर्सनल फोटो तक हैक कर लेते हैं और ब्लैकमेल या फ्रॉड के लिए इस्तेमाल करते हैं। वे फिशिंग ईमेल, फेक कस्टमर केयर नंबर और फर्जी वेबसाइट्स के जरिए लोगों को निशाना बना रहे हैं। मतलब थोड़ी सी लापरवाही भी आपकी मेहनत की कमाई को खतरे में डाल सकती है। ऐसे हालात में साइबर क्राइम से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है जागरूकता।

सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन अमित दहिया ने कहा डिजिटल इंडिया के साथ इंटरनेट यूजर्स की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन साइबर सुरक्षा की जागरूकता उतनी तेजी से नहीं बढ़ी। लोग अक्सर पब्लिक वाई-फाई या असुरक्षित लिंक पर क्लिक कर देते हैं, जिससे उनका डाटा हैक हो जाता है। उन्होंने शिक्षकों को बताया कि वे किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी साझा न करें, ऑनलाइन फ्रॉड कॉल व संदेशों से सतर्क रहें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं पोर्टल के बारे में भी जानकारी दी, ताकि किसी भी प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड की स्थिति में वे त्वरित रूप से अपनी शिकायत दर्ज करा सकें।


इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, निशा, रितु सिंह, श्वेता, नमिता, मधु, ज्योति, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, रेखा, पारुल, कावेरी, सरिता, मनीष, खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

**उत्तर मध्य रेलवे**
**L.No. JHS-ELG-W-T-32-2025-26** **दिनांक: 04.02.2026**
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **निविदा सं0:** झाँसी-ईएलजी-डब्ल्यू-टी-32-2025-26, **कार्य का विवरण:** विद्युत /सामान्य कार्यः- झांसी डीआरएम कार्यालय परिसर में सेवा भवनों का वातानुकूलन और अन्य संबंधित कार्य। | |
| **निविदा राशि (₹) :** ₹ 1,68,67,150/- मात्र | **बयाना राशि (₹) :** ₹ 2,34,300/- मात्र |
| **कार्य समापन अवधि:** 06 माह | **निविदा बंद होने की तिथि:** 27.02.2026, 15:00 बजे तक |

**नोट:** निविदाकार निविदा दिनांक 27-02-2026 को 15:00 बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेले के बेवसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखें। **262/26 (MG)**
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# कांग्रेसियों का रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहना सिख समाज का अपमान: बड़ौली



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)।** सिख समाज के अपमान पर भाजपा कार्यकताओं ने दूसरे दिन भी राहुल गांधी का पुतला फूंका और जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। लगभग हर जिले में कांग्रेस और राहुल गांधी की सिख विरोधी मानसिकता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की मौजूदगी में सुभाष चौक पर भाजपा कार्यकताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया और जमकर राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने सरदार रवनीत सिंह बिट्टू के अपमान को सिख समाज का अपमान बताया। श्री बड़ौली ने राहुल गांधी का पुतला दहन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मोहन लाल बड़ौली ने राहुल गांधी द्वारा रवनीत सिंह बिट्टू पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की मानसिकता हमेशा सिख समाज की विरोधी रही है। 1984 में सिख विरोधी दंगे हुए, सिखों का सरेआम कत्लेआम हुआ, लेकिन कांग्रेस नेताओं ने आज तक अपने किए पर न तो माफी मांगी और न ही कोई पश्चाताप दिखाया।

राहुल गांधी की मानसिकता आज भी वही है। श्री बड़ौली ने राहुल गांधी पर आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी ने जानबूझकर सिख समाज को अपमानित करने के लिए केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को ह्यह्यगद्दारह्णह्ण कहा और सिख समाज की भावनाओं को आहत करने का काम किया। श्री बड़ौली ने कहा कि सिख समाज का अपमान किसी भी परिस्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। रवनीत सिंह बिट्टू एक सिख परिवार से आते हैं जिनके दादा एवं पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह देश के लिए शहीद हुए थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की गद्दार वाली टिप्पणी अस्वीकार्य है। केंद्रीय मंत्री के खिलाफ राहुल गांधी द्वारा इस तरह के शब्दों का प्रयोग न केवल असंवैधानिक है, बल्कि सिख समाज की गरिमा पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को सिख समाज से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। एक सवाल पर बोलते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि जीरामजी गरीब और मजदूरों के लिए एक अच्छी योजना है। मनरेगा के तहत मजदूरों को 100 दिन का काम मिलता था, जबकि जीरामजी योजना के तहत 125 दिनों के काम की गारंटी मोदी सरकार ने दी है। जीरामजी योजना पारदर्शी योजना है और इसमें 10 हजार रुपये मजदूरों को अधिक मिलेंगे। एक अन्य सवाल पर मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस मुद्दाविहीन पार्टी है। कांग्रेस को राजनीति करने का बहाना चाहिए। किस योजना का लोगों को क्या फायदा और क्या नुकसान है इसका कांग्रेस नेताओं को ज्ञान नहीं है।

# बहन को कालेज से लेकर लौट रहे बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर

**प्रमोद भार्गव,टीम एक्शन इंडिया**
**गुहला चीका।** गुहला उपमंडल के गांव भागल में एक कार ड्राइवर ने बाइक पर जा रहे एक युवक रमण को टक्कर मारी, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक कालेज से अपनी बहन राखी को लेकर घर आ रहा था कि तेज रफ्तार से आ रही कार ने टक्कर मारी, जिसके चलते युवक की तो मौत हो गई ।

**भारतीय रेल**
**"सार्वजनिक सूचना"**
रेलवे लाइन और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्टस 50 हर्ट्ज ऐसी शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरी कर्षण लाइन को सब समय विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरी लाइन की समीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।

| खंड | दिनांक |
|---|---|
| दिल्ली सराय रोहिला यार्ड में वॉशिंग लाइन नंबर 1, वॉशिंग लाइन नंबर 2, वॉशिंग लाइन नंबर 3, वॉशिंग लाइन नंबर 4 एवं वॉशिंग लाइन नंबर 5 | 15.02.2026 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 389/26

# अंधेरा पहलू: ऑनलाइन गेमिंग ने ली तीन मासूम ज़िंदगियाँ





-सुनील कुमार महला

> "आज कई परिवार या तो बच्चों की डिजिटल आदतों पर ध्यान नहीं देते, या फिर अचानक सख्ती दिखाने लगते हैं-लेकिन दोनों ही तरीके नुकसानदेह हैं। वास्तव में, यह समस्या सिर्फ एक परिवार या एक शहर तक सीमित नहीं है। झाबुआ और भोपाल की घटनाएं भी बताती हैं कि सोशल मीडिया और रील्स की लत रिश्तों और संवेदनाओं पर भारी पड़ रही है। जब रोक-टोक होती है, तो टकराव पैदा होता है, और वही टकराव कभी आत्महत्या तो कभी हिंसा का रूप ले लेता है।"

हाल ही में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में नाबालिग किशोरियां कोरियन गेम की लत का शिकार हो गई,यह बहुत ही दुखद घटना है।खेल के साथ जिंदगियां भी खत्म हो गईं। दरअसल,ऑनलाइन गेम का टास्क पूरा करने के लिए तीन बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली,यह वास्तव में दिल दहलाने वाली घटना है। पाठकों को बताता चलूं कि गाजियाबाद में टीला मोड़ थाना इलाके में 3 फरवरी 2026 मंगलवार को ऑनलाइन कोरियन गेम लव गेम रात का टास्क पूरा करने के लिए भारत सिटी सोसायटी की नौवीं मंजिल से तीन बहनों ने एक साथ छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। इस संबंध में पुलिस को किशोरियों के कमरे से आठ पेज का सुसाइड नोट और एक डायरी मिली है। पुलिस ने दोनों को कब्जे में ले लिया है। तीनों के कमरे की दीवार पर मेक मी ए हार्ट ऑफ ब्रोकन लिखा हुआ मिला है। पुलिस ने बताया है कि फ्लैट की बालकानी से रात 2.15 बजे तीन बहनों ने छलांग लगाने की सूचना मिली थी। वास्तव में यह घटना एक ऑनलाइन गेम की लत और उस पर अत्यधिक निर्भरता से जुड़ी है। पुलिस ने यह पाया कि बच्चों को गेम खेलने से रोकने पर वे भावनात्मक रूप से टूट गए थे। बहरहाल,यह पहली बार नहीं है जब ऐसी घटना घटित हुई है।पहले भी ऑनलाइन गेम्स के कारण बच्चों/लोगों की जानें जा चुकी है। दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में ऑनलाइन गेमिंग (ऑनलाइन वीडियो गेम्स और मोबाइल गेम्स) से जुड़ी लत, तनाव और वित्तीय/मनोवैज्ञानिक दबाव के कारण कई घटक परिणाम सामने आए हैं, जिनमें कुछ मौतें, आत्महत्याएं और जानलेवा घटनाएँ शामिल हैं। यहां पाठकों को बताता चलूं कि वर्ष 2016-17 में ऑनलाइन गेम ब्लू व्हेल के कारण लोगों की जान चली गई थी। यह भी एक ऑनलाइन चैलेंज था और इसमें भी टास्क पूरे करने होते थे। वास्तव में कुछ टास्क खतरनाक होते थे, जिसमें लोगों की जान चली जाती थी।इसी प्रकार से साल 2018 में किकी चैलेंज बच्चों की बीच लोकप्रिय हुआ। इस टास्क में लोग कार को धीरे-धीरे चलाते हुए उससे बाहर आते थे और डांस करते थे। इस टास्क में कई लोग घायल हुए। इतना ही नहीं, मोमो चैलेंज भी 2018 में ही वायरल हुआ था। इसमें एक यूजर मोमो बच्चों को परेशान करता है। इसमें भी टास्क पूरा करने के लिए कहा जाता है, जिसमें खुद को नुकसान पहुंचाना भी शामिल था। इसी प्रकार से साल 2019 में मध्य प्रदेश के नीमच में 16 वर्षीय लड़के ने खबरों के अनुसार लगभग 6 घंटे लगातार पब-जी गेम खेलते रहने के बाद कार्डियक अरेस्ट (हार्ट अटैक) से मौत हो गई थी।परिवार के अनुसार वह गेम में इतनी लीन हो गया था कि अचानक स्वास्थ्य बिगड़ गया।पुणे में भी एक 27 वर्षीय युवक पब-जी खेलते समय अचानक गिर पड़ा और हृदयाघात/स्ट्रोक से उसकी मौत हुई। डॉक्टरों ने गेम की लत और मानसिक तनाव को एक कारण माना। मोबाइल गेम फ्री-फायर की लत के कारण (मध्य प्रदेश) में एक किशोर ने फांसी लगाकर अपनी जान ले ली।इसी प्रकार से इंदौर में एक 13 वर्षीय बच्चे ने ऑनलाइन गेम में हार और पैसे कटने के डर से आत्महत्या की, क्यों कि उसे यह डर था कि माता-पिता इसके लिए उसे डांटेंगे।राजस्थान के श्रीगंगानगर में भी एक युवक ने लूडो/ऑनलाइन गेमिंग में हानि के बाद कर्ज और तनाव के कारण आत्महत्या कर ली।यही नहीं, हाल ही में भोपाल में एक चौदह वर्षीय छात्र ने भी मोबाइल गेमिंग की लत के चलते फांसी लगा ली थी। बहरहाल, यदि हम यहां पर सरल शब्दों में बात करें तो हाल की घटनाएं यह दिखाती हैं कि आज के बच्चे और युवा डिजिटल दुनिया में कितनी गहराई तक फंसते जा रहे हैं। वे एक साथ दो दुनिया में जी रहे हैं-एक असली(वास्तविक) और दूसरी मोबाइल-स्क्रीन वाली आभासी दुनिया या यूं कहें कि वर्चुअल दुनिया। गेम और सोशल मीडिया बुरे नहीं हैं, लेकिन जब यही किसी की पहचान, खुशी और सहारे का एकमात्र जरिया बन जाएं, तो समस्या खड़ी हो जाती है। बहरहाल , मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार तीनों किशोरियां मोबाइल गेम की लत में थीं। पिता के रोकने पर उन्होंने यह कदम उठाया। हाल फिलहाल मामले की गहन जांच जारी है, लेकिन यह साफ है कि परिवार और बच्चों के बीच संवाद की कमी इस तरह की घटनाओं को जन्म देती है।

आज कई परिवार या तो बच्चों की डिजिटल आदतों पर ध्यान नहीं देते, या फिर अचानक सख्ती दिखाने लगते हैं-लेकिन दोनों ही तरीके नुकसानदेह हैं। वास्तव में, यह समस्या सिर्फ एक परिवार या एक शहर तक सीमित नहीं है। झाबुआ और भोपाल की घटनाएं भी बताती हैं कि सोशल मीडिया और रील्स की लत रिश्तों और संवेदनाओं पर भारी पड़ रही है। जब रोक-टोक होती है, तो टकराव पैदा होता है, और वही टकराव कभी आत्महत्या तो कभी हिंसा का रूप ले लेता है।असल सवाल यही है कि क्या हम ऐसा समाज बना रहे हैं, जहां मोबाइल की दुनिया इंसानी रिश्तों से ज्यादा ताकतवर हो गई है। इस संकट से बचने का रास्ता सख्ती नहीं, बल्कि समझ, संवाद और संतुलन है-ताकि बच्चे स्क्रीन के नहीं, जीवन के साथ जुड़े रहें। दूसरे शब्दों में कहें तो ऑनलाइन गेमिंग की बढ़ती लत पर नियंत्रण के लिए माता-पिता और सरकार दोनों की अहम भूमिका है।माता-पिता को यह चाहिए कि वे अपने बच्चों के स्क्रीन टाइम की स्पष्ट सीमा तय करें और मोबाइल-इंटरनेट के उपयोग पर निगरानी रखें।घर में खेल-कूद, पढ़ाई और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देकर बच्चों का ध्यान वैकल्पिक दिशा में मोड़ा जा सकता है।सच तो यह है कि बच्चे मिट्टी के घड़े होते हैं, जिन्हें कुम्हार की तरह सही हाथों से मनचाहा आकार दिया जा सकता है।माता-पिता और शिक्षक उस कुम्हार की भूमिका निभाते हैं, जिनका स्पर्श बच्चों का भविष्य गढ़ता है। वास्तव में सच तो यह है कि जैसी सोच, संस्कार और व्यवहार बच्चों को मिलते हैं, वे वैसे ही ढलते चले जाते हैं।प्रेम और धैर्य से दिया गया मार्गदर्शन उन्हें मजबूत बनाता है।डांट-फटकार की जगह समझ और संवाद उन्हें बेहतर इंसान बनाते हैं।अच्छे मूल्य बच्चों में आत्मविश्वास की नींव रखते हैं।गलत संगति या उपेक्षा उस कच्ची मिट्टी को बिगाड़ सकती है।इसलिए बचपन में दिया गया संस्कार जीवन भर साथ निभाता है।हर बच्चा अनोखा घड़ा है, जिसे अलग समझ की जरूरत होती है।समझदारी भरे हाथों में ही सुंदर और टिकाऊ व्यक्तित्व आकार लेता है। इसलिए इस क्रम में बच्चों से लगातार /सतत संवाद बनाए रखना और उन्हें ऑनलाइन खतरों के प्रति जागरूक करना भी जरूरी है।सरकार को भी यह चाहिए कि सरकार उम्र-आधारित नियमों के साथ सख्त कानून बनाए। होना तो यह चाहिए कि ऑनलाइन गेम्स में समय और खर्च की सीमा तय हो।स्कूलों में डिजिटल साक्षरता और काउंसलिंग कार्यक्रम शुरू किए जा् सकते हैं।अवैध और सट्टानुमा गेमिंग ऐप्स पर सख्ती से रोक लगाये जाने की आवश्यकता महत्ती है।

## संपादकीय

## जाति, न्याय और लोकतंत्र : एक असहज सच्चाई

भारत का लोकतंत्र केवल एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि एक नैतिक संकल्प है—समानता, न्याय और बंधुत्व का। संविधान की प्रस्तावना इसी संकल्प का उद्घोष करती है। परंतु आज जब हम अपने चारों ओर देखते हैं, तो यह प्रश्न असहज रूप से सामने खड़ा होता है कि क्या हम उस संकल्प के साथ न्याय कर पा रहे हैं या फिर लोकतंत्र का यह ढांचा भीतर से दरक चुका है, जहाँ कानून, व्यवस्था और सत्ता—तीनों ही जाति, वर्ग और पहचान की गिरफ़्त में हैं।

आज कानून बनते हैं, संशोधन होते हैं, नए-नए प्रावधान जोड़े जाते हैं, परंतु उनके पीछे की मंशा पर सवाल उठना स्वाभाविक हो गया है। क्या ये कानून नागरिक के लिए हैं, या किसी विशेष समूह, वर्ग या वोट बैंक के लिए जब विधायन का आधार तर्क और न्याय की जगह सामाजिक पहचान लेने लगे, तब लोकतंत्र का संतुलन बिगड़ना तय है। कानून का काम समाज को जोड़ना है, लेकिन यदि वही समाज को खाँचों में बाँटने का माध्यम बन जाए, तो यह स्थिति केवल चिंताजनक नहीं, बल्कि खतरनाक भी है।

न्याय व्यवस्था की भूमिका किसी भी लोकतंत्र में सबसे पवित्र मानी जाती है। न्यायालय वह स्थान है जहाँ अंतिम उम्मीद जाकर टिकती है। लेकिन जब यह धारणा बनने लगे कि न्याय की दहलीज पर पहुँचने से पहले व्यक्ति की जाति, हैसियत और राजनीतिक संरक्षण देखा जा रहा है, तो विश्वास की नींव हिलने लगती है। न्याय केवल निर्णय नहीं होता; वह भरोसा होता है। और जब यह भरोसा टूटता है, तो उसका असर केवल एक व्यक्ति पर नहीं, पूरे समाज पर पड़ता है। आज न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या, फैसलों में देरी, और कुछ मामलों में दिखता स्पष्ट या अप्रत्यक्ष पक्षपात—ये सब लोकतंत्र के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रश्नचिह्न हैं।

लोकतंत्र के नाम पर सत्य का क्षरण एक धीमी लेकिन निरंतर प्रक्रिया है। यह एक दिन में नहीं होता। पहले असुविधाजनक सवालों को राष्ट्र-विरोधी कहा जाता है, फिर आलोचना को षड्यंत्र बताया जाता है, और अंततः सच बोलने वालों को हाशिए पर धकेल दिया जाता है। जब संसद में बहसें समाधान से अधिक शोर बन जाएँ, जब मीडिया का एक बड़ा हिस्सा सत्ता का विस्तार बन जाए, और जब सामाजिक विमर्श भावनाओं के उकसावे तक सिमट जाए—तो समझ लेना चाहिए कि लोकतंत्र केवल औपचारिक रूप से जीवित है, उसकी आत्मा संकट में है।

समरसता की बातें हर मंच से होती हैं, लेकिन जमीनी सच्चाई इसके उलट दिखाई देती है। समाज में विभाजन गहराता जा रहा है—धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर, भाषा और क्षेत्र के नाम पर। सत्ता इन विभाजनों को पाटने के बजाय, अक्सर इन्हें साधन की तरह इस्तेमाल करती है। फूट डालो और राज करो अब इतिहास की किताबों में दर्ज कोई औपनिवेशिक नीति नहीं रही, बल्कि समकालीन राजनीति की एक प्रभावी रणनीति बन चुकी है। जब जनता आपस में उलझी रहती है, तब सत्ता से सवाल करने की ताकत कमजोर पड़ जाती है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
एक्शन इंडिया कार्यालय, अपोजिट एनएस कम्प्यूटर, झंडी रोड़, गीता भवन चौक सोनीपत- 131001

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

## एक मां, बीस जिंदगियां और अमर बलिदान

**कृति आरके जैन**

रानापुर गांव की साधारण-सी मिट्टी पर उस दिन असाधारण इतिहास अंकित हुआ, जब एक सामान्य महिला ने अद्वितीय साहस दिखाकर अपने प्राणों की आहुति दे दी। मध्य प्रदेश के नीमच जिले की कंचनबाई मेघवाल ने मधुमक्खियों के उग्र झुंड के सामने अडिग दीवार बनकर बीस मासूम बच्चों की रक्षा की। वह न कोई सैनिक थीं, न अधिकारी, न योद्धा—फिर भी उस क्षण वे साहस, ममता और त्याग की जीवंत प्रतिमा बन गईं। हजारों डंक सहते हुए भी उन्होंने बच्चों को अपनी बाहों में समेटा, सुरक्षित कमरों तक पहुंचाया और स्वयं पीड़ा के अथाह सागर में डूबती चली गईं। उनका यह बलिदान केवल एक घटना नहीं, बल्कि नारी शक्ति की अमर गाथा है, जो सदियों तक समाज को दिशा और प्रेरणा देती रहेगी।

कंचनबाई का जीवन संघर्षों की कठोर कसौटी पर गढ़ा गया था। पति गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे, घर की सारी जिम्मेदारियां पूरी तरह उनके कंधों पर थीं। एक बेटा और दो बेटियों का भविष्य संवारना उनका प्रतिदिन का संकल्प था। आर्थिक तंगी, सामाजिक चुनौतियां और पारिवारिक दायित्व—सब कुछ उन्होंने मुस्कान के साथ निभाया। आंगनवाड़ी केंद्र में भोजन बनाना उनके लिए केवल नौकरी नहीं, बल्कि बच्चों के प्रति स्नेह और सेवा का माध्यम था। वे हर बच्चे को अपने ही परिवार का हिस्सा मानती थीं। उनकी दिनचर्या में थकान थी, पर शिकायत नहीं; पीड़ा थी, पर निराशा नहीं। यही गुण एक साधारण स्त्री को असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचा देता है।

जब मधुमक्खियों का झुंड बच्चों पर टूट पड़ा, तब कंचनबाई पास ही कपड़े धो रही थीं। उन्होंने एक पल भी नहीं सोचा, न अपनी जान की परवाह की, न परिणामों का अनुमान लगाया। बिना किसी शोर, बिना किसी सहायता की प्रतीक्षा किए, वे दौड़ पड़ीं। बच्चों को दरी और तिरपाल में लपेटा, उन्हें ढाल बनाकर भीतर पहुंचाया और स्वयं खतरे के बीच अडिग खड़ी रहीं। यह क्षण महिलाओं की निर्णय क्षमता और मानसिक दृढ़ता का प्रतीक बन गया। संकट की घड़ी में उन्होंने सिद्ध कर दिया कि नारी कभी कमजोर नहीं होती, वह परिस्थिति आने पर सबसे मजबूत और विश्वसनीय कड़ी बन जाती है।

मातृत्व की भावना कंचनबाई के व्यक्तित्व की आत्मा थी। वे केवल अपने बच्चों की ही नहीं, बल्कि पूरे गांव के बच्चों की सजीव मां थीं। आंगनवाड़ी के वे मासूम चेहरे उनके लिए अपने ही परिवार का विस्तार थे। जब खतरा आया, तो उनका हृदय किसी अडिग कवच की तरह बच्चों के सामने खड़ा हो गया। उन्होंने अपने जीवन को तुच्छ समझकर बच्चों के भविष्य को सर्वोपरि रखा। यही मातृत्व का वास्तविक स्वरूप है—जहां स्त्री स्वयं को विस्मृत कर दूसरों का जीवन संवारती है। कंचनबाई ने मातृत्व को केवल जन्म तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे करुणा और संरक्षण का व्यापक, दिव्य रूप दिया।

## विचार

## जाने चले जाते हैं कहाँ लापता होने की अनसुलझी मिस्ट्री

**मनोज कुमार अग्रवाल**

देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में साल 2026 की शुरूआत बेहद चिंताजनक रही है. दिल्ली पुलिस के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 1 से 15 जनवरी 2026 के बीच 800 से ज्यादा लोग लापता हुए हैं. यानी लगभग हर रोज 54 लोग बिना किसी सूचना के गायब हो रहे हैं. इन लापता लोगों में सबसे ज्यादा महिलाएं और लड़कियां गायब हुई हैं. कुल मामलों में से लगभग 63% इसी श्रेणी के लोग हैं, बाकी पुरुष और लड़के हैं. यह आंकड़ा दिखाता है कि राजधानी में महिलाओं और नाबालिगों की सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा बन चुकी है।

साल 2026 के सिर्फ शुरूआती पंद्रह दिनों के भीतर राजधानी दिल्ली से 800 से ज्यादा लोगों का लापता हो जाना केवल एक चौंकाने वाला आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहरी चिंता भी पैदा करता है।

खुद दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार 1 से 15 जनवरी 2026 के बीच दिल्ली से कुल 807 लोग लापता हुए. इसका मतलब है कि हर दिन औसतन 54 लोग और लगभग हर घंटे में दो लोग राजधानी से गायब हो रहे हैं.807 लापता लोगों में 509 महिलाएं और लड़कियां शामिल हैं. यानी कुल मामलों में लगभग दो-तिहाई हिस्सा महिलाओं और किशोरियों का है. यह स्थिति उस शहर के लिए बेहद गंभीर सवाल खड़े करती है, जहां पहले से ही कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठते रहे हैं. दिल्ली पुलिस के अनुसार, अब तक केवल 235 लोगों का ही पता लगाया जा सका है, जबकि 3 फरवरी तक 572 लोग ऐसे थे, जिनके बारे में पुलिस के पास कोई ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं थी।

दिल्ली पुलिस में दर्ज रिपोर्टों में यह बात सामने आई है कि नाबालिगों में किशोरियों (12-18 वर्ष) का अनुपात बहुत अधिक होता जा रहा है, जिससे यह समस्या और गंभीर हो गई है कि ये केवल रोजमर्रा के खो जाने के मामले ही नहीं हैं. कुछ मामलों में अपहरण या अन्य अपराधी गतिविधियों का भी खतरा हो सकता है।

देश की राजधानी में रोजाना 50 से ऊपर लोग लापता होना सिर्फ आकड़ों का खेल नहीं है बल्कि यह हमारी सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी पर बड़े सवाल खड़े करता है. यह आंकडे स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि दिल्ली में सुरक्षा की चुनौतियां गम्भीर रूप ले चुकी हैं।

दिल्ली पुलिस आंकड़ों के अनुसार कुल 2026 के शुरूआती 15 दिनों में 807 लोग लापता दर्ज किए गए, वयस्कों के मामलों में 616 लोग लापता हुए, जिनमें 181 का पता चला (90 पुरुष और 91 महिलाएं), जबकि 435 वयस्क अभी भी लापता हैं. वहीं नाबालिगों के 191 मामले सामने आए, जिनमें से 48 बच्चों को ट्रेस किया गया (29 लड़कियाँ और 19 लड़के), जबकि 143 नाबालिग अब तक नहीं मिले हैं। गायब होने वालों में महिलाओं और बच्चों की बढ़ती संख्या ने मानव तस्करी, अपहरण और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े संकटों की आशंका को गहरा कर दिया है. ये आंकड़े केवल सरकारी रिकॉर्ड का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि सैकड़ों परिवारों के असहनीय दर्द और समाज में बढ़ती असुरक्षा की परतों को भी उजागर करते हैं।

दिल्ली पुलिस के आंकड़े बताते हैं कि 807 लापता लोगों में 191 नाबालिग हैं. इनमें 146 लड़कियां और 45 लड़के हैं. पुलिस के अनुसार इन मामलों में से लगभग 71 प्रतिशत का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है. आठ से बारह वर्ष की उम्र के 13 बच्चे और आठ वर्ष से कम उम्र के 9 बच्चे भी 1 से 15 जनवरी 2026 के बीच लापता हुए हैं, जो हालात की गंभीरता को उजागर करता है.दिल्ली ही नहीं बल्कि देश के दूसरे हिस्सों में भी लापता लोगों से जुड़ी जानकारी सालाना आधार पर राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट से मिलती रही है. अब तकनीक और केंद्रीकृत रिपोर्टिंग प्रणालियों के चलते ये आंकड़े तेजी से उपलब्ध हो रहे हैं. दिल्ली में लापता लोगों की समस्या कई वर्षों से चिंता का विषय बनी हुई है. बीते साल यानी 2025 में दिल्ली से कुल 24,508 लोग लापता हुए थे. इनमें 14,870 यानी 60 फीसदी से अधिक महिलाएं थीं. बीते दस वर्षों में दिल्ली से लगभग 2.51 लाख लोग गायब हुए हैं और इनमें से करीब 52,000 लोगों का आज तक कोई पता नहीं चल सका है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

## ठलुआई का लायसेंस

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

शहर के उस कोने में जहाँ नालियों का पानी और दर्शनशास्त्र की बातें एक साथ सड़ती हैं, वहाँ एक पुराने बरगद के नीचे 'मूर्ख शिरोमणि' सभा जमी थी। यहाँ चतुर लोग नहीं आते थे, क्योंकि चतुरों को डर था कि कहीं उनकी बुद्धि की किश्तें समय पर न चुकने के कारण जब्त न हो जाएँ। शुक्ल जी (जो कि मोहल्ले के इकलौते पढ़े-लिखे बेरोजगार थे और चतुर होने का दंड भुगत रहे थे) एक कोने में दुबक कर इस दृश्य को देख रहे थे। सामने एक शुद्ध उजड्डु बैठा था, जिसका पेट दुनिया के तमाम भ्रष्टाचारों को पचाने के बाद इतना बड़ा हो गया था कि उस पर एक छोटी-सी रियासत का नक्शा बनाया जा सकता था। वह उजड्डु नहीं था, वह तो साक्षात ईश्वर का वह अवतार था जिसने 'सोचने' की मेहनत को त्याग दिया था। उसके चेहरे पर वैसी ही शांति थी, जैसी किसी श्मशान में रात के दो बजे होती है। वह अपनी उँगलियों से नाक के बालों को सहलाते हुए जीवन के उस सत्य की व्याख्या कर रहा था, जिसे समझने के लिए बड़े-बड़े दार्शनिकों ने अपनी आँखें और बुद्धि दोनों फोड़ ली थीं। वह कह रहा था कि भाई, बुद्धि तो एक बीमारी है, जो एक बार लग जाए तो आदमी को अपनी परछाईं से भी डर लगने लगता है।

दरअसल, चतुर होना एक ऐसी सजा है, जिसमें आदमी खुद ही जेलर भी होता है और कैदी भी। शुक्ल जी ने देखा कि कैसे एक जाहिल व्यक्ति बिना किसी 'इंडियन पैनल कोड' की परवाह किए, एक डंडे के दम पर उस पूरी व्यवस्था को हाँक रहा था जिसे चतुर लोग फाइलों के अंबार में दबाकर बैठे थे। चतुर आदमी सलीके के रेशमी धागों में बँधा हुआ अपनी इज्जत की लाश ढोता है, जबकि उजड्डु आदमी अपनी नग्नता को ही अपना आभूषण बना लेता है। इस देश में चतुरों ने हमेशा पुल बनाए, सड़कें बनाईं और नियम रचे, लेकिन उन पर राज हमेशा उन्हीं का रहा जिन्होंने कभी स्कूल की दहलीज तक नहीं लांघी थी। राज करने के लिए दिमाग की नहीं, बल्कि उस 'गुर्दे' की जरूरत होती है जो केवल बेवकूफी की खाद पर पनपता है।

## विदेश नीति : भरोसा, मानवता और राष्ट्रीय हित की परीक्षा

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

भारत सरकार के केंद्रीय बजट 2026झ27 में विदेश मंत्रालय के लिए 22,118 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। इस बजट में नेपाल को 800 करोड़ रुपये, श्रीलंका को 400 करोड़ रुपये, भूटान को सबसे भरोसेमंद पड़ोसी मानते हुए 2,289 करोड़ रुपये तथा अफगानिस्तान को 150 करोड़ रुपये मानवीय सहायता के रूप में दिए जाने का प्रावधान किया गया है। यह तथ्य भारत की विदेश नीति की कूटनीतिक प्राथमिकताओं को तो रेखांकित करता है, साथ ही कई गंभीर प्रश्न भी खड़े करता है। क्या यह आवंटन घरेलू जरूरतों के अनुरूप है क्या भरोसे के आधार पर किया गया निवेश ठोस परिणाम देगा

विदेश के लिए 22,118 करोड़ रुपये का आवंटन यह संकेत देता है कि भारत वैश्विक मंच पर अधिक सक्रिय और प्रभावशाली भूमिका निभाने की महत्वाकांक्षा रखता है। पड़ोसी पहले, एक्ट ईस्ट, इंडो-पैसिफिक और वैश्विक दक्षिण जैसी नीतियां इस आकांक्षा का वैचारिक आधार हैं।

परंतु हमें यह देखना भी आवश्यक है कि क्या यह बढ़ा हुआ व्यय केवल कूटनीतिक विस्तार का प्रतीक है या वास्तव में राष्ट्रीय हितों में ठोस परिणाम देगा

भूटान को 2,289 करोड़ रुपये का आवंटन यह दशार्ता है कि भारत उसे अपना सबसे भरोसेमंद पड़ोसी मानता है। भारत-भूटान संबंध पारंपरिक रूप से मित्रतापूर्ण और स्थिर रहे हैं। जलविद्युत परियोजनाओं, सुरक्षा सहयोग और आर्थिक सहायता के माध्यम से भारत ने भूटान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

हालांकि आलोचक यह प्रश्न उठाते रहे हैं कि क्या लगातार बड़ी आर्थिक सहायता से भूटान की आत्मनिर्भरता प्रभावित नहीं होती क्या यह रिश्ता सहयोग से आगे बढ़कर निर्भरता की ओर तो नहीं जा रहा

यदि सहायता का उपयोग केवल बुनियादी ढांचे तक सीमित रह जाए और स्थानीय क्षमता निर्माण पर ध्यान न दिया जाए, तो दीर्घकाल में यह भारत और भूटान- दोनों के लिए चुनौती बन सकता है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि यहां भारत एक अच्छे पड़ोसी की भूमिका निभा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### एचएमएसआई ने दमदार नए डियो 125 एक्स-एडिशन के साथ क्लीन और एलिगेंट शाइन 125 लिमिटेड एडिशन लॉन्च किया

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज दो नए प्रोडक्ट्स लॉन्च किए डियो 125 एक्स-एडिशन, जिसकी कीमत ?87,733 है, और शाइन 125 लिमिटेड एडिशन, जिसकी कीमत रु 86,211 है (दिल्ली एक्स-शोरूम)। आज के बदलते राइडर्स को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किए गए ये दोनों स्पेशल एडिशन एक रिफ्रेश्ड आइडेंटिटी, आकर्षक नए ग्राफिक्स और प्रीमियम डिजाइन एन्हांसमेंट्स के साथ पेश किए गए हैं, जो तेजी से बढ़ते भारतीय टू-व्हीलर मार्केट में इनकी अपील को और बढ़ाते हैं। नए स्पेशल एडिशन पेश करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ श्री त्सुत्सुमु ओतानी ने कहा, होंडा में हम लगातार ऐसे प्रोडक्ट्स लाने का प्रयास करते हैं जो भारत के न्यू-एज राइडर्स की आकांक्षाओं से जुड़ें। बिल्कुल नया डियो 125 एक्स -एडिशन और शाइन 125 लिमिटेड एडिशन, स्टाइल की नई अभिव्यक्तियां पेश करने के साथ-साथ उस भरोसे और विश्वसनीयता को भी दर्शाते हैं, जिसकी उम्मीद ग्राहक होंडा से करते हैं। ये लिमिटेड एडिशन एक्सप्रेसिव डिजाइन को होंडा की भरोसेमंद क्वालिटी के साथ जोड़ते हैं, ताकि हर राइड आत्मविश्वास भरी और सहज महसूस हो।लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के डायरेक्टर सेल्स एंड मार्केटिंग, श्री योगेश माथुर ने कहा, डियो 125 एक्स -एडिशन होंडा की अपनी जेन` डिजाइन टीम द्वारा तैयार की गई बोल्ड और यूथफुल एनर्जी के साथ आता है, जो आज के युवा राइडर्स की व्यक्तिगत पहचान को दर्शाता है। वहीं, शाइन 125 लिमिटेड एडिशन एक क्लीन और टाइमलेस डिजाइन अप्रोच अपनाता है, जो मोटरसाइकिल के स्लीक स्कल्प्चर्ड फॉर्म और रिफाइंड लुक को उभारता है। इन नए एडिशन्स के साथ हमारा लक्ष्य राइडर्स को स्टाइल, कम्फर्ट और रोजमर्रा की भरोसेमंद परफॉर्मेंस का संतुलन देना है, ताकि वे सड़क पर आत्मविश्वास के साथ खुद को अभिव्यक्त कर सकें। दोनों मॉडल होंडा के सोच-समझकर किए गए डिजाइन और सभी के लिए सुरक्षित व सहज राइडिंग अनुभव पर फोकस को बरकरार रखते हैं।

### मैगी के भारत में 50 साल पूरे करने पर जारी किया स्मारक डाक टिकट

**पानीपत ।** नेस्ले इंडिया ने भारत में मैगी के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक विशेष उपलब्धि का जश्न मनाते हुए एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। इस डाक टिकट का अनावरण नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मनीष तिवारी ने भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान की उपस्थिति में किया। यह डाक टिकट मैगी की उस विकास यात्रा को समर्पित है, जिसमें ब्रांड ने समय से आगे रहते हुए एक अत्यंत लोकप्रिय श्रेणी के पर्याय के रूप में अपनी पहचान बनाई और पीढ़ियों से लोगों को एक साथ लाने का कार्य निरंतर किया। पिछले पाँच दशकों में मैगी ने नूडल्स और मसालों से लेकर सॉस, सूप और रेडी-टू-कुक पसंदीदा उत्पादों तक, कई स्वादिष्ट रूपों में भारतीय घरों में अपनी जगह बनाई है। झटपट बने अकेले भोजन से लेकर परिवार को एक साथ लाने वाले व्यंजनों तक, और हॉस्टल की रसोइयों से लेकर बड़े पारिवारिक आयोजनों तक, मैगी देश भर में अनगिनत भोजन पलों का हिस्सा रही है। 50 ईयर्स ऑफ टुगेदरनेस डाक टिकट इन साझा अनुभवों को समर्पित एक श्रद्धांजलि है, जो उस अपनापन, सुकून और जुड़ाव को दर्शाता है, जिसे मैगी आज भी भारत भर की थालियों तक पहुँचाती है। डाक टिकट के शुभारंभ की घोषणा करते हुए, नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मनीष तिवारी ने कहा, भारत में मैगी के लिए यह वास्तव में एक विशेष उपलब्धि है। हमारे जैसे जीवंत और विविधतापूर्ण देश में पाँच दशकों का सफर तय करना उस विश्वास, स्नेह और रोजमर्रा के प्रेम का प्रतीक है, जो लाखों उपभोक्ताओं ने इस ब्रांड पर निरंतर बरसाया है। यह उन साझा पलों, बदलते स्वादों और उस रिश्ते का उत्सव है, जो वर्ष दर वर्ष और पीढ़ी दर पीढ़ी और भी मजबूत होता गया है।

### गुहला एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने समाधान शिविर में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**गुहला चीका।** गुहला एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने वीरवार को एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याएं व शिकायतें सुनी।

# हरियाणा में जेल वार्डर व हेड वार्डर को भी पुलिस कांस्टेबल के समान मिलेगा भत्ता: नायब सैनी

**परेड समारोह**

**अब जेल वार्डर को 18 वर्ष की सेवा अवधि में हेड वार्डर के पद पर मिलेगी पदोन्नति**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कैथल रोड स्थित जेल अकादमी में आयोजित दीक्षांत परेड समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहुंचे। इस दौरान घोषणा करते हुए सीएम नायब सैनी ने कहा कि अब वार्डन से हेड वार्डन बनने के लिए 20 वर्ष की बजाय 18 वर्ष का समय लगेगा, बशर्ते वार्डन का रिकॉर्ड अच्छा हो।

उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में पदक प्राप्त कर्मियों को सेवा विस्तार का लाभ पिछले दो दशकों से मिलता रहा है, लेकिन चुनौतीपूर्ण ड्यूटी निभाने वाले जेल कर्मियों के लिए ऐसी कोई नीति नहीं थी। इस असमानता को दूर करने के लिए अब करेक्शनल मेडल प्राप्त करने वाले जेल विभाग के अधिकारियों और कर्मियों को एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस और जेल कर्मियों का जोखिम लगभग समान है, इसके बावजूद जेल वार्डनों को मिलने वाले भत्ते पुलिस विभाग के कांस्टेबलों की तुलना में काफी कम हैं। इसलिए जेल वार्डनों और हेड वार्डनों को पुलिस विभाग के कांस्टेबलों के समान भत्ता दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस समय जेल वार्डनों को राशन भत्ता 600 रुपए प्रति माह मिलता है, जिसे आगामी वित्त वर्ष में बढ़ाकर 1500 रुपए प्रति माह किया जाएगा। कन्वेंस भत्ता जो अभी 50 रुपए प्रति माह है, उसे 14 गुणा बढ़ाकर 720 रुपए प्रति माह किया जाएगा। इसी तरह वर्दी भत्ता 3 हजार रुपए से बढ़ाकर साढ़े 7 हजार रुपए प्रति वर्ष किया जाएगा। इन सभी घोषणाओं से सरकार पर कुल 26 करोड़ 35 लाख रुपए का वित्तीय भार पड़ेगा, जिसे सरकार सहर्ष स्वीकार करेगी।

राहुल गांधी द्वारा रवनीत बिट्टू को गद्दार कहे जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर 1984 की बात करें, तो कांग्रेस ने लोगों पर बहुत अत्याचार किए हैं। इतने लंबे अंतराल के बाद उनकी सरकार ने सिख दंगों के पीड़ितों को सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच और व्यवहार आज भी उसी मानसिकता को उजागर करता है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरदार उसकी पगड़ी का सम्मान है और इस तरह की बातें करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। पार्टी के मुखिया के तौर पर काम करने वाले व्यक्ति की ऐसी सोच चिंता का विषय है। संसद नहीं चलने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के पास कोई मुद्दा नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और विपक्ष उसे रोकने की कोशिश कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि कैदियों को शिक्षा देने के लिए जेलों के अंदर स्किल डेवलपमेंट कोर्स चलाए जा रहे हैं। यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि कैदी जेल से बाहर आने पर सम्मानजनक रोजगार पा सकें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ें।

### चोर ने तोड़े 9 दुकानों के ताले

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** जिले के घरौंडा कस्बे में रेलवे रोड पर बीती रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई। रात करीब सवा दो बजे के बाद एक चोर ने एक के बाद एक 9 दुकानों को निशाना बनाया। चोर ने गारमेंट्स, पेंट, मोबाइल, स्टेशनरी और जनरल स्टोर की दुकानों के ताले तोड़े और कीमती सामान व नकदी पर हाथ साफ किया। करीब एक घंटे तक रेलवे रोड पर चोर ने उत्पात मचाया, जिससे दुकानदारों में डर का माहौल बन गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। दुकानदार विजय गर्ग, रजत, मुरारी लाल, सुनील कुमार, सुरेंद्र कुमार सहित अन्य दुकानदारों ने बताया कि रेलवे रोड पर श्याम गारमेंट, गोयल फुटवियर, जैन वस्त्र भंडार, शिव क्लाथ हाउस, रामकुमार गर्ग गारमेंट, जैन क्लाथ हाउस, शिव चौक स्थित मोबाइल शॉप, ग्लोबल स्टेशनरी मार्ट और विनोद कुमार पेंट शॉप को चोर ने टारगेट किया।

### दुपहिया वाहन चोर काबू, दो मोटरसाइकिलें बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।**
जिला पुलिस की एंटी ऑटो व्हीकल थेफ्ट स्टाफ टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चोरी के मामले में आरोपी धीरज पुत्र सतीश कुमार निवासी शास्त्री नगर करनाल को नई अनाज मंडी से काबू किया गया। आरोपी के कब्जे से दो मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई हैं।

अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी द्वारा जिला करनाल के थाना शहर के क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम दिया गया था।

## बाल श्रम एवं बाल विवाह पर व्याख्यान आयोजित

**शिरकत**

**समन्वयक एमडीडी आफ इंडिया अशोक कुमार कैथल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** राजकीय कन्या महाविद्यालय चीका में आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन आज बाल श्रम एवं बाल विवाह जैसे गंभीर सामाजिक मुद्दों पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक एमडीडी आफ इंडिया अशोक कुमार कैथल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डा. जितेंद्र मोर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन में मुख्यातिथि अशोक कुमार ने छात्राओं को बाल विवाह, बच्चों से भिक्षावृत्ति करवाना और बाल श्रम के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने वास्तविक जीवन के उदाहरण देते हुए छात्राओं को प्रेरित किया कि यदि वे कहीं भी किसी बच्चे को बाल श्रम या बाल विवाह का शिकार होते देखते हैं, तो तुरंत अधिकारियों को इसकी शिकायत करें। ऐसे वंचित बच्चों की मदद के लिए सदैव आगे आएं। समाज को इन कुरीतियों से मुक्त करने में युवा शक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। व्याख्यान के उपरांत राष्ट्रीय स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण में श्रमदान किया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक पौधों की कटिंग की, क्यारियों की साफ-सफाई की और पौधों को पानी दिया। इस गतिविधि के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर एनएसएस वालेंटियर रजनी ने आए हुए अतिथियों और वक्ताओं का औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डा. शालिनी, डा. सुरभि, डा. शालू, प्रो. गुरनाम सिंह व प्रो. कवल सहित एनएसएस की सभी छात्राएं मुख्य रूप से मौजूद रहीं।

### अपनी चुप्पी को तोड़ और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों : डा. पूनम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला बाल संरक्षण कार्यालय के सौजन्य से जागरुकता अभियान के तहत सेंट थेरेसा कॉन 2012 की ट्रेनिंग दी गई। संरक्षण अधिकारी सुमन नैन द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई की जानकारी देते हुए बताया गया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत यह इकाई 0-18 वर्ष तक जरूरतमंद व बेसहारा बच्चों के हित व सुरक्षा के लिए काम करती है तथा विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीम की जानकारी दी गई।

डा. पूनम काउंसलर द्वारा बच्चों से आह्वान करते हुए कहा गया कि अपनी चुप्पी को तोड़ और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो। स्कूलों में बच्चों को दुराचार, अत्याचार व यौन शोषण का शिकार होने तथा बचने के लिए पास्को एक्ट 2012 की जानकारी दी गई तथा बताया गया कि इस एक्ट को बनाने की तथा उसे लागू करने की जरूरत क्यों पड़ी। इस एक्ट का मुख्य उद्देश्य 0-18 वर्ष तक के बच्चों शारीरिक शोषण व यौन शोषण से कैसे बचा जाए और यौन शोषण के खिलाफ सजा व प्रावधान के बारे में जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि ऐसे अपराध करने वालों को उम्र कैद की सजा हो सकती है।

## साइबर राहगिरी के तहत चलाया साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**



**करनाल।** जिला पुलिस द्वारा साइबर राहगिरी अभियान के अंतर्गत साइबर सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिला पुलिस की साइबर टीम द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, पार्कों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर विद्यार्थियों एवं आमजन को साइबर अपराधों की पहचान, ठगी के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

इसी कड़ी में थाना साइबर की टीम द्वारा गांव काछवा स्थित विनायक पॉलिटेक्निकल कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार साइबर अपराधी विभिन्न साइबर अटैक व ठगी के नए-नए तरीकों से लोगों को अपना शिकार बनाते हैं, जिससे उन्हें मानसिक,आर्थिक व सामाजिक नुकसान उठाना पड़ता है। टीम ने इन अपराधों से बचाव के व्यावहारिक उपाय भी विस्तार से समझाए।

पीएसआई चांद के नेतृत्व में साइबर टीम, जिसमें सिपाही लोकेश, सिपाही सुनील व सिपाही वीरेंद्र शामिल रहे, ने छात्रों को बताया कि साइबर अपराधी आकर्षक व लुभावने ऑफर देकर लोगों में लालच पैदा करते हैं और उनकी निजी जानकारी हासिल कर बैंक खातों से राशि निकाल लेते हैं। विद्यार्थियों को स्पष्ट रूप से समझाया गया कि ई-मेल या व्हाट्सएप पर भेजे गए किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, अपने बैंक खाते की जानकारी, निजी विवरण व ओटीपी किसी के साथ साझा न करें।

साइबर टीम द्वारा यह भी बताया गया कि अपने ई-मेल, सोशल मीडिया अकाउंट व ऑनलाइन बैंकिंग के पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहें तथा मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें। इंटरनेट मीडिया अकाउंट व बैंकिंग ऐप्स को सुरक्षित लॉक करके रखें और अपनी निजी जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति से साझा करने से बचें।

## कसौर गांव में सरकारी व निजी स्कूल के बीच ट्विनिंग प्रोग्राम आयोजित

**प्रमोद भार्गव,**



**गुहला चीका।** गुहला उपमंडल के गांव कसौर में स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं ग्रीन फिल्ड सपब्लिक स्कूल के बीच एक ट्विनिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्रों के बीच शैक्षणिक सहयोग, अनुभव सांझा करना तथा समग्र विकास को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही शिक्षकों के बीच नई शिक्षण पद्धतियों, नवाचारों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रवीण शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ट्विनिंग प्रोग्राम छात्रों को नए वातावरण में सीखने, आत्मविश्वास बढ़ाने और अपने ज्ञान व कौशल को विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, मेहनत और आपसी सहयोग का महत्व भी समझाया।

### 10 फरवरी को आयोजित किया जाएगा रोजगार मेला: रविंद्र

**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला चीका।** सहायक रोजगार अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि रोजगार विभाग द्वारा 10 फरवरी को सुबह 11 बजे खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय चीका के हाल में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में प्राइवेट क्षेत्र की निजी कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए योग्य कैंडिडेटों का चयन करके उन्हें रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस सम्बन्ध मं सहायक रोजगार अधिकारी रविंद्र कुमार ने कहा कि युवा इस मेले में पहुंचकर रोजगार प्राप्त कर सकते है।

## मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में सडकों पर उतरे कांग्रेसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिले में मनरेगा के नाम परिवर्तन के विरोध में कांग्रेस ने सडकों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और भाजपा पर गांधी विरोधी सोच अपनाने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने जिला सचिवालय पहुंचकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। नेताओं ने कहा कि योजना के नाम और स्वरूप में बदलाव कर ग्रामीण कामगारों के अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री महात्मा गांधी के स्मारक पर जाकर उन्हें नमन करते हैं और दूसरी तरफ जिस योजना में गांधी का नाम जुड़ा है, उसे खत्म करने या नाम हटाने की कोशिश की जा रही है। यह साफ तौर पर दोहरा रवैया है।

जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजेश वैध ने कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीण कामगारों को जो अधिकार पहले मिलते थे, वे नई वीबीरामजी स्कीम में समाप्त कर दिए गए हैं। इससे गांव के मजदूरों का भविष्य खतरे में पड़ गया है।

पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एक गोडसे था, जिसने महात्मा गांधी को गोली मारी थी और दूसरे नरेंद्र मोदी हैं, जिन्होंने मनरेगा स्कीम को हटाकर गांधी की दूसरी हत्या करने का काम किया है।युवा प्रवक्ता रोबिन माइकल और युवा नेता भूपेंद्र लाठर ने कहा कि केंद्र सरकार ने योजना से जुड़े सारे अधिकार अपने अधीन ले लिए हैं। अब केंद्र ही तय करेगा कि किस राज्य को बजट मिलेगा। जहां भाजपा की सरकार होगी, वहां बजट मिलेगा और जहां नहीं होगी, वहां से बजट रोका जाएगा।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राज्य सरकारों पर 40 प्रतिशत का अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। राज्यों के पास पर्याप्त पैसा नहीं होगा तो बजट पास नहीं होगा और बजट नहीं होगा तो स्कीम भी नहीं चलेगी। यह सीधे तौर पर जनता के अधिकार छीनने की साजिश है। नेताओं ने कहा कि अब जनता भाजपा की नीतियों को समझ चुकी है।

## गोरक्षकों ने किया हंगामा, जंगल में अवैध बुचडखाना चलाने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिले के जटपुरा गांव के पास जंगलों के अंदर अवैध रूप से कथित बुचडखाना चलाए जाने का मामला सामने आया है। गोरक्षकों का आरोप है कि यहां गोवंश को काटकर उनका मांस आगे बेचा जा रहा है। जंगल क्षेत्र में बड़ी संख्या में गोवंश के अवशेष पड़े मिले हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल रहा, वहीं ग्रामीणों में भी रोष देखने को मिला। गोरक्षकों ने चेतावनी दी कि अगर गोवंशों का वध बंद नहीं किया गया तो गोरक्षक आंदोलन करेंगे।

बीती रात जटपुरा गांव के पास गोरक्षकों ने जंगल की ओर संदिग्ध गतिविधि देखी। प्रदर्शनकारी गोरक्षकों का कहना है कि जंगलों के अंदर बिना किसी अनुमति के बुचडखाना चलाया जा रहा है। यहां करीब 50 से 60 गोवंश पड़े हुए मिले हैं। उनका आरोप है कि लंबे समय से यहां गोवंश को काटा जा रहा है, जिसकी दुर्गंध गांव तक आती है।

गोरक्षकों ने कहा कि गोवंश की कटाई से ग्रामीणों और समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने बताया कि जब वे जंगल की ओर पहुंचे तो बुचडखाना चलाने वाले लोग खेतों की तरफ भाग गए। इस दौरान किसी के पास कोई वैध कागजात या अनुमति नहीं दिखाई गई। यह परमिशन से चल रहा है या फिर अवैध तरीके से इसको बंद करवाया जाए। जटपुरा गांव के आसपास भी भारी संख्या में बेसहारा गोवंश घूमता हुआ दिखता था, लेकिन वे गोवंश अब गायब है।

गोरक्षकों के अनुसार यह पहली बार नहीं है। इससे पहले भी चार से पांच बार गांव वाले इस मामले को लेकर शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि अगर यहां बुचडखाने का लाइसेंस होता तो गोवंश के अलावा अन्य पशु भी मिलने चाहिए थे, लेकिन मौके पर सिर्फ गोवंश ही मिला।

घटना की सूचना डायल-112 पर दी गई, जिसके बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हालात का जायजा लिया और जांच शुरू की। पुलिस अधिकारियों ने गोरक्षकों को सदर थाने में लिखित शिकायत देने को कहा है।

गोरक्षकों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि जंगल में चल रहे इस कथित अवैध बुचडखाने को तुरंत बंद किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे अगला कदम उठाने को मजबूर होंगे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## ज्योति दरबार में लगा भक्तों का तांता, महाराज महंत राजेंद्र पुरी ने कहा यहां बनते है सबको काम



**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद (प्रदीप कुमार)जग**

ज्योति दरबार में हर रोज की तरह आज भी भक्तों का तांता लगा है क्योंकि यहां पर आने वाले हर भगत की मनोकामना पूरी होती है चाहे वह स्वास्थ्य सम्बन्धी हो या फिर रुके कामों हो।जग ज्योति दरबार के महाराज महंत राजेंद्र पुरी जी ने कहा कि यहां की जाने वाली हर अरदास पूरी होती है, रोगों से ग्रसित लोग हो या फिर कोई अन्य कार्य में बाधा इस दरबार से सबके काम बनते हैं उन्होंने कहा कि प्रार्थना में वह ताकत है कि पत्थर भी तर जाए।

उन्होंने कहा कि यहां विदेश में बैठे लोगों के भी काम बनते हैं उन्होंने कहा कि उनके इष्ट देव की कृपा उनके ऊपर बनी हुई है जिसकी वजह से वह जो भी अरदास करते हैं वह पूरी होती है।

# कनाडाई प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से की मुलाकात

## निवेश, नवाचार और कौशल विकास पर हुई सार्थक चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़, 5 फरवरी –** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से बुधवार देर सांय चंडीगढ़ स्थित उनके आवास ह्यसंत कबीर कुटीरह्न पर कनाडा के अल्बर्टा प्रांत की स्वदेशी संबंध मंत्री राजन साहनी के नेतृत्व में आए उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल से भेंट की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच निवेश, नवाचार, शिक्षा, कौशल विकास और आर्थिक सहयोग को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई।
मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा वैश्विक सहयोगों के लिए हमेशा तैयार है, जिससे प्रदेश में कौशल वृद्धि, नवाचार और आर्थिक विकास को गति मिले। उन्होंने बताया कि हरियाणा के बड़ी संख्या में छात्र कनाडा में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जिससे शैक्षणिक सहयोग दोनों पक्षों के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र बन गया है।
मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि हरियाणा सरकार द्विपक्षीय सहयोग, शैक्षणिक आदान-प्रदान



और आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा देने वाले सभी विषयों को अपना पूरा समर्थन प्रदान करेगी। हरियाणा का विदेश सहयोग विभाग अंतरराष्ट्रीय संबंधों, नवाचार और विदेशी निवेश जैसे क्षेत्रों पर लगातार कार्य कर रहा है।
बैठक के दौरान उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर विशेष चर्चा हुई। इस दौरान हरियाणा में कनाडा विश्वविद्यालय के परिसर बनाने पर विचार–विमर्श किया गया।कनाडा के अल्बर्टा प्रांत की स्वदेशी संबंध मंत्री राजन साहनी ने हरियाणा के औद्योगिक विकास, नवाचार और मानव संसाधन विकास से जुड़ी नीतियों की सराहना की।
बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अल्बर्टा के उन्नत कौशल विकास तंत्र और शिक्षा एवं रोजगार के संबंध में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, जिसमें मुख्य रूप से कौशल प्रशिक्षण, व्यावसायिक शिक्षा और उद्योग आधारित कार्यक्रमों में साझेदारी पर भी मंथन हुआ ताकि हरियाणा के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हो सके।
इसके साथ–साथ प्रतिनिधिमंडल ने ऊर्जा, फूड प्रोसेसिंग, कृषि, लॉजिस्टिक्स और मुक्त व्यापार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार सांझा किए। मुख्यमंत्री ने हरियाणा की नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि आधारित उद्योगों और आपूर्ति श्रृंखला अवसंरचना में बढ़ती क्षमताओं के मद्देनजर तकनीकी आदान-प्रदान, निवेश जैसे मुद्दों पर विशेष जोर दिया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, विदेश सहयोग विभाग की प्रधान सचिव अमनीत पी. कुमार, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग, विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### जंगल में पेड़ से लटका मिला 19 वर्षीय युवक का शव



**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूँह जिले के मामलिका और पापड़ा गांव के बीच जंगल क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान शोएब पुत्र दीन मोहम्मद (19) निवासी रहपुआ के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका जताई है।
जानकारी के अनुसार शोएब बेहद साधारण और मेहनती युवक था। वह पानी का टैंकर चलाकर आसपास के गांवों में पानी सप्लाई करता था और उसी से अपने परिवार की आजीविका में सहयोग करता था। शोएब दस भाई - बहनों में सबसे छोटा था, जिनमें चार बहनें और छह भाई हैं। उसके पिता दीन मोहम्मद कृषि का कार्य करते हैं।
परिजनों का कहना है कि शोएब का किसी से कोई झगड़ा या विवाद नहीं था, ऐसे में आत्महत्या की बात समझ से परे है।
सुबह ग्रामीणों ने जंगल में पेड़ से शव लटका देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पिनगवां थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला संवेदनशील है और हर एंगल से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। वहीं परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल है और उन्होंने सोएब की हत्या की बात करते हुए दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। गांव में घटना को लेकर शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

### साइबर राहगिरी अभियान: करनाल पुलिस ने कॉलेज छात्रों को किया साइबर ठगी से सतर्क

**इंद्री, 5 फरवरी (मैनपाल कश्यप )**। जिला पुलिस करनाल द्वारा साइबर राहगिरी अभियान के तहत साइबर सुरक्षा को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत करनाल पुलिस की साइबर टीम स्कूलों, कॉलेजों तथा सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर विद्यार्थियों और आमजन को साइबर अपराधों की पहचान, ठगी के नए तरीकों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दे रही है।
इसी क्रम में थाना साइबर की टीम ने गांव काछवा स्थित विनायक पॉलिटेक्निकल कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस दौरान छात्रों को बताया गया कि किस प्रकार साइबर अपराधी आकर्षक ऑफर, फर्जी कॉल, ई-मेल व व्हाट्सएप लिंक के जरिए लोगों को अपने जाल में फंसाकर मानसिक, आर्थिक व सामाजिक नुकसान पहुंचाते हैं।

# खेलों से ही संवरेगा युवाओं का भविष्य - जयभगवान आंतिल

**अनूठा संगम**

**युवाओं को संबोधित करते हुए आंतिल ने कहा कि खेल केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी हैं।**



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
सोनीपत जिला गांव हलालपुर में गुरुवार को खेल और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। स्वर्गीय ओलंपियन धर्मवीर पहलवान के 61वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित '28वां विशाल कुश्ती दंगल' न केवल अखाड़े की गरिमा को बढ़ाने वाला रहा, बल्कि इसने ग्रामीण खेल संस्कृति को भी नई ऊर्जा दी। इस भव्य आयोजन में हरियाणा के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेच से दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रमुख कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने अखाड़े में उतरकर पहलवानों से हाथ मिलाया और उनकी हौसला अफजाई की। युवाओं को संबोधित करते हुए आंतिल ने कहा कि खेल केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी हैं। उन्होंने कहा, "स्वर्गीय धर्मवीर पहलवान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का परचम लहराकर जो रास्ता दिखाया था, वह आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणापुंज है। कुश्ती हमारी माटी का खेल है और ग्रामीण अंचल में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।"
आंतिल ने आगे जोर देते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और कठिन परिस्थितियों से लड़ने की क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को भरोसा दिलाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संसाधनों और आधुनिक सुविधाओं की कमी को दूर करने के लिए वे हर स्तर पर प्रयासरत रहेंगे। उनके इसी समर्पण को देखते हुए आयोजन समिति और ग्रामीणों ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित भी किया। दंगल को लेकर गांव हलालपुर सहित आसपास के दर्जनों गांवों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। सुबह से ही खेल प्रेमियों का जुटना शुरू हो गया था, जिससे पूरा क्षेत्र मेले के रंग में रंगा नजर आया। अखाड़े के चारों ओर हजारों की संख्या में मौजूद दर्शकों की तालियों और नारों ने पहलवानों के जोश को दोगुना कर दिया। कुश्ती दंगल में विभिन्न भार वर्गों और आयु वर्गों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें पहलवानों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। प्रतियोगिता के अंत में विभिन्न वर्गों के विजेता और उप-विजेता पहलवानों को नकद राशि और स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने स्वर्गीय धर्मवीर पहलवान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस दंगल का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को खेलों से जोड़ना और नशे जैसी बुराइयों से दूर रखना है। इस अवसर पर खेल जगत की हस्तियों के साथ-साथ क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन समिति के पदाधिकारियों सहित ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।
समापन पर आयोजकों ने सभी अतिथियों और दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए संकल्प लिया कि खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन का यह सिलसिला भविष्य में भी इसी तरह जारी रहेगा।

# डीसी ने नवनिर्मित अस्पताल का निरीक्षण किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला/नारायणगढः** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने उपमंडल नागरिक अस्पताल नारायणगढ में लगभग 41 करोड 65 लाख रूपए की लागत से बनाए जा रहें 50 बैड से 100 बैडो वाले नवनिर्मित अस्पताल का निरीक्षण किया। इससे पहले उपायुक्त का यहां पहुंचने पर सिविल सर्जन डॉ राकेश सहल व एसएमओ प्रवीण कुमार ने पर्यावरण का प्रतीक पौधा देकर उनका अभिन्नदन किया। इस मौके पर एसडीएम नारायणगढ शिवजीत भारती, कार्यकारी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग (इलैक्ट्रीक्ल विंग) नवीन राठी, एसडीओ विरेन्द्र सिंह, डॉ पवन, डॉ नेगी व अन्य सम्बंधित मौजूद रहें।
उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने यहां का निरीक्षण करते हुए सिविल सर्जन व सम्बधिंत एजेन्सी के प्रतिनिधि से यहां पर चिकित्सा से सम्बधिंत क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी तथा यहां पर कौन कौन से चिकित्सक रहेगें इसकी भी जानकारी ली।
एसडीओ विरेन्द्र सिंह ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि अस्पताल के निर्माण से सम्बधिंत सभी कार्य पूरे कर लिए गए है, फिनिंशिंग का जो शेष कार्य है उसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान तीनों तलों के साथ-साथ छत पर लगे सौलर प्लांट के साथ-साथ अन्य कार्यो का भी जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान यह भी कहा कि वर्षा के दिनों में यहां पर छत से पानी न टपके इसके लिए क्या-क्या व्यवस्था की गई है उसकी भी जानकारी ली।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी को महंत राजेंद्र पुरी जी महाराज ने दिया पुत्र विवाह का आमंत्रण, चंडीगढ़ में हुई सौहार्दपूर्ण भेंट

शाहबाद (प्रदीप कुमार)हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी से चंडीगढ़ स्थित उनके सरकारी निवास पर जग ज्योति दरबार बिजड़पुर के पीठाधीश्वर एवं प्रसिद्ध संत महंत श्री राजेंद्र पुरी जीमहाराज ने शिष्टाचार भेंट की और अपने सुपुत्र के आगामीविवाह समारोह का विधिवत आमंत्रण पत्र भेंट किया। इस अवसर पर आध्यात्मिक गरिमा और सामाजिक सौहार्द कासुंदर समन्वय देखने को मिला। महंत श्री राजेंद्र पुरी जीमहाराज ने मुख्यमंत्री को विवाह उत्सव में पधारकर वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए प्रसन्नता



व्यक्त की और महंत जी को परिवार सहित शुभकामनाएं दीं।

# खरखौदा सचिवालय में पटवारियों का 'हल्ला बोल'

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
हरियाणा के जिला सोनीपत के खरखौदा उपमंडल सचिवालय में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब बड़ी संख्या में जिले भर से पटवारियों ने कामकाज ठप कर सचिवालय परिसर में ही धरना प्रदर्शन के साथ नारेबाजी भी शुरू कर दिया। यह विरोध प्रदर्शन खरखौदा के एसडीएम निर्मल नागर और नायब तहसीलदार अचिन के खिलाफ किया जा रहा है।
पटवारियों का आरोप है कि उच्च अधिकारियों द्वारा उनके साथ न केवल गाली-गलौज की जा रही है, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से इस कदर प्रताड़ित किया जा रहा है।
?धरने पर बैठे पटवारियों ने यह भी आरोप लगाया कि बुधवार को एसडीएम कार्यालय में एक पटवारी को बुलाकर उसके साथी के साथ अधिकारियों द्वारा अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की गई।
प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि जिस पटवारी के साथ यह घटना घटी, वह इस अपमान से इतना आहत था कि वह पूरी रात रोता रहा। पटवारियों ने कहा, "वह फील्ड में भी काम करते हैं, लेकिन



अधिकारी हमें इंसान नहीं समझते। अगर किसी बात पर स्पष्टीकरण चाहिए तो उसका एक संवैधानिक तरीका होता है, लेकिन यहां सरेआम बेइज्जत किया जा रहा है।" कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक दोषी अधिकारी सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते और उनका तबादला नहीं किया जाता, तब तक यह धरना समाप्त नहीं होगा। धरने के दौरान पटवारियों ने एसडीएम निर्मल नागर और नायब तहसीलदार अचिन पर कार्यप्रणाली को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए।कर्मचारियों का कहना है कि अधिकारी आम जनता के वाजिब कामों को करने में बाधा उत्पन्न करते हैं और केवल 'रसूखदार' और रसूख रखने वाले लोगों के कामों को प्राथमिकता देने का दबाव बनाते हैं। पटवारी यूनियन ने एसडीएम निर्मल नागर के पुराने रिकॉर्ड का हवाला देते हुए सनसनीखेज आरोप लगाया कि साल 2016 में जब वे गन्नौर में एसडीएम के पद पर तैनात थे, तब भी उन पर कर्मचारियों के साथ मारपीट करने के आरोप लगे थे। कर्मचारियों ने कहा कि ऐसे 'तानाशाह' रवैये वाले अधिकारियों के साथ काम करना अब नामुमकिन हो गया है। वही ?दूसरी ओर, इस पूरे विवाद पर एसडीएम खरखौदा निर्मल नागर से बात की गई तो उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए पटवारियों के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। एसडीएम ने इसे काम में बरती गई लापरवाही का मामला बताया। उन्होंने बताया कि गाँव निजामपुर खुर्द से संबंधित जमीन के मामलों में पटवारी द्वारा भारी लापरवाही बरती जा रही थी।

# उपायुक्त ने शहजादपुर में महाराणा प्रताप चौंक का जायजा लिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला/शहजादपुर/नारायणगढः** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शहजादपुर स्थित महाराणा प्रताप चौंक का जायजा लेते हुए चौंक के सौदर्यकरण के तहत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम नारायणगढ शिवजीत भारती, मार्किट कमेटी नारायणगढ के चेयरमैन नरेन्द्र राणा, बीडीपीओ जोगेश कुमार, सरपंच माजरा नेहा शर्मा, सरपंच



शहजादपुर रविन्द्र सिंह व अन्य मौजूद रहें।
उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने चौंक का निरीक्षण करते हुए यह चौंक कब बना था, उसकी जानकारी ली। मार्किट कमेटी चेयरमैन नरेन्द्र राणा व सरपंच नेहा शर्मा व सरपंच रविन्द्र सिंह से चौंक के सौन्दर्यकरण से सम्बधिंत जो कार्य किए जा सकते है उस बारे जानकारी हासिल की। सम्बधिंत ने उपायुक्त को यहां पर टाईलें लगाने, प्रतिमा के नजदीक टफन ग्लास लगाने, चौंक के नजदीक जाली लगाने बारे व अन्य बारे अपने सुझाव रखे। उपायुक्त ने कहा कि शहजादपुर में नगर पालिका का गठन होने के बाद यहां पर विकास के कार्य और तेजी से होगें। उन्होनें महाराणा प्रताप चौंक के चारों तरफ स्वतंत्रता सैनानियों व वीरों के नाम अंकित करने के साथ-साथ उनकी वीर गाथा यहां पर अंकित हो तथा यहां पर रात के समय भी चौंक की सुन्दरता का आभास हो सकें इसके लिए यहां पर आकर्षक लाईटें लगाने के निर्देश दिए।

**विकास कार्य**

**उपायुक्त ने कहा कि शहजादपुर में नगर पालिका का गठन होने के बाद यहां पर विकास के कार्य और तेजी से होगें**

# हजारों रुपए की 7 ग्राम 55 मिलीग्राम हेरोइन सहित बाइक सवार युवक काबू

**सिरसा (शुभम खटक)** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निदेर्शानुसार सिरसा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला की रानियां थाना पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान नानूआना रोड़ रानियां क्षेत्र से बाइक सवार एक युवक को हजारों रुपए की 7 ग्राम 55 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए रानियां थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान मोनू सिंह पुत्र सुरजन सिंह निवासी वार्ड. नंबर 8 रानियां,जिला सिरसा के रूप में हुई है । उन्होंने बताया कि रानियां



थाना की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान भगत सिंह स्टेडियम नानूआना रोड़ रानियां क्षेत्र में मौजूद थी । इस दौरान वार्ड. नंबर 8 रानियां के तरफ से एक बाइक सवार एक नौजवान युवक आता दिखाई दिया । उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया तो बाइक अचनाक बंद हो गया पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त बाइक सवार युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जा से 7 ग्राम 55 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई । रानियां थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना रानियां में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है । रानियां थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी का आपराधिक रिकार्ड खंगाला गया तो उसके खिलाफ नशा तस्करी का एक अन्य मामला भी दर्ज होना पाया गया है ।

### राजकीय महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** राजकीय महाविद्यालय में भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए एक विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बजट की प्रमुख विशेषताओं, इसके उद्देश्यों तथा देश के समग्र विकास में इसकी भूमिका से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट देश के विकास की दिशा और प्राथमिकताओं को दशार्ता है।

# नगराधीश ने समाधान शिविर में सुनी आमजन की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है। यह शिविर जिलास्तर पर उपायुक्त कार्यालय व उपमंण्डल स्तर पर संबंधित एसडीएम कार्यालय में प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजें से 12 बजें तक आयोजित किए जा रहें है। इसी कडी में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता नगराधीश अभिषेक गर्ग ने की। इस दौरान उन्होंने शिविर में पंहुचे लोगों की समस्याएं एवं शिकायतों को बडे ही ध्यानपूर्वक



सुना और साथ ही उनकी शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियो को मार्क करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में हुमायुपुर से जोगिंद्र ने राशन कार्ड बरवाने को लेकर अपनी समस्या रखी, जिस पर नगराधीश ने समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिएं। जिस पर क्रिड से गौरव ने बताया कि इनकी इन्कम वैरिफिकेशन का कार्य कर दिया गया है। औपचारिकता पूर्ण करते हुए इनका जल्द राशन कार्ड बन जाएगा। ऐसे ही भुडगपुर से जसवंत सिंह ने बच्चें की दिव्यांग पेंशन बनवाने को लेकर, अंबाला शहर से हनी ने परिवार पहचान पत्र अलग करवाने बारें, चैडमस्तपुर से अजैब सिंह ने राशन कार्ड बनवाने को लेकर अपनी समस्या रखी। सरदेहडी से नीलम ने परिवार पहचान पत्र में पारिवारिक आय कम करवाने को लेकर व अन्य प्रार्थियों ने नगराधीश के समक्ष अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। जिस पर उन्होंने संबंधित को समस्याएं मार्क करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिएं।
इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

# आपसी समन्वय, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित

**मिलन समारोह**

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** राजकीय उच्च विद्यालय व स्वामी चेतना सीनियर सेकेंडरी स्कूल तेहा में शैक्षणिक सत्र के अंतर्गत मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य दोनों विद्यालयों के शिक्षकों व विद्यार्थियों के बीच आपसी समन्वय, सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में राजकीय उच्च विद्यालय तेहा की ओर से दिव्या शर्मा , धर्म सिंह , ज्योति रानी तथा देवेंद्र ने सक्रिय सहभागिता निभाई। वहीं स्वामी चेतना सीनियर सेकेंडरी स्कूल से पूनम, सुश्री कीर्ति, सुश्री किरण एवं रेखा ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। मिलन समारोह में कक्षा चौथी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें दौड़, कबड्डी, खो-खो सहित अन्य मनोरंजक खेल शामिल रहे।

खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में टीम भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और लघु नाटिकाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाते हैं।

दोनों विद्यालयों के शिक्षकों ने भविष्य में भी ऐसे संयुक्त आयोजनों के माध्यम से शिक्षा के साथ-साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई।

# अगवानपुर सर्विस रोड पर टूटा सीवर ढक्कन बन रहा है दुर्घटनाओं का कारण

**जोखिम**

कई बार इस समस्या को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग को अवगत कराया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** अगवानपुर रोड पर निमार्णाधीन फ्लाईओवर के साथ लगते सर्विस रोड पर पिछले करीब एक महीने से सीवर का ढक्कन टूटा हुआ है। यह ढक्कन राहगीरों के लिए खतरे का कारण बना हुआ है। वाहन चालक अंधेरे में उसमें गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इस समस्या को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सीवर का ढक्कन टूटे रहने से न केवल दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। राहगीरों का आरोप है कि भारी वाहनों की आवाजाही के कारण यह ढक्कन टूटा, लेकिन निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर पल्ला झाड़ रहे हैं। जिसके चलते आम जनता को रोजाना जोखिम उठाकर इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा है। मदन स्वामी, सतीश, राकेश ने बताया कि अब तक कई लोग चोटिल हो चुके हैं, लेकिन विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत प्रभाव से टूटे सीवर ढक्कन को बदला जाए और आसपास चेतावनी संकेतक व बैरिकेडिंग लगाई जाए, ताकि दुर्घटनाओं से बचाव हो सके।

## न्यूज फ्लैश

### शुक्रा फार्मास्यूटिकल्स और बॉर्न्स मेडिकल रोबोटिक्स ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली ।** शुक्रा फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने आज भारत में अत्याधुनिक सर्जिकल रोबोटिक्स तकनीक लाने के लिए बॉर्न्स मेडिकल रोबोटिक्स इंक के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। नई दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में इस साझेदारी को औपचारिक रूप दिया गया, इसके तहत वीर सर्जिकल रोबोट को प्रस्तुत किया जाएगा; जो की एक एआई-संचालित सर्जिकल प्लैटफॉर्म है, जिसे लाखों भारतीयों के लिए उन्नत हैल्थकेयर टेक्नोलॉजी को सुलभ बनाते हुए सटीकता, सुरक्षा और रोगी परिणामों में अभिवृद्धि हेतु डिजाइन किया गया है।

शुक्रा लिमिटेड की सीईओ और ग्लोबल हैड डॉ. मीनाक्षी लाते ने इस पहल के राष्ट्रीय महत्व पर बल देते हुए कहा, बॉर्न्स के साथ हमारा संयुक्त उद्यम भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक योगदान है। हमारा प्रयास उन रोगियों के लिए इसे किफायती व सुलभ बनाना होगा जो इस तकनीक के सबसे अधिक हकदार हैं, खासकर उन इलाकों में जहां सर्जरी की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

बॉर्न्स मेडिकल रोबोटिक्स इंक. के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अलेक्जेंडर टी. टीचमैन ने इस साझेदारी के व्यापक दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा, यह संयुक्त उद्यम बॉर्न्स के अत्याधुनिक एआई-संचालित रोबोटिक्स को शुक्रा के दृष्टिकोण एवं बाजार-पहुंच के साथ जोड़ता है। हम मिलकर सर्जनों को सशक्त कर रहे हैं, परिणामों को मानकीकृत बना रहे हैं, तथा पूरे भारत व एशिया में स्केलेबल हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं: किफायती, सुलभ एवं उच्च-सटीक सर्जरी के एक नए युग की शुरूआत कर रहे हैं। शुक्रा फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक दक्षेश शाह ने कहा, प्रत्येक भारतीय सर्वोत्तम हैल्थकेयर टेक्नोलॉजी तक पहुंच का हकदार है। हमारा उद्देश्य भारत में किफायती कीमतों पर विश्व स्तरीय तकनीक उपलब्ध कराना है। बॉर्न्स मेडिकल रोबोटिक्स के साथ इस साझेदारी के जरिए हम उन्नत सर्जिकल उपचार को लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठा रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी अब केवल मेट्रो शहरों या प्रीमियम अस्पतालों तक ही सीमित न रहें।

मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ रोबोटिक सर्जरी, पटपड़गंज के निदेशक व प्रमुख डॉ. विवेक बिंदल, जो इस तकनीक का परीक्षण करने वाले पहले सर्जनों में से थे, ने कहा, रोबोटिक सर्जरी ने सर्जिकल उपचार में क्रांति ला दी है, लेकिन उच्च लागत और सीमित उपलब्धता के कारण इस तक पहुंच सीमित बनी हुई है। वीर जैसे नेक्स्ट-जैनरेशन प्लैटफॉर्म की शुरूआत एक परिवर्तनकारी तबदीली का प्रतीक है। सिंगल-पोर्ट सर्जरी, एआई-संचालित सुरक्षा फीचर्स और उन्नत सूक्ष्म-उपकरणों जैसी क्षमताओं के साथ, अब हम इस तकनीक के लोकतंत्रीकरण को देख रहे हैं। इसका मतलब है पूरे भारत में बड़े पैमाने पर रोगियों के लिए उच्च-गुणवत्ता वाली न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रियाएं अधिक सुलभ और सस्ती हो गई हैं। इससे सर्जनों को सशक्त बनाया जा रहा है और उन लोगों के लिए परिणामों में सुधार किया जा रहा है, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

### जेसीबी इंडिया के एमडी एवं सीईओ दीपक शेट्टी ने बजट 2026 का स्वागत किया

**फरीदाबाद।** श्री दीपक शेट्टी, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, जेसीबी इंडिया, ने कहा कि हम बजट 2026 का स्वागत करते हैं, जो भारत की आर्थिक विकास यात्रा को तेज करने और विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक निर्णायक रोडमैप पेश करता है। सात रणनीतिक क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग को विस्तार देने और चैंपियन एमएसएमई को प्रोत्साहन देने पर दिया गया जोर, देश की घरेलू क्षमताओं को मजबूत करने के साथ-साथ भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम है। कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट सेक्टर के लिए यह बजट खासतौर पर उत्साहजनक है। टनल बोरिंग मशीन, अर्थमूविंग इक्विपमेंट और क्रेन सिस्टम जैसे हाई-वैल्यू कैपिटल गुड्स के घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने से उन्नत तकनीक वाले उपकरणों की मांग बढ़ेगी, नवाचार को गति मिलेगी और भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति और मजबूत होगी।

# दसवीं के विद्यार्थियों को हनी माडर्न हाई स्कूल में दी भावभीनी विदाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** बहालगढ़ स्थित हनी माडर्न हाई स्कूल के प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक, समाजसेवी सुरेश फौजी, जोगी समाज के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राजबीर जोगी तथा जगमन्द्र दीपालपुर ने शिरकत की। स्कूल के निदेशक सतनारायण आंतिल, उप निदेशक हीना आंतिल ने आए हुए अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

छात्रा नव्या द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दसवीं कक्षा के छात्रों को भावभीनी विदाई दी। नौवीं कक्षा की छात्राएं प्राची, सीरत, नव्या, दिव्या, निकिता, कनिष्का, प्राची अवस्थी, अंशिका, सुलेखा सहित अन्य विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्र तरुण और रोहन द्वारा प्रस्तुत हरियाणवी नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। दसवीं कक्षा के छात्र ऋतिक और आभूष ने गुरु वंदना प्रस्तुत कर गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। दिपांशु और ऋतिक को 'मिस्टर फेयरवेलड़ तथा अंशिका को 'मिस फेयरवेलड़चुना गया। मंच संचालन का दायित्व प्राची और सुलेखा ने किया। मुख्याध्यापक गीता मलिक ने कहा कि अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। सभी शिक्षक कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# टीवीएस मोटर कंपनी ने टीवीएस किंग कार्गो एचडी सीएनजी को रोल आउट किया

**नोएडा।** दोपहिया एवं तिपहिया वाहन बनाने वाली ग्लोबल लीडर टीवीएस मोटर कंपनी ने आज टीवीएस किंग कार्गो एचडी सीएनजी की उपलब्धता की घोषणा की है। इस रोलआउट की शुरूआत चरणबद्ध तरीके से दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में होगी। टीवीएस किंग कार्गो एचडी सीएनजी रु 2,70,648 (एक्स-शोरूम, दिल्ली)* की शुरूआती कीमत पर उपलब्ध है। लॉन्च के अवसर पर रजत गुप्ता, बिजनेस हैड-कमर्शियल मोबिलिटी, टीवीएस मोटर कंपनी ने कहा, लास्ट माईल कार्गो ऑपरेटर्स की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए टीवीएस किंग कार्गो एचडी सीएनजी को डिजाइन किया गया है। सेगमेन्ट में पहली बार पेश किए गए फीचर्स, ज्यादा लोड क्षमता के साथ यह वाहन संचालन की दक्षता बढ़ाता है, स्वामित्व की लागत कम करता है और साथ ही ड्राइवर को वाहन चलाते समय ज्यादा थकान भी नहीं होती है। इस लॉन्च के साथ टीवीएस मोटर कंपनी ऐसे भरोसेमंद, प्रभावी एवं भविष्य के अनुकूल परिवहन के समाधान लाना जारी रखे हुए हैं, जो ब्राण्ड के वादे थकान कम, कमाई ज्यादा पर खरे उतरते हुए उपभोक्ता की आजीविका में सहयोग प्रदान करते हैं।

# नहर में कचरे में फंसा मिला युवती का अर्धनग्न शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले में मुनक नहर के छह हजारी पुल के नीचे से एक युवती का शव बरामद हुआ। शव अर्धनग्न हालत में मिला और गली-सड़ी अवस्था में था। आशंका जताई जा रही है कि शव करीब दो सप्ताह पुराना है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर की मदद से शव को बाहर निकलवाया। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पहचान के लिए करनाल के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया है। शिनाख्त न होने पर पोस्टमार्टम के बाद दाह संस्कार करवा दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार, बुधवार की शाम मुनक नहर के छह हजारी पुल के नीचे कबाड़ के ढेर में शव फंसा हुआ था। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी दुर्गंध आई तो उन्होंनें पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि शव गली-सड़ी हालत में था और अनुमान है कि यह 12 से 13 दिन पुराना हो सकता है। मृतका की उम्र करीब 22 साल बताई जा रही है। शव अर्धनग्न हालत में मिला है। युवती ने जींस पहन रखी थी, पैरों में नीले रंग की जुराब और कानों में सोने की बालियां पहनी हुई थीं। इन्हीं कपड़ों और आभूषणों के आधार पर पुलिस पहचान की कोशिश कर रही है।

# सिद्धपीठ तीर्थ सतकुंभा धाम में सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव 9 से



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** प्राचीन, ऐतिहासिक व धार्मिक धरोहर में शामिल सिद्धपीठ तीर्थ सतकुंभा धाम में सात दिवसीय सतकुंभा उत्सव का आयोजन 9 से 15 फरवरी तक किया जाएगा। इस दौरान रुद्र महायज्ञ, विशाल भंडारा सेवा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। प्रबंधक सूरज शास्त्री ने बताया कि पीठाधीश्वर महंत राजेश स्वरूप महाराज के सानिध्य में उत्सव का शुभारंभ 9 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। प्रत्येक दिन सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक रुद्र महायज्ञ किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था रहेगी। आयोजकों ने बताया कि सात दिवसीय उत्सव में आसपास के गांवों सहित जिलेभर से श्रद्धालु पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि यह तीर्थ विश्व विख्यात 68 तीर्थों में पुण्यदायक माना जाता है और सनातन धर्म की मूल आधारशिला के रूप में इसकी विशेष मान्यता है। सूरज शास्त्री ने क्षेत्रवासियों से परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की

# बजाज पल्सर बाइक चोरी

**गन्नौर।** रेलवे रोड पर होंडा एजेंसी के बाहर खड़ी बजाज पल्सर बाइक चोरी हो गई। बाइक मालिक ने इसकी शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में महादेव नगर निवासी जावेद ने बताया कि 3 फरवरी की शाम वह अपनी बजाज पल्सर बाइक रेलवे रोड के पास स्थित होंडा एजेंसी के बाहर खड़ी कर प्रथम तल पर जिम में गया था। जब वह जिम से लौटा तो उसकी बाइक चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बाजार व मुख्य सड़कों से हटेंगे अवैध वाहन, एसडीएम ने दिए सख्त निर्देश

**भंड**

बस स्टैंड से बाजार तक सड़कें रहेंगी खाली, अवैध पार्किंग पर सख्ती : एसडीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना 5 फरवरी राहुल**
एसडीएम जगदीश चंद्र ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी तथा नगर परिषद के अधिकारियों को सड़क पर खड़े वाहन मालिकों के खिलाफ शक्ति बरतने के निर्देश दिए। एसडीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि वाहन चालक बाजार व मुख्य सड़कों पर रूटीन में अपने वाहन खड़ा कर देते हैं जहां उनकी पार्किंग नियमानुसार गलत है। आमतौर पर पाया जा रहा है कि नरवाना के बस स्टैंड के बाहर मुख्य सड़क पर वाहन खड़े मिलते हैं। इसके अलावा सर्विस रोड पर दुकानदार अपना सामान बाहर लगाए होते हैं साथ ही अपनी सुविधानुसार रेड़ी पटरी वाले भी अपनी दुकान लगा लेते हैं, इससे सड़क पर अन्य वाहनों के आवागमन में भारी समस्या पैदा हो रही है साथ ही आमजन को भी सड़क या बाजार से गुजरने में परेशानी होती है। इतना ही नहीं इससे वाहन दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहता है, अमूमन ऐसी ही स्थिति प्राय- प्राय बाजार में है। एसडीएम ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए बाजार में नगर परिषद के अधिकारियों तथा नेशनल हाईवे यानी नए बस स्टैंड से पुराना बस स्टैंड तक मुख्य सड़क को वाहनों से खाली रखवाने के निर्देश दिये, ऐसे दुकानदार जो अपना सामान बाहर रखते हैं उनके खिलाफ भी नगर परिषद के अधिकारियों को कार्यवाही करने के लिए कहा। एसडीएम ने शहर में सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# अध्यात्म और भक्ति के रंग में रंगा शहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना 5 फरवरी राहुल**
बाबा गैबी साहब मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर शहर पूरी तरह अध्यात्म और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कथा स्थल पर श्रद्धा, उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास धर्मपाल शास्त्री जी नाभा वाले ने अपनी अमृतमयी वाणी से भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य उत्सव (नंदोत्सव) तथा वामन अवतार का सजीव और भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

वामन अवतार : अहंकार के त्याग का संदेशभी कथा के प्रथम सत्र में महाराज श्री ने भगवान विष्णु के वामन अवतार का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब राजा बलि का अहंकार बढ़ गया, तब प्रभु ने वामन रूप धारण कर तीन पग भूमि मांगकर उसका सर्वस्व और अहंकार दोनों नाप लिए। उन्होंने कहा कि ईश्वर केवल प्रेम के भूखे हैं, जब भक्त अपना अहंकार प्रभु चरणों में अर्पित कर देता है, तब भगवान स्वयं उसके रक्षक बन जाते हैं।

कृष्ण जन्म पर झूमा पंडाल कथा के दूसरे सत्र में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग के आते ही पूरा पंडाल भक्ति जयकारों से गूंज उठा। ह्यनंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीह्ल भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। भगवान के बाल स्वरूप की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई।

# कृषि को नया आयाम दे रही सरकार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था हो रही मजबूतः बेदी



**नरवाना 5 फरवरी राहुल**
हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि मौजूदा राज्य सरकार की नीतियों और योजनाओं का केंद्र बिंदु किसान कल्याण है। सरकार यह भली-भांति समझती है कि हरियाणा एक कृषि प्रधान राज्य है और किसानों की समृद्धि के बिना प्रदेश की तरक्की संभव नहीं है। इसी सोच के साथ केंद्र व राज्य सरकार मिलकर कृषि को एक लाभकारी व्यवसाय बनाने की दिशा में लगातार ठोस और दूरदर्शी कदम उठा रही है, जिनका सीधा लाभ किसानों के साथ-साथ खेत मजदूरों को भी मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी वीरवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले सरकार की योजनाएं केवल पारंपरिक फसलों तक सीमित रहती थीं, लेकिन मौजूदा सरकार ने कृषि के दायरे को व्यापक बनाया है। अब खेती को केवल गेहूं और धान तक सीमित न रखते हुए फल, फूल, सब्जियां, मत्स्य पालन, पटसन, काजू, गरम मसाले जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों और गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे किसानों की आय के नए स्रोत खुले हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने बताया कि इन फसलों की खेती करने वाले किसानों को सरकार द्वारा सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध करवाने का सराहनीय प्रावधान किया गया है। किसानों को खाद, बीज, कीटनाशक और अन्य आवश्यक कृषि सामग्री खरीदने के लिए केवाईसी के माध्यम से आसान ऋण सुविधा दी जा रही है। इस ऋण का भुगतान किसान अपनी फसल बेचने के बाद कर सकते हैं, जिससे उन पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ता और वे बिना चिंता के खेती कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसान को साहूकारों के चंगुल से मुक्त कर आत्मनिर्भर बनाना है।

कैबिनेट मंत्री ने यह भी बताया कि मौजूदा सरकार ने किसानों की आय सुनिश्चित करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 24 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने का निर्णय लिया है। इससे किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है और बाजार में उन्हें किसी तरह के शोषण का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि फसल की बिक्री के 48 घंटे के भीतर ही पूरी भुगतान राशि सीधे किसान के बैंक खाते में जमा कर दी जाती है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है और किसानों का सरकार पर भरोसा मजबूत हुआ है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल, सुरेंद्र प्रजापति, सत्यवान शर्मा, सुरेंद्र हथो, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा, उप प्रधान शशिकांत शर्मा चंद्र प्रकाश बोस्ती, विनय मित्तल, सुरेश दनौदा, भीम दनौदा, वीरेंद्र नैन , सुनील सरपंच उझाना, कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक फकीरचन्द व जसवीर नैन सहित अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# वीबी जी राम जी योजना मजदूर हित मेः कनौजिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी(दिनकर गावड़ी):** हांसी हल्का के गांव बाड़ा जग्गामल में मजदूरों की एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अटल मण्डल के अध्यक्ष सरपंच श्याम खाण्डा ने की एवं जिसमें मुख्य वक्ता, भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं ओबीसी हांसी जिला के प्रभारी अशोक कनौजिया रहे। मुख्य वक्ता अशोक कनौजिया ने मजदूरो को सम्बोधित करते हुए कहा कि वीबी जी राम जी योजना पूर्णतया मजदूरों के हित में है। जहां पहले वाली योजना में मात्र 100 दिन मजदूरी मिलने का प्रावधान था अब वह 125 दिन हो गया है, इसके इलावा मजदूरी ना होने पर सरकार भत्ता देगी। कनौजिया ने कहा कि अब ग्राम के विकास कार्य जैसे, गली, नाली एवं अन्य विकाय कार्य होंगे, उनमें भी इन मजदूरों को कार्य मिलेगा। कनौजिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीब, मजदूर, किसान के हितों के कार्य करती है। सरकार का यह कदम मजदूरों के लिए ऐतिहासिक सिद्ध होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मण्डल अध्यक्ष व सरपंच श्याम खाण्डा ने कहा कि मजदूरो का विकास केवल केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार ही कर सकती है। इस अवसर पर मण्डल महामन्त्री योगेन्द्र बागड़ी, सरपंच प्रतिनिधि विकास गुज्जर,राजेन्द्र, रणजीत, शीन्दू, राजकुमार, संजय,नीलम, सुमन, मोनिका, राजबाला, सावित्री, केला, सुशीला सहित सैकड़ो मजदूर उपस्थित थे।

# श्री रामभक्त हनुमान सेवा समिति ने किया हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शताब्दी वर्ष मना रहा है। 1925 में नागपुर में स्थापित संघ देश-विदेश में विभिन्न सेवाकार्यों और कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी शताब्दी मना रहा है। संघ के 100 वर्ष के गौरवशाली सफर के बाद शताब्दी वर्ष मना रहा है। 2 अक्टूबर 2025 से 20 अक्टूबर 2026 तक पूरे एक वर्ष तक शताब्दी समारोह आयोजित किए जाएंगे। संघ का शताब्दी वर्ष केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विश्वभर में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में श्री रामभक्त हनुमान सेवा समिति के बैनर तले पाना उद्यान नगरवासियों के सहयोग से मेन रोड़ स्थित नारायण मंदिर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन बड़ी ही जोरदार तरीके से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजन, हवन और गणेश वंदना के साथ की गई। इस मौके पर राधा कृष्ण और शिव पार्वती की मनमोहक झांकियां निकाली गई, इसके साथ ही हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ किया गया। जिसमें समाज के सभी वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के समापन के बाद भंडारे का भी विशेष रूप से आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदीप थोलेदार व प्रो. सुरेंद्र रहे। इसके साथ ही कार्यक्रम में मुख्य सहयोगी के रूप में पंकज वार्ष्णेय, कमल सिंघल, संदीप जिंदल, जितेंद्र सेठी, पंकज गुप्ता, राजीव बंसल, पवन गोयल, योगेश शर्मा की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास बंसल ने की। इस दौरान विकास बंसल ने कहा कि कार्यक्रम का अहम मकसद है कि आज का युवा वर्ग अपने धर्म और सनातन की असली पहचान भूलकर नशे की गर्त में जिंदगी बर्बाद कर रहा है, ऐसे भटके हुए युवाओं को सनातन की राह पर वापिस लाना है।







## डीटीसी कर्मचारी कल्याण कोष में हुए लाखों रुपये के भ्रष्टाचार की तुरंत निष्पक्ष जांच होनी चाहिएः यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने डीटीसी कर्मचारी कल्याण कोष में 22 लाख से अधिक राशि का डीटीसी के सोशल वेलफेयर विभाग के कर्मचारियों द्वारा गबन करने तुरंत प्रभाव जांच करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के कोष से जुड़े इस मुद्दे पर दिल्ली के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री स्वयं हस्तक्षेप कर-के दोषी कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज करके अपराधिक और विभागीय कार्यवाही की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि संभव हो तो उपराज्यपाल अथवा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपनी सरकार के तहत डीटीसी विभाग में गड़बड़ी के इस मामले की जांच सीबीआई से भी करा सकते है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि लगभग 97 हजार करोड़ का घाटा झेल रही डीटीसी में कार्यरत कर्मचारियों के कल्याण कोष में 22 लाख की धोखाधड़ी होगी तो पब्लिक के लिए कर्तव्य निभाने में कैसे मानसिक रुप से स्वस्थ्य होकर अपनी ड्यूटी कर सकते है? उन्होंने कहा कि अगर इस प्रकरण की निष्पक्ष और गहन जांच कराई गई तो डीटीसी में फैले संगठित भ्रष्टाचार एवं धोखाधड़ी के बड़े नेटवर्क का खुलासा होगा। देवेन्द्र यादव ने कहा कि डीटीसी में भ्रष्टाचार अनियंत्रित होने का बड़ा कारण है कि पिछले पांच वर्षों से भी अधिक समय से डीटीसी में मुख्य सर्तकता अधिकारी सीवीओ का पद खाली है। डीटीसी में सीवीओ के पद को अतिरिक्त प्रभार की व्यवस्था के तहत विभागीय अधिकारी को नाममात्र रखा गया है जबकि इस पर आईपीएस अधिकारी की पूर्णकालिक नियुक्ति होनी चाहिए ताकि विभाग में भ्रष्टाचार के मामलों पर रोक लगाई जा सके और हो रहे भ्रष्टाचार के मामलों की निष्पक्ष जांच निर्धारित मानकों के अनुसार एक स्थायी आईपीएस अधिकारी के द्वारा हो सके। देवेन्द्र यादव ने कहा कि डीटीसी कर्मचारी कल्याण कोष के फंड में धोखाधड़ी करने वाले उन अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। जिन्होंने दस्तावेजों को अपनी स्वीकृति दी।



## दिल्ली राज्य पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के विद्यालयों में पढ़ने वाले 200 दिव्यांग छात्रों ने गुरुवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित तीसरे दिल्ली राज्य पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लिया। आयोजन 5 से 7 फरवरी तक किया जाएगा। निगम के छात्रों ने आज प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मार्च पास्ट में भाग लिया। छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलीट विकास डागर की देख रेख में इस प्रतियोगिता में भाग लिया। 200 दिव्यांग छात्रों ने दृष्टिबाधित,ब ौद्धिक अक्षमता, मस्तिष्क पक्षाघात, ड्वार्फ, लोकोमोटर हाथ एवं पैर श्रेणियों में आयोजित 100 मीटर दौड़,लंबी कूद, गोला फेंक एवं चक्का फेंक गतिविधियों में भाग लिया।



**संगम पार्क और प्रेम कुंज में अधिकारियों संग दौरा करते हुए विधायक अशोक गोयल देवराहा, निगम पार्षद सुशील जोंटी व अन्य।**

## पुलिस आम आदमी की आवाज दबाने में लगी हैः परमजीत सिंह पम्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नेशनल अकाली दल के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन करने के लिए इजाजत मांगी जाती है तो पुलिस कोई ना कोई बहाना बनाकर इजाजत देने में आनाकानी करती है। उन्होंने बताया कि विभिन्न मुद्दों पर उन्होंने समय-समय पर जंतर मंतर प्रदर्शन करने के लिए पार्लियामेंट स्ट्रीट डीसीपी ऑफिस से इजाजत मांग रहे हैं, मगर पुलिस अधिकारी कभी कहते हैं 10 दिन पहले पत्र दो या कभी कहते हैं अभी हम इजाजत नहीं दे सकते। परमजीत सिंह पम्मा ने कहा उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध में प्रदर्शन की इजाजत मांगी, तब भी नहीं दी गई थी। अब ऑनलाइन व मोबाइल गमो से हो रही आत्महत्या व बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर 5 फरवरी को पत्र लिखकर 8 फरवरी के लिए इजाजत मांगने गए तो उन्होंने वह भी देने से मना कर दिया। अब संस्थान जंतर मंतर पर प्रदर्शन नहीं करेंगे तो क्या सड़कों पर करेगी? इसको लेकर नेशनल अकाली दल दिल्ली पुलिस कमिश्नर पार्लियामेंट स्ट्रीट के डीसीपी को पत्र लिखेगा।



## ये आम बजट देश को आत्मनिर्भर और विकसित भारत की ओर ले जाने वाला बजट हैः अशोक गोयल देवराहा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जारी किए गए केंद्रीय बजट 2026-27 को देश भर में सराहना मिल रही है। इसी क्रम में मॉडल टाउन विधानसभा के विधायक अशोक गोयल देवराहा ने अपने व्यक्तव्य में कहा है कि ये आम बजट देश को आत्मनिर्भर और विकसित भारत की ओर ले जाने वाला बजट है।

उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 का हार्दिक स्वागत करते हुए इसे देशहित, जनहित और विकासोन्मुखी सोच का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट भारत को आर्थिक रूप से सशक्त, सामाजिक रूप से समावेशी और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है।



अशोक गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस बजट के माध्यम से गरीब, किसान, महिला, युवा, मध्यम वर्ग और वरिष्ठ नागरिकों सभी वर्गों की आकांक्षाओं को प्राथमिकता दी है। यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की भावना को सशक्त रूप से दर्शार्ता है।

उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का सुदृढ़ीकरण और गंभीर रोगों हेतु सस्ती दवाइयां तथा ''देशभर में आयुर्वेद संस्थान स्थापित किये जाने व आयुष फामेर्सी को अपग्रेड किया जाना जैसी घोषणाएं इस बात का उदाहरण है कि यह कदम समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, जैसे सड़क, रेल, आवास, ऊर्जा और डिजिटल सुविधाओं पर जोर देने से न केवल आर्थिक गतिविधियाँ तेज होंगी बल्कि रोजगार के व्यापक अवसर भी सृजित होंगे बल्कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

श्री गोयल ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण, स्टार्टअप्स, एमएसएमई और स्वरोजगार को प्रोत्साहन देने वाले कदम भी देश को आर्थिक रूप से और मजबूत बनाएंगे क्योंकि यह बजट केवल वित्तीय प्रावधानों का दस्तावेज नहीं, बल्कि आम नागरिक के उज्ज्वल भविष्य का रोडमैप है।

## 'माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 शुरू, युवा कर सकेंगे पीएम से संवाद'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश के युवाओं को केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे संवाद का अवसर मिलने जा रहा है। जिला युवा अधिकारी माय भारत पूजा कौशिक ने बताया कि केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की पहल के तहत माय भारत पोर्टल के माध्यम से माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 की शुरूआत कर दी गई है। इस पहल के तहत पहले चरण में क्विज राउंड आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभागियों को केंद्रीय बजट 2026 पर आधारित 30 सवालों के जवाब देने होंगे। यह क्विज 3 फरवरी से शुरू हो चुकी है और इसमें भाग लेने की अंतिम तिथि 17 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। क्विज में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को दूसरे चरण में प्रवेश मिलेगा, जिसमें 17 फरवरी से 3 मार्च तक निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। निबंध लेखन के लिए विकसित भारत के विजन के अनुरूप केंद्रीय बजट से जुड़े 8 विषय दिए जाएंगे। निबंधों का मूल्यांकन 3 मार्च से 10 मार्च तक किया जाएगा और 10 मार्च 2026 को राज्यवार योग्यता सूची जारी की जाएगी। राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के विजेताओं को विकसित भारत बजट के विजन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वर्चुअल संवाद का अवसर मिलेगा।

## अग्रवाल समाज त्रिनगर ने किया पर्यावरण संरक्षण समिति का सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अग्रवाल समाज त्रिनगर द्वारा अपने 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण समिति (राष्ट्रीय) को पर्यावरण जागृति एवं संरक्षण हेतु क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ठ सामाजिक कार्यों पर सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रतीक अग्रवाल समाज के प्रधान अनिल बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम विलास बंसल तथा अग्रवाल समाज युवक संघ के अध्यक्ष मुकेश गर्ग द्वारा समिति को प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधान अनिल बंसल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित सेवाओं को देखते हुए समिति को आज यह सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण समिति के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष एवं पर्यावरणविद् डॉक्टर विनय कंसल ने कहा कि मैं हृदय की गहराइयों से अग्रवाल समाज त्रिनगर की सम्पूर्ण प्रबंध कार्यकारिणी का हार्दिक धन्यवाद करता हूं जिन्होंने आज समिति को सम्मानित करके समिति का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने कंसल को हार्दिक बधाई देते हुए पर्यावरण संरक्षण समिति (राष्ट्रीय) के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## कस्टम विभाग के तीन अधिकारियों पर घूसखोरी का मामला दर्ज

**नई दिल्ली:** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मिजोरम के चाम्फाई में तैनात रहे कस्टम विभाग के तीन अधिकारियों के खिलाफ रिश्वत लेने का मामला दर्ज किया है। इनमें एक रिटायर्ड एसपी रैंक का अधिकारी और दो इंस्पेक्टर शामिल हैं। तीनों के नाम तुआंजाखुप (तत्कालीन सुपरिंटेंडेंट, कस्टम प्रिवेंटिव फोर्स), मोहन सिंह (तत्कालीनइंस्पेक्टर, कस्टम प्रिवेंटिव फोर्स), साहिल कुमार सिन्हा (तत्कालीन इंस्पेक्टर, कस्टम प्रिवेंटिव फोर्स) हैं। सीबीआई ने बताया कि मामला गुवाहटी में तैनात केंद्रीय जीएसटी के आयुक्त की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया। शिकायत में बताया गया कि ये अधिकारी साल 2022-23 के दौरान सुपारी, सिगरेट जैसी तस्करी की गई चीजों को बिना किसी कागजी कार्रवाई के रोक लेते थे और फिर उन्हें छोड़ने के लिए रिश्वत मांगते थे। आरोप है कि अलग-अलग मौकों पर 35 लाख रुपये से ज्यादा की रिश्वत ली गई।

इसके अलावा, जांच में यह भी सामने आया कि जब्त किए गए माल में से 1.42 करोड़ रुपये से ज्यादा की कीमत का सामान गोदामों से गायब मिला। सीबीआई ने आरोपितों के घरों और ठिकानों पर अरुणाचल प्रदेश, असम, राजस्थान, बिहार और मणिपुर में छापे मारे हैं।



**घोंडा से विधायक अजय महावर के पूज्य पिताजी स्व. जगदीश प्रसाद महावर के श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल व अन्य।**

# कैम्स कॉन्वेंट स्कूल में ओलंपियाड पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कैम्स कॉन्वेंट स्कूल में ओलंपियाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 3 के अभिषेक, कक्षा 4 की तपस्या, कक्षा 8 की डिंपल तथा कक्षा 10 के नैतिक और आशीष को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

जिसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन खेमचंद सैनी रहे।

जिन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र हिमांशी, प्रभा पंत, संध्या सैनी, चंचल चौधरी एवं कीर्ति द्वारा प्रदान किए गए। उन्होंने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना की। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य, मधुर गीत और प्रेरणादायक नाटिका ने वातावरण को उत्साह से भर दिया। उपस्थित अभिभावक एवं अतिथिगण विद्यार्थियों की प्रतिभा देखकर भावविभोर हो गए और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया। पुरस्कार प्राप्त करते समय अभिषेक, तपस्या, डिंपल, नैतिक और आशीष के चेहरों पर आत्मविश्वास और खुशी झलक रही थी। यह समारोह न केवल सम्मान का अवसर था, बल्कि विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा को मंच प्रदान करने वाला यादगार आयोजन भी साबित हुआ।

# विद्यार्थियों ने निभाई शिक्षक की भूमिका

**सम्मान समारोह**

**खंड बराड़ा के अधोया और धनौरा गांवों में हुआ नवसाक्षर सम्मान समारोह**





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिले से निरक्षरता के अंधकार को समाप्त कर पूर्ण साक्षरता की ओर बढ़ने के संकल्प के साथ उल्लास कार्यक्रम को जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के नेतृत्व में और अधिक प्रभावी व गतिशील बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में खंड अंबाला-1 और खंड साहा के बाद अब खंड बराड़ा के दो विद्यालयों—राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनौरा—में उल्लास सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा रहे। इन विद्यालयों द्वारा उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया गया है, जिसमें विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।

संकुल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया में 476 निरक्षर व्यक्तियों का पंजीकरण किया गया, जिनमें से 219 को साक्षर बनाया जा चुका है। यहां 12 वालंटियर विद्यार्थी एवं 11 सर्वेयर शिक्षक सक्रिय रूप से कार्यरत रहे।

वहीं संकुल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनौरा में 286 निरक्षर पंजीकृत किए गए, जिनमें से 244 व्यक्ति साक्षर बन चुके हैं। इस विद्यालय में 14 वालंटियर विद्यार्थी एवं 10 सर्वेयर शिक्षक उल्लास कार्यक्रम में जुटे रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत दोनों विद्यालयों में दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। विद्यार्थियों ने जिला शिक्षा अधिकारी के स्वागत में गीत, नृत्य और रागिनी प्रस्तुत कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अंबाला सुधीर कालड़ा ने उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष योगदान देने वाले दोनों विद्यालयों के प्राचार्यों, वालंटियर विद्यार्थियों तथा सर्वे कार्य में लगे शिक्षकों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा विभाग का संकल्प है कि मार्च 2026 के बाद अंबाला जिले में कोई भी व्यक्ति निरक्षर न रहे और जिला पूर्ण रूप से साक्षर घोषित हो।

जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने जिले के सभी प्राचार्यों से अपील की कि वे अपने स्टाफ के माध्यम से सर्वे कर शेष निरक्षरों का उल्लास ऐप पर पंजीकरण करवाएं तथा विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों या पढ़े-लिखे परिजनों को वालंटियर टीचर के रूप में टैग कर नियमित पढ़ाई एवं परीक्षा में भागीदारी सुनिश्चित करें।

जिला उल्लास समन्वयक एवं जिला गणित विशेषज्ञ सुशील अरोड़ा ने जानकारी दी कि जिले में अब तक 21,707 निरक्षर व्यक्तियों का उल्लास पोर्टल पर पंजीकरण किया जा चुका है। इनमें से 16,548 ने एफएलएनएटी परीक्षा दी, जबकि 15,686 व्यक्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर साक्षर बन चुके हैं।

## एसडीएम अनिल कुमार ने स्थानीय दुकानदारों के साथ की बैठक, अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश



**इन्द्री, 5 फरवरी (मैनपाल कश्यप)**

एसडीएम अनिल कुमार ने आज अपने कार्यालय में मटक माजरी बाजार की मुख्य सडकों और बाजारों में दुकानों के आगे डाले गये शैड व अतिक्रमण को हटाने के लिए स्थानीय दुकानदारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में एसडीएम ने दुकानदारों से अपील की कि वे अपनी दुकानों के आगे डाले गये शैड व अतिक्रमण को रविवार तक स्वंय हटा लें। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि वे अपनी दुकानों से बाहर सामान न रखें ताकि यातायात में बाधा न आए। एसडीएम अनिल कुमार ने यह भी स्पष्ट किया कि पूरे शहर में अवैध अतिक्रमण को लेकर प्रशासन द्वारा अभियान चलाया गया है तथा बहुत से दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे बनाए गये शेड व अवैध अतिक्रमण को हटा लिया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि शहर को साफ-सुथरा व अतिक्रमण मुक्त बनाया जाए ताकि लोगों को स्वच्छ वातावरण और सुगम आवागमन उपलब्ध हो तथा लोगों को पार्किंग की सुविधा की उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि यदि दुकानदारों ने अतिक्रमण नहीं हटाया तो प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा।

**न्यूज फ्लैश**

## नौगावा में जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा ढाई एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी में चलाया तोड़ फोड़ अभियान



**नितिन सिंगला जगाधरी।**

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा नौगाव जागीर के राजस्व क्षेत्र में स्थित लगभग 2.5 एकड़ क्षेत्रफल वाली एक अनधिकृत कॉलोनी में पुलिस बल की सहायता से सफलतापूर्वक विध्वंस अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई हरियाणा अनियंत्रित विकास अधिनियम, 1975 के प्रावधानों के तहत की गई। राजेश कुमार डी.टी.पी, रवि दत्त एफ.आई.शेखर एक्सएन, यूएचबीवीएन, को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था और पुलिस बल के लिए एसएचओ प्रवर्तन ब्यूरो यमुना नगर और एसएचओ थाना बुरिया तैनात थे। इस अनधिकृत कॉलोनी में पूरे क्षेत्र में बनी कच्ची सड़कों, डीपीसी, भूखंडों के सीमांकन ब्लॉक, डीओसी और सड़क नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया है। जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश निम्मा ने भी मीडिया के माध्यम से जनता से अपील कि है कि वे अपनी मेहनत की कमाई को ऐसी अनधिकृत कॉलोनियों में निवेश न करें और किसी भी जानकारी के लिए जमीन प्लॉट खरीदने से पहले डीटीपी कार्यालय से संपर्क करें।

## विदेश भेजने के नाम पर 2.61 लाख की ठगी का आरोप, केस दर्ज

**रादौर, 5 फरवरी (कुलदीप सैनी) :** रादौर निवासी युवक ने विदेश भेजने का कार्य करने वाले अंबाला निवासी दो लोगों पर वर्क वीजा के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रादौर निवासी अमित कुमार सैनी ने बताया कि सोशल मीडिया पर उसने एक विज्ञापन देखा जिसमें वर्क वीजा पर विदेश भेजने की बात कहीं गई थी। इस विज्ञापन से फोन लेकर उसने उस कंपनी में फोन किया तो उन्होंने मिलने के लिए हमें अपने अंबाला कार्यालय में आने के लिए कहा। जहां उसकी मुलाकात राघव व उसके एक अन्य साथी से हुई। जिन्होंने मुझे वर्क वीजा पर आयरलैंड भेजने का भरोसा दिलाया। इसकी एवज में उन्होंने मेरे से साढ़े आठ लाख रुपए की डिमांड की। जिसमें से 55 हजार रुपए की राशि एडवांस देने को कहा गया। लेकिन आरोपितों ने आयरलैंड भेजने का भरोसा दिलाकर वीजा, फाइल और अन्य औपचारिकताओं के नाम पर अलग-अलग तारीखों में पीड़ित से कुल 2 लाख 61 हजार रुपये ले लिए। पीड़ित ने आरोपी के कहने पर बैंक ट्रांसफर व नकद भुगतान किया और अपने दस्तावेज भी सौंप दिए। आरोप है कि मेडिकल प्रक्रिया के नाम पर भी रुपये लिए गए, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी न तो वीजा लगा और न ही विदेश भेजा गया। आरोप है कि जब पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने टालमटोल शुरू कर दी और बाद में जान से मारने की धमकियां भी दीं।

## गुरु रविदास जयंती पर 8 फरवरी को होगी जिला स्तरीय शोभायात्रा - धर्म सिंह पिंकी

**रादौर, 5 फरवरी (कुलदीप सैनी) :** गुरु रविदास जयंती पर 8 फरवरी को जिला स्तरीय शोभायात्रा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में श्री गुरु रविदास मंदिर सभा की ओर से रविवार 8 फरवरी को सुबह 10 बजे कपाल मोचन, बिलासपुर में जिला स्तरीय विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

## डॉ. महा सिंह पूनिया रहेंगे आईएमसीएमटी के निदेशक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार हिंदी विभाग, इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज के प्रोफेसर डॉ. महा सिंह पूनिया के इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी (आईएमसीएमटी) के निदेशक पद का कार्यकाल 5 फरवरी से आगामी एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया है। यह दायित्व वे अपने नियमित शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों के अतिरिक्त निभाएंगे।

आईएमसीएमटी निदेशक प्रो. महा सिंह पूनिया ने उन्हें पुनः यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे कुलगुरु द्वारा जताए गए विश्वास पर खरा उतरते हुए संस्थान के शैक्षणिक विकास, मीडिया प्रशिक्षण एवं नवाचार को नई दिशा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## आईएमटी को लेकर अधिकारियों व किसानों के साथ ली बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/नारायणगढ:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने एसडीएम कार्यालय नारायणगढ के कॉन्फ्रेंस हॉल में नारायणगढ में प्रस्तावित इन्डस्ट्रियल मॉडर्न टाउनषिप (आईएमटी) को लेकर सम्बधिंत विभाग के अधिकारियों व किसानों के साथ एक बैठक ली। इस बैठक में एसडीएम षिवजीत भारती, चीफ कोर्डिनेटर इन्डस्ट्रीज एवं एचओडी (स्टेट) सुनिल शर्मा, मैनेजर नितिन सचदेवा, कार्यकारी अभियन्ता बलदेव सिंह व अन्य मौजूद रहें।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बैठक के दौरान आईएमटी को लेकर सम्बधिंत विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ किसानों के साथ विस्तार से बातचीत की। बैठक में सैकडों किसानों ने बढचढ कर भाग लिया तथा कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए आईएमटी बेहद जरूरी है। उपायुक्त ने भी कहा कि सभी के बेहतर समन्वय के साथ ही आईएमटी के कार्य की प्रक्रिया को आगे बढाया जाएगा। एचएसआईडीसी से आए अधिकारियों ने आईएमटी की रूप रेखा बारे जानकारी दी। यहां बता दें कि सम्बधिंत ने बताया कि नारायणगढ में प्रस्तावित आईएमटी के लिए लगभग 3 हजार एकड भूमि की आवष्यकता होगी। यह आईएमटी गांव चेची माजरा, डेरा, हमीदपुर व टौका में प्रस्तावित है। आईएमटी की स्थापना से औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। इससे नारायणगढ, अम्बाला के साथ-साथ एक बडें औद्योगिक केन्द्र के रूप में विकसित हो सकेगा। चीफ कोर्डिनेटर इन्डस्ट्रीज एवं एचओडी (स्टेट) सुनिल शर्मा ने बताया कि सरकार का उददेष्य क्षेत्र में औद्योगिक विकास को आकर्षित करना है और बडे औद्योगिक क्षेत्र के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है। उन्होंनें किसानों को आईएमटी परियोजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस आईएमटी की स्थापना होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें और क्षेत्र का समग्र विकास होगा। उन्होंनें इस मौके पर ई-भूमि पोर्टल, एचएसआईडीसी के माध्यम से भूमि खरीद प्रक्रिया तथा किसानों की रजामंदी से जमीन लेने की निति के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।

## शहीद ऊधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति एवं एचआईवी जागरूकता परामर्श सत्र आयोजित



**इंद्री (मैनपाल कश्यप)** शहीद ऊधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, मटक माजरी, इन्द्री में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति और एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता एवं काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन नशा जागरूकता प्रकोष्ठ की संयोजक प्रो. पूजा तथा रेड क्रॉस एवं रेड रिबन क्लब के संयोजक डॉ. रणबीर सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जिला नागरिक अस्पताल, करनाल से डॉ. हर्ष कुमार, डॉ. अजय तथा नारकोटिक्स विभाग से विजय कुमार और कर्मबीर सहित उनकी टीम ने महाविद्यालय का दौरा किया। डॉ. हर्ष कुमार ने वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति का समय पर परामर्श, उपचार और पारिवारिक सहयोग के माध्यम से पुनर्वास संभव है। साथ ही उन्होंने समाज से नशे की प्रवृत्ति को समाप्त करने के लिए सामूहिक जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया।

डॉ. अजय ने एचआईवी/एड्स के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## रैड क्रॉस ट्रेनिंग कैंप में आरटीए सुशील कुमार ने दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला रैड क्रॉस सोसाइटी अम्बाला द्वारा आयोजित जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस ट्रेंनिंग कैंप के तीसरे दिन सुशील कुमार एसीएस, सेक्रेटरी आरटीए अंबाला ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने का संदेश दिया ।उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। कार चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूरी है । यह नियम आपके जीवन व यात्रा को सुरक्षित बनता है।

## युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के परियोजना अधिकारी विनित कादियान ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत बीट्स मोहाना में आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय गहन आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरूवार को समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा की स्थिति में समुदाय स्तर पर पहले उत्तरदाताओं के रूप में सक्षम युवाओं को तैयार करना था।

**सक्षम युवा**

**इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा की स्थिति में समुदाय स्तर पर पहले उत्तरदाताओं के रूप में सक्षम युवाओं को तैयार करना था।**

उन्होंने बताया कि इस सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान युवाओं को आपदा के तुरंत बाद उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक तकनीकी, शारीरिक और मानसिक कौशल प्रदान किए गए। प्रशिक्षण हरियाणा राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), जिला अग्निशमन विभाग, रेडक्रॉस, स्वास्थ्य विभाग, होम गार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की विशेषज्ञ टीमों द्वारा व्यावहारिक और पेशेवर तरीके से संपन्न कराया गया।

परियोजना अधिकारी ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपदाएं भले ही अचानक आती हों, लेकिन प्रभावी तैयारी से जनहानि को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवा आपदा मित्र आपदा की स्थिति में घटना स्थल पर सबसे पहले पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने में सक्षम होंगे और पेशेवर सहायता के पहुंचने तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह कार्यक्रम आपदा-प्रतिरोधी समाज के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम है।

## साइबर क्राइम से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है जागरूकता : गीता चोपड़ा



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत, 05 फरवरी।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में सीबीएसई के सौजन्य से 'साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी ' विषय पर इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया ,जिसमें विद्यालय के 54 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन अमित दहिया के साथ दीप प्रज्वलित कर इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ किया। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि डिजिटल युग में हमारी जिंदगी इंटरनेट से पूरी तरह जुड़ चुकी है। ऑनलाइन बैंकिंग, शॉपिंग, सोशल मीडिया और डिजिटल पेमेंट ने लोगों का काम आसान बना दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही साइबर अपराधियों ने भी अपनी जड़ें गहरी कर ली हैं। इससे बचने के लिए समाज में जागरूकता लाना ही एकमात्र विकल्प है। इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम में शिक्षकों को साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में अवगत कराया गया। शिक्षक अब इन सभी पहलुओं को बच्चों के माध्यम से समाज तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि साइबर क्राइम इंटरनेट, मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से किया जाता है। इसमें डाटा चोरी, पहचान की नकली कॉपी बनाना, अकाउंट हैक करना या लोगों को झूठे वादों से फंसाकर ऑनलाइन ठगी करना शामिल है। साइबर अपराधी यूजर्स की डिजिटल पहचान, बैंक डिटेल या पर्सनल फोटो तक हैक कर लेते हैं और ब्लैकमेल या फ्रॉड के लिए इस्तेमाल करते हैं। वे फिशिंग ईमेल, फेक कस्टमर केयर नंबर और फर्जी वेबसाइट्स के जरिए लोगों को निशाना बना रहे हैं। मतलब थोड़ी सी लापरवाही भी आपकी मेहनत की कमाई को खतरे में डाल सकती है।

## हाईवे पर रास्ता मिलने तक जारी रहेगा किसानों का धरना - रतनमान



**रादौर, 5 फरवरी (कुलदीप सैनी) :** उपमंडल के पोटली गांव में निमार्णाधीन अम्बाला-शामली हाईवे पर रास्ते की मांग को लेकर पिछले पांच महीनों से जारी किसानों के धरने पर वीरवार को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान पहुंचे। उन्होंने धरना स्थल पर मौजूद किसानों से मुलाकात कर उनके संघर्ष की सराहना की और आंदोलन को मजबूती से जारी रखने का आह्वान किया। इस मौके पर बीकेयू प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने कहा कि किसानों को उनका हक मिले बिना धरना समाप्त नहीं होगा। उन्होंने आंदोलन को शांतिपूर्ण और अनुशासित बताते हुए कहा कि किसान अपने अधिकारों की लड़ाई से पीछे नहीं हटेंगे। मान ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद कृषि मंत्री को समाधान के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक न तो कोई ठोस पहल हुई है और न ही किसानों से कोई संतोषजनक वार्ता की गई है।

इस मौके पर बीकेयू जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर, सतपाल सैनी, रोशन लाल सैनी, निरंजन सिंह, बलजीत सिंह, यशपाल, जगदीश, जागीर सिंह, विशाल आदि किसान मौजूद रहे।

## आज होगी सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक



**रादौर, 5 फरवरी (कुलदीप सैनी)** : सत्यार्थ ग्रुप ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक शुक्रवार 6 फरवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाएगी। बैठक का संचालन राष्ट्रीय मुख्यालय सत्यार्थ भवन, रादौर से किया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ समाजसेवी एवं नेशनल चीफ एडवाइजर चन्द्र किरण वर्मा करेंगे। इसमें हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, राजस्थान व चंडीगढ़ सहित विभिन्न राज्यों के राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारी भाग लेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष गोल्ड मेडलिस्ट आर्य रत्न डॉ. सौरभ आर्य ने बताया कि 11वें सत्यार्थ अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय महासम्मेलन 2026 के सफल आयोजन के बाद ह्लसत्यार्थ संवादह्व लाइव सेशन शो का शुभारंभ किया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की ख्यातिलब्ध हस्तियों की सहभागिता रहेगी।

## खरखौदा सचिवालय में पटवारियों का 'हल्ला बोल', एसडीएम और नायब तहसीलदार पर संगीन आरोप



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

हरियाणा के जिला सोनीपत के खरखौदा उपमंडल सचिवालय में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब बड़ी संख्या में पटवारियों ने कामकाज ठप कर सचिवालय परिसर में ही धरना प्रदर्शन के साथ नारेबाजी भी शुरू कर दिया। यह विरोध प्रदर्शन खरखौदा के एसडीएम निर्मल नागर और नायब तहसीलदार अचिन के खिलाफ किया जा रहा है। पटवारियों का आरोप है कि उच्च अधिकारियों द्वारा उनके साथ न केवल गाली-गलौज की जा रही है, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से इस कदर प्रताड़ित किया जा रहा है। धरने पर बैठे पटवारियों ने यह भी आरोप लगाया कि बुधवार को एसडीएम कार्यालय में एक पटवारी को बुलाकर उसके साथी के साथ अधिकारियों द्वारा अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की गई। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि जिस पटवारी के साथ यह घटना घटी, वह इस अपमान से इतना आहत था कि वह पूरी रात रोता रहा। पटवारियों ने भावुक होते हुए कहा, "हम फील्ड में दिन-रात काम करते हैं, लेकिन अधिकारी हमें इंसान नहीं समझते। किसी बात पर स्पष्टीकरण चाहिए तो उसका एक संवैधानिक तरीका होता है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group


## पर्यटन और एडवेंचर स्पोर्ट्स से युवाओं को मिल रहे रोजगार के अवसर: मुख्यमंत्री साय

टीम एक्शन इंडिया
रायपुरः मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज अलग अंदाज में नजर आए और उन्होंने 10 रूपए का टिकट कटाकर जिले के लोकप्रिय पर्यटन स्थल मयाली नेचर कैंप में साहसिक खेल गतिविधियों का आनंद लिया और कई नए एडवेंचर स्पोर्ट्स की औपचारिक शुरूआत भी की। मुख्यमंत्री ने प्रवेश शुल्क अदा कर नेचर कैंप में प्रवेश करते हुए आम नागरिकों को नियमों के पालन और समानता का एक सशक्त संदेश दिया।
इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय, विधायक श्रीमती गोमती साय, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह, पर्यटन विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस दौरान नेचर कैंप में विकसित अधोसंरचनाओं, सुरक्षा व्यवस्था, पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा स्थानीय



युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रकृति-आधारित पर्यटन एवं साहसिक गतिविधियां न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देती हैं, बल्कि स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित करती हैं।

**एडवेंचर**

**मुख्यमंत्री ने 10 रूपए की टिकट कटाकर मयाली नेचर कैंप में लिया एडवेंचर स्पोर्ट्स का आनंद**

***मुख्यमंत्री ने 4 नए एडवेंचर स्पोर्ट्स का किया शुभारंभ**
मुख्यमंत्री श्री साय ने मयाली नेचर कैंप में संचालित स्पोर्ट्स मोटर बाइक (एटीवी) को स्वयं चलाकर साहसिक पर्यटन का आनंद लिया। इसके साथ ही उन्होंने बंदूक से सटीक निशाना साधते हुए बैलून शूटिंग का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने आर्चरी शूटिंग में तीर चलाकर निशाना साधा और इस खेल की भी शुरूआत की। साथ ही उन्होंने माउंटेन साइक्लिंग का शुभारंभ करते हुए स्वयं साइकिल चलाकर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।

## मध्य प्रदेश अब पर्यटन और रोजगार का नया ग्रोथ इंजन : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**सांस्कृतिक लोक**

**मध्य प्रदेश में 900 करोड़ की लागत से बन रहे हैं 20 धार्मिक और सांस्कृतिक लोक**



**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शंखनाद उज्जैन में 'श्री महाकाल लोक' के लोकार्पण के साथ किया था, वह यात्रा अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एक विराट जन-अभियान का रूप ले चुकी है। प्रदेश की पावन धरा पर लगभग 900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 20 'लोकों' का निर्माण किया जा रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी गौरवशाली परंपराओं का जीवंत साक्ष्य बनेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकास भी, विरासत भी' के कालजयी मंत्र को ध्येय वाक्य मानकर मध्य प्रदेश अपनी सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने की दिशा में एक ऐतिहासिक पथ पर अग्रसर है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक वैभव की इस अविरल यात्रा में वर्तमान में 580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 17 महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक लोक पर तीव्र गति से कार्य संचालित है। उन्होंने बताया कि सागर में 'संत रविदास लोक' 101 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है। यह हमारी सामाजिक समरसता का प्रतीक है। सीहोर जिले के सलकनपुर में 'देवी लोक' और ओरछा में 'श्रीरामराजा लोक' जैसे भव्य प्रकल्प अपनी पूर्णता के करीब हैं। सरकार की संकल्प शक्ति का ही परिणाम है कि मंदसौर में 'भगवान पशुपतिनाथ लोक परिसर' का कार्य पूर्ण कर उसे जनता को समर्पित किया जा चुका है। साथ ही भोपाल में 'वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप लोक', जानापाव में 'भगवान परशुराम लोक' और महेश्वर में 'देवी अहिल्या संग्रहालय' जैसे प्रकल्पों ने पूर्ण होकर प्रदेश के सांस्कृतिक मानचित्र को और अधिक समृद्ध किया है।मुख्यमंत्री ने बताया कि जन-आस्था का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने 315 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से भविष्य में तीन नए लोक और दो अन्य लोक के द्वितीय चरण को भी मूर्त रूप दिया जायेगा। 'श्री महाकाल लोक' की भव्यता को प्रेरणा मानकर अब ओंकारेश्वर में 'ममलेश्वर लोक' का निर्माण, बैतूल में ताप्ती उद्गम स्थल में 'ताप्ती लोक' और मैहर में 'माँ शारदा लोक' का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। महेश्वर में 110 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला 'देवी अहिल्या लोक' और अमरकंटक में 'माँ नर्मदा लोक' के द्वितीय चरण का निर्माण सनातन संस्कृति के प्रति अटूट श्रद्धा का परिचायक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में निर्मित हो रहे धार्मिक और सांस्कृतिक 'लोक' केवल पत्थर और ईंटों के निर्माण मात्र नहीं हैं, अपितु ये मध्य प्रदेश के विकास के नए 'ग्रोथ इंजन' सिद्ध होंगे। प्रधानमंत्री मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के विजन को आत्मसात करते हुए ये स्थल पर्यटन के वैश्विक केंद्रों के रूप में उभरेंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अभूतपूर्व अवसर सृजित होंगे। हस्त शिल्पियों से लेकर सेवा क्षेत्र तक, इन लोकों का विकास हर वर्ग के लिए आर्थिक समृद्धि का नया द्वार खोलेगा।

## जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव और एग्रीटेक कृषि मेला 2026 की तैयारियां तेज

**अवलोकन**

**निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ऐतिहासिक विष्णु मंदिर परिसर का भी अवलोकन किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**जांजगीर-चांपा।** जिले में 11, 12 एवं 13 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2026 की तैयारियां चल रही हैं। आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज गुरुवार को शासकीय हाई स्कूल मैदान, जांजगीर का स्थल निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ऐतिहासिक विष्णु मंदिर परिसर का भी अवलोकन किया और मंदिर परिसर में आकर्षक लाइटिंग एवं साज-सज्जा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि महोत्सव की सांस्कृतिक और धार्मिक गरिमा को और अधिक भव्य स्वरूप मिल सके। कलेक्टर श्री महोबे ने स्पष्ट निर्देश दिए कि महोत्सव स्थल पर विभिन्न विभागों एवं निजी संस्थाओं द्वारा लगाए जाने वाले स्टॉल किसानों की आवश्यकता और हितों को केंद्र में रखकर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि कृषि आधारित योजनाओं, आधुनिक तकनीकों, उन्नत बीज, उर्वरक, जैविक खेती, पशुपालन एवं उद्यानिकी से जुड़ी विस्तृत जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने किसानों को नई कृषि तकनीक, आधुनिक कृषि यंत्र, ड्रोन तकनीक, सिंचाई नवाचार एवं उन्नत बीजों की जानकारी देने पर विशेष जोर दिया, जिससे किसान आधुनिक खेती की ओर प्रेरित हो सकें और उनकी आय में वृद्धि हो।
इसके साथ ही कलेक्टर ने मंच एवं स्टॉल व्यवस्था, साउंड सिस्टम, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, पार्किंग, यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, शौचालय, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विस्तार से निर्देश दिए।

## बजट सत्र के दौरान नीतीश-तेजस्वी में हुई नोक-झोंक



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** बिहार विधानसभा में गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान गुरुवार को बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को आड़े हाथों लिया। उनके बोलने के दौरान विपक्ष के बार बार के टोका टोकी पर नीतीश ने तेजस्वी यादव को कहा, अरे तुम बच्चा है। तुम्हारा बाप मेरे समय का ना है। बैठो बैठो। अरे उसकी शादी भी बाद में हुआ था। चलो बैठो हल्ला मत करो। मुख्यमंत्री ने चर्चा के दौरान तेजस्वी यादव की ओर इशारा करते हुए कहा कि इसको हम ही ने मौका दिया था। उस समय इधर-उधर नहीं करता था, लेकिन पैसा कमाने लगा। 2024 और 2025 के बजट में बिहार के लिए की गई घोषणा का मुख्यमंत्री ने जिक्र किया और कहा कि इसके लिए प्रधानमंत्री

**आड़े हाथ**

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को आड़े हाथों लिया**

मोदी का हम नमन करते हैं। तेजस्वी यादव के टोका-टोकी करने पर नीतीश कुमार ने कहा तुम अभी बच्चा हो, तुम्हारा बाप मेरे साथ काम करता था। नीतीश कुमार ने विपक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा कि हम लोग काम कर रहे हैं तो सबका फायदा होगा, आप लोग का फायदा नहीं होगा क्या? मुख्यमंत्री ने धन्यवाद प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास कराने का अनुरोध किया।
राज्यपाल के अभिभाषण का धन्यवाद प्रस्ताव विधानसभा से पास हो गया है।

## छत्तीसगढ़ के अत्याधुनिक स्पोर्ट्स रिहैबिलिटेशन सेंटर का उपमुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर को खेल जगत में एक बड़ी सौगात मिली है। राज्य का एकमात्र अत्याधुनिक स्पोर्ट्स परफॉरमेंस एवं रिहैबिलिटेशन सेंटर अब बिलासपुर में शुरू हो गया है। इस नवनिर्मित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्थित इस सेंटर का भव्य शुभारंभ उप मुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में आज गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में विधायक सर्व धर्मजीत सिंह, धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरूण साव ने कहा कि इस सेंटर की आवश्यकता और उपयोगिता से खिलाडियों को काफी लाभ मिलेगा। ये खेल और खिलाड़ियों के लिए काफी लाभकारी होगा। अपने शारीरिक क्षमता को समझे बिना किसी खेल में सफलता नहीं मिलती। यह सेंटर खिलाड़ियों को मदद करने का काम करेगा। ये जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। यह आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, डॉक्टरों की टीम एवं सभी सुविधाएं यहां खिलाड़ियों को मिलेगी। अवीक स्पोर्ट्स खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य के लिए मददगार होगा।

**खिलाड़ियों को समर्पित अविक स्पोर्ट्स हेल्थ एंड फिटनेस-**



अविक स्पोर्ट्स हेल्थ एंड फिटनेस कई वर्षों से खिलाड़ियों के परफॉरमेंस एनहांसमेंट और रिहैबिलिटेशन के क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। डॉ. अविनाश जायसवाल के कुशल मार्गदर्शन में यह संस्थान अब तक सैकड़ों खिलाड़ियों को खेल चोटों से उबरने और बेहतर प्रदर्शन की दिशा में निरंतर सहयोग देता आ रहा है। अब अविक स्पोर्ट्स नए स्थान, आधुनिक साज-सज्जा और अत्याधुनिक खेल विज्ञान आधारित तकनीकों के साथ एक नई शुरूआत करने जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

**सुविधाएं**

**जिम ट्रेनिंग, व्यक्तिगत डाइट प्लान, न्यूट्रिशन सपोर्ट, ट्रीटमेंट जैसी सभी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी**

**वैज्ञानिक तकनीक से चोटों की पहचान और संपूर्ण उपचार-**
इस स्पोर्ट्स परफॉरमेंस लैब की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां खिलाड़ियों को होने वाली चोटों की वैज्ञानिक तकनीकों से सटीक पहचान की जाती है और जड़ से उपचार कर खिलाड़ी को पूरी तरह रेडी टू प्ले बनाया जाता है।
यहां खिलाड़ियों को जिम ट्रेनिंग, व्यक्तिगत डाइट प्लान, न्यूट्रिशन सपोर्ट, इंजरी प्रिवेंशन, साइंटिफिक ट्रीटमेंट और रिहैबिलिटेशन जैसी सभी अत्याधुनिक सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी।

## सैनिक कल्याण मंत्री ने सैन्य धाम के निर्माण कार्यों की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को अपने शासकीय आवास पर सैन्य धाम के अंतिम चरणों में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से शीघ्र पूर्ण किए जाएं। मंत्री गणेश जोशी ने सचिव सैनिक कल्याण और विभागीय अधिकारियों के साथ सैन्य धाम के लोकार्पण की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि निर्माण को रोकने के संबंध में पूर्व



में दायर जनहित याचिका (पीआईएल) को उच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया है और न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जिस भूमि पर निर्माण हो रहा है, वह वन भूमि की श्रेणी में नहीं आती।

## पूरा देश जानता है जंगलराज का युवराज कौन है: विजय सिन्हा

**साधा निशाना**


**हम तेजस्वी यादव के दुख को समझते हैं, इसलिए उन्हें बैठकर बोलने के लिए कहा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** बिहार विधानसभा में बजट सत्र के दौरान गुरुवार को सदन में उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हम तेजस्वी यादव के दुख को समझते हैं, इसलिए उन्हें बैठकर बोलने के लिए कहा। तेजस्वी कह रहे थे कि गलत हुआ, लेकिन गलत करने का ठेका तो इन लोगों के पास है। पूरा देश जानता है जंगलराज का युवराज कौन है। लोकतंत्र को परिवारतंत्र बनाने वाले और जानवरों का चारा चुराने वाले उपदेश ना दें। विजय सिन्हा ने तेजस्वी पर व्यक्तिगत हमला करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष को पहले अपने घर की बेटियों की इज्जत करना सीखनी चाहिए और बिहार की चिंता छोड़ देनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य की जिम्मेदारी के लिए डबल इंजन की सरकार जिम्मेदार है। उनके इस बयान ने सदन में राजनीतिक गर्माहट बढ़ा दी और विपक्षी दलों के सदस्य तीखी प्रतिक्रिया देने लगे। इस पर राजद के विधायक भाई वीरेंद्र ने सिन्हा की बातों पर टोकना शुरू कर दिया। वीरेंद्र ने कहा कि यह अस्वीकार्य है और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को लेकर कुछ गलत शब्दों का जिक्र किया उसके बाद दोनों नेताओं के बीच तकरार बढ़ गई, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया
सदन की कार्यवाही को नियंत्रित करने के लिए स्पीकर ने तुरंत हस्तक्षेप किया और दोनों पक्षों से शांत रहने की अपील की। स्पीकर ने कहा कि सदन में सभी नेताओं को सम्मानपूर्वक अपनी बात रखने का अधिकार है।

## भोपाल में छात्राओं पर कटर से हमला करने वाला 'साइको मैन' गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी राजधानी भोपाल में छात्राओं पर कटर से हमला कर दहशत फैलाने वाला साइको मैन आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी को बुधवार देर रात पुलिस ने छोला इलाके में घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान देवेंद्र अहिरवार के रूप में हुई है, जो सागर जिले का रहने वाला है। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि पत्नी से हुए विवाद के बाद आरोपी ने गुस्से में आकर एक के बाद एक तीन छात्राओं पर हमला




किया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच, अयोध्या नगर और पिपलानी थाने की कुल 5 टीमें लगाई गई थीं। इस ऑपरेशन में 100 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस ने शहर के आपराधिक प्रवृत्ति वालों का डेटा खंगाला और पुराने ब्लेड व छेड़छाड़ के मामलों के संदिग्धों से भी पूछताछ की।

**100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी तक पहुंची पुलिस**
पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपी की पहचान की। जांच में पता चला कि देवेंद्र अहिरवार भोपाल में मजदूरी करता है और शराब पीने का आदी है। वारदात के समय वह चेहरा रूमाल से ढकता, सिर पर टोपी पहनता और काली बाइक का इस्तेमाल करता था ताकि पहचान न हो सके।

**काबू**

**वह चेहरा रूमाल से ढकता, सिर पर टोपी पहनता और काली बाइक का इस्तेमाल करता था ताकि पहचान न हो सके**

**बाइक पर घूमकर तीन छात्राओं को बनाया निशाना**
बीती 29 जनवरी की रात पत्नी से विवाद के बाद आरोपी बाइक लेकर घर से निकला। वह भानपुर ब्रिज के रास्ते अयोध्या नगर और पिपलानी इलाके में पहुंचा। यहां सुनसान और अंधेरी जगहों को चुनकर उसने तीन छात्राओं पर कटर से हमला किया।
दो छात्राओं को गंभीर चोटें आईं, जबकि एक को मामूली चोट लगी। 30 जनवरी को पीड़िताओं की शिकायत पर अयोध्या नगर और पिपलानी थानों में अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई।

## उत्तरायणी कैथिक महोत्सव 2026 का शुभारंभ, संस्कृति से समृद्धि

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** सेवा संकल्प फाउंडेशन की ओर से परेड ग्राउंड पर आयोजित उत्तरायणी कैथिक महोत्सव का गुरुवार को भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन फाउंडेशन की संयोजक और ट्रस्टी गीता धामी ने करते हुए कहा कि महोत्सव प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। महोत्व का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण और शंखनाद के साथ हुआ, जिसने पूरे परिसर में पारंपरिक और आध्यात्मिक माहौल



का संचार किया। इसके बाद निकाली गई शोभा,कलश यात्रा में उत्तराखंड की लोक संस्कृति और पारंपरिक वेशभूषा की झलक देखने को मिली। यात्रा लैंसडाउन चौक से शुरू होकर दर्शन लाल चौक, घंटाघर, गांधी पार्क और कनक चौक होते हुए परेड ग्राउंड पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में छोलिया, जौनसारी, कुमाऊनी, गोखार्ली और पंजाबी लोक नृत्यों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।